राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 17 सितम्बर 2025
वर्ष 06, अंक 340, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बिजली कटौती और भारी बिल के खिलाफ किसानों ने किया धरना प्रदर्शन...03

संदिग्ध ऑटो, ई रिक्शा चालकों पर पुलिस की टेढी नजर ....12

## पाकिस्तान के 'डार्लिंग'...राहुल गांधी के कायल हुए अफरीदी तो भड़के रिजिजू, बोले- बन सकते हैं PAK के नेता

**● पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी के कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ करते हुए उन्हें पॉजिटिव माइंडसेट वाला शख्स बताया. वहीं अफरीदी ने मोदी सरकार की आलोचना की है. इस पर बीजेपी नेता किरेनरिजिजू ने कहा कि अफरीदी और पाकिस्तानी लोग राहुल गांधी को अपना नेता बना सकते हैं'**

भारत ने एशिया कप के एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को साथ विकेट से करारी शिकस्त दी. साथ ही मैच खत्म होने के बाद टीम इंडिया ने पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया. जिससे पाकिस्तान तिलमिला गया है. इस पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी का बयान आया है. जिसमें उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ की तो वहीं मोदी सरकार पर तीखा हमला किया है।

शाहिद अफरीदी के इस बयान पर बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. सबसे पहले आपको बताते हैं कि आखिर अफरीदी ने क्या कहा था. दरअसल पाकिस्तानी टीवी चैनल पर अफरीदी ने कहा कि भारत, अगला इजराइल बनने की कोशिश कर रहा है. उन्होंने मोदी सरकार पर हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलने का आरोप लगाया. चैनल में एक लाइव शो के दौरान अफरीदी भारतीय सरकार और उनकी नीतियों को कोसते नजर आ रहे हैं।

**'राहुल गांधी बहुत पॉजिटिव माइंडसेट का आदमी है'**

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में पूर्व क्रिकेटर ने कहा ' ये बहुत ही गंदा किस्म का माइंडसेट है. ये तब तक रहेगा जब इनके यहां ऐसे नेता है. फरीदी ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता हासिल करने के लिए हिंदू-मुस्लिम कार्ड खेलती रहती है इनके बाकी नेता अच्छे हैं. राहुल गांधी बहुत पॉजिटिव माइंडसेट का आदमी है. वो बातचीत के जरिए हर किसी के साथ चलना चाहता है. लेकिन दोगले लोग.. कमऑन यार, एक इजरायल काफी नहीं था कि तुम यहां पर इजराइल बनने की कोशिश कर रहे हो।

**किरण रिजिजू का राहुल गांधी पर तंज**

ऐसे में बीजेपी भला इस मुद्दे को भुनाने में कैसी चूकती. बीजेपी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा है. केंद्रीय मंत्री किरेनरिजिजू ने सोशल मीडिया पर अफरीदी का वीडियो शेयर करते हुए राहुल पर तंज किया है. उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रिय रहे हैं!. शाहिद अफरीदी और पाकिस्तानी लोग राहुल गांधी को अपना नेता बना सकते हैं।

वहीं बीजेपी के आईटी सेल हेड अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा 'कट्टर हिंदू नफरती शाहिद अफरीदी, जो भारत के खिलाफ जहर उगलने और कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने का सपना देखने का कोई मौका नहीं छोड़ते, अचानक राहुल गांधी की तारीफों के पुल बांध रहे हैं'।



**'भारत-द्वेषी राहुल गांधी में अपना दोस्त ढूंढ लेता है'**

मालवीय ने आगे कहा 'अफरीदी कहते हैं कि राहुल पाकिस्तान के साथ बातचीत चाहते हैं जबकि पाकिस्तान के प्रति भारत की नीति की तुलना गाजा में इजराइल की कार्रवाई से करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हैं. ऐसा क्यों है कि हर भारत-द्वेषी राहुल गांधी में अपना दोस्त ढूंढ लेता है?. जब भारत के दुश्मन आपकी जय-जयकार करने लगें तो भारत की जनता को पता चल जाता है कि आपकी वफादारी किसकी है।

**शहजाद पूनावाला ने साधा निशाना**

इसके साथ ही बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया पर कहा 'हाफिज सईद के बाद अब शाहिद अफरीदी (आतंकवाद समर्थक और भारत विरोधी) राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैंज हैरानी नहीं! भारत से नफरत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक साथी मिल जाता है।

उन्होंने आगे कहा 'सोरोस से लेकर शाहिद तकज्कांग्रेस = इस्लामाबाद राष्ट्रीय कांग्रेस. कांग्रेस का पाक याराना बहुत पुराना है. धारा 370 से लेकर सर्जिकल स्ट्राइक और 26/11, पुलवामा और पहलगाम पर क्लीन चिट तक- कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान की ही बात दोहराती है।

**ICC ने PCB की मांग की खारिज**

अफरीदी ने दावा किया कि भारतीय खिलाड़ियों को ऊपर से आदेश दिए गए थे कि वे हाथ न मिलाएं। उन्होंने भारतीय टीम की खेल भावना पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ICC के रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की PCB की मांग का भी समर्थन किया और कहा कि पाकिस्तान का रुख सही था।

लेकिन, ICC ने PCB की मांग खारिज कर दी और साफ कर दिया कि पाइक्रॉफ्ट एशिया कप में रेफरी बने रहेंगे। इस तरह पाकिस्तान का 'विक्टिम कार्ड' खेलने का प्रयास नाकाम हो गया।

## यूपी के 2.5 लाख शिक्षकों के साथ खड़े हुए CM योगी; TET मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर करेंगे रिव्यू पीटिशन

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के लिए TET अनिवार्य करने के आदेश दिए थे. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद TET की टेंशन में यूपी के 2 शिक्षक अपनी जान दे चुके हैं. एक सप्ताह के भीतर महोबा और हमीरपुर में 2 शिक्षकों ने आत्महत्या कर ली थी।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ सीएम योगी आदित्यनाथ प्रदेश के करीब ढाई लाख टीचरों के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं. उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में आदेश के खिलाफ रिवीजन पीटीशन दाखिल करने के निर्देश दिए हैं. इस संदर्भ में मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ङ्ग पर पोस्ट भी किया है. इससे पहले उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के सैकड़ों शिक्षकों ने जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा था। जिसमें सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश का विरोध जताते हुए शिक्षकों के लिए टीईटी को अनिवार्य करने के मामले में रिट पीटीशन डालने की मांग की गई थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ङ्ग पर लिखा है, बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश पर रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया गया है. प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार की तरफ से उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है. ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है।



शिक्षक नेता सुरेश जयसवाल का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से उत्तर प्रदेश के लगभग ढाई लाख शिक्षक परिवारों के सामने रोजगार का संकट पैदा हो गया है. वह मानसिक तनाव में हैं, जिससे शिक्षा विभाग की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है. साथ ही टेट के अचानक लागू होने से विभाग की छवि पर भी प्रश्न चिह्न लग रहा है।

क्या है सुप्रीम कोर्ट का आदेश- एक सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा एक से 8वीं तक के बच्चों को पढ़ाने वाले सभी सरकारी-प्राइवेट शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया था. जिन शिक्षकों के रिटायरमेंट में 5 साल से अधिक का समय है, उन्हें भी यह परीक्षा पास करनी होगी. जबकि, जिनकी सेवा के केवल 5 साल बचे हैं, उनके ऊपर इस आदेश का फर्क नहीं पड़ेगा. परीक्षा पास न करने वाले शिक्षकों को नौकरी छोड़नी पड़ेगी. ऐसा न करने पर उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया जाएगा।

क्या है TET- टीईटी को शिक्षक पात्रता परीक्षा कहा जाता है. कक्षा एक से 8 तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए इसे प्राथमिक योग्यता का पैमाना माना जाता है. यह परीक्षा स्टेट लेवल पर कराई जाती है. इसे साल में एक या दो बार कराया जाता है। उत्तर प्रदेश में टीईटी के बाद सुपर टीईटी भी देना पड़ता है. इस परीक्षा में बैठने के लिए दावेदारों को मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन, बीएडी या डीएलएड होना अनिवार्य रहता है. स्नातक में 50 प्रतिशत अंक होने जरूरी हैं।

टीचर्स के सामने क्या है दिक्कत- कई पुराने शिक्षक इंटर पास करके ही शिक्षक बन गए थे. जबकि ञ्जश्वञ्ज में शामिल होने के लिए स्नातक होना अनिवार्य है. ऐसे शिक्षक तो पात्र ही नहीं हैं. ऐसे में उनसे ञ्जश्वञ्ज पास करने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? इसके अलावा पहले के टीईटी में सवालों के पैटर्न सेट होते थे. वे रिपीट भी होते रहते थे. इसलिए उन्हें याद करना आसान हो जाता था. अब साधारण सवाल नहीं पूछे जाते हैं. ये शिक्षण कौशल आधारित होते हैं. पहले इसकी वैधता केवल 7 साल थी, लेकिन अब यह आजीवन है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सीडीओ ने पान उत्पादक कृषक दल को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**प्रतापगढ़।** गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन को प्रोत्साहन की योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद के पान उत्पादक 50 कृषकों के दल को गुणवत्तापूर्ण पान की खेती की तकनीकी जानकारी देने और उनकी उपज को बेहतर बनाने के लिये चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर, महोबा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छतरपुर मध्य प्रदेश में सात दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 16 सितम्बर से 22 सितम्बर तक के लिये प्रशिक्षण हेतु जनपद के विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने पान उत्पादक कृषकों से वार्ता कर कहा कि पान की खेती की तकनीकी जानकारी अच्छे से प्राप्त करें। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पान उत्पादकों की उत्पादकता और उपज की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह किसानों को पान की खेती से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और विधियों से अवगत कराएगा, जिससे उन्हें अधिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, पान उत्पादक कृषक व उद्यान विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शिक्षक के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने जताया शोक

**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भटपुरवा गांव निवासी 70 वर्षीय शिक्षक रामलली चौरसिया के निधन पर क्षेत्रीय लोगों ने शोक जताया है।रामलली चौरसिया भटपुरवा ग्राम पंचायत की पूर्व प्रधान शांती देवी के पति थे और शिक्षण कार्य से आजीवन जुड़े रहे। वर्तमान में शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल पटेहरा में शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे थे। काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे रामलली चौरसिया का वाराणसी स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था जहां 14 सितंबर को सुबह उनकी मौत हो गई। भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह, बीपी चौरसिया जूनियर हाईस्कूल के अध्यक्ष मेघनंद चौरसिया अधिवक्ता बालकृष्ण मिश्र, राकेश चौरसिया शहीद केशरी सिंह हाईस्कूल की प्रबंधक योग्यता सिंह ने शिक्षक रामलली चौरसिया की मौत होने पर समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा शोक जताया है।

## मासूम यश की मौत ने हर आंख कर दी नम

**● .....प्री फायर गेम में 13 लाख गंवाने के बाद मासूम की खुदकुशी ने झकझोर दिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज। लखनऊ,** धनुवासांड़ गांव का 14 वर्षीय छात्र यश कुमार, ऑनलाइन गेमिंग की लत के कारण अपनी जिंदगी गंवा बैठा। प्री फायर गेम खेलने के दौरान पिता के खाते से 13 लाख रुपये खर्च हो गए। पिता की डांट के बाद मंगलवार को यश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मासूम की मौत से गांव ही नहीं, पूरा क्षेत्र गमगीन है। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही यश का शव गांव पहुंचा, उससे पहले ही गलियों में सन्नाटा पसर गया था। हर दरवाजे पर महिलाओं और ग्रामीणों की भीड़ जमा थी। मजदूरी कर परिवार का पेट पालने वाले सुरेश के दरवाजे पर जैसे ही शव रखा गया, हर कोई अंतिम झलक पाने के लिए उमड़ पड़ा।मासूम यश की मां का दहाड़ मारकर रोना देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। इकलौते बेटे की मौत ने मां को तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे स्थानीय और राष्ट्रीय मीडिया के पत्रकार भी माहौल देखकर भावुक हो उठे और अपनी आंखों को नम होने से रोक नहीं पाए।कुछ देर बाद जब रीति-रिवाज के अनुसार शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने की तैयारी हुई, तो मां अपने कलेजे के टुकड़े को रोकने पर अड़ गई। लेकिन पास खड़ी महिलाओं ने उन्हें ढांढस बंधाया और किसी तरह शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।मोहनलालगंज थानाध्यक्ष दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल को एफएसएल भेजा गया है और बैंक खाते से हुई लेन-देन की पड़ताल की जा रही है। साइबर सेल भी जांच में लग गई है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर इतनी बड़ी रकम किस तरह गेमिंग ऐप में गई और क्या इसमें किसी गिरोह की भूमिका तो नहीं।यश की मौत ने ग्रामीणों को अंदर तक हिला दिया है। बुजुर्गों का कहना है कि बच्चों के हाथों में मोबाइल देना अब परिवारों को भारी पड़ रहा है। कई घरों ने घटना के बाद बच्चों से मोबाइल छीन लिया है। लोगों का कहना है कि सरकार को ऐसे गेमिंग ऐप्स पर तत्काल रोक लगानी चाहिए।

**जनजागरूकता की उठी जरूरत.......**

गांव के जागरूक लोगों ने कहा कि यह लत सिर्फ यश तक सीमित नहीं है। कई और बच्चे इस तरह के गेम में उलझे हैं। अगर समय रहते कदम न उठाए गए तो और भी



परिवार उजड़ सकते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि बच्चों के लिए पाठशाला और काउंसलिंग सेशन आयोजित किए जाएं ताकि उन्हें इन घातक गेम्स से दूर रखा जा सके।गांव के लोग ही नहीं, अब पूरा समाज यह मांग कर रहा है कि ऐसे गेम्स पर नियंत्रण के लिए सरकार और प्रशासन को व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि ऑनलाइन गेमिंग बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रही है। मनोवैज्ञानिक डॉ. रश्मि वर्मा का कहना है कि गेम में हार-जीत और पैसे का लालच बच्चों को जल्दी अपनी चपेट में ले लेता है। ऐसे में जब उन्हें असफलता या दबाव झेलना पड़ता है, तो वे अवसाद में चले जाते हैं और कभी-कभी आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं।उन्होंने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें, उनसे संवाद करें और मोबाइल के उपयोग की समय-सीमा तय करें।

## हरनाखुरी गांव में मारपीट, पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कि कार्रवाई की मांग

**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हरनाखुरी गांव में रविवार की रात गांव मे मामूली कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट और जान से मारने की धमकी तक की नौबत आ गई। पीड़ित ने थाना त्रिलोकपुर में लिखित तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हरनाखुरी गांव निवासी विनोद कुमार यादव पुत्र स्व. हरीराम का रविवार रात करीब 9 बजे गांव के ही अवधेश कुमार यादव से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद विनोद अपने घर चले आए। लगभग 11 बजे रात में अवधेश कुमार यादव, विजय कुमार यादव व अभिनंदन यादव लाठी-डंडा व लोहे की रॉड लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।

आरोप है कि जब विनोद बाहर नहीं निकले तो सभी लोग घर में घुस आए और खींचकर बरामदे में लाकर मारपीट करने लगे। शोर सुनकर विनोद के भाई तेज बहादुर बीच-बचाव करने आए तो उन्हें भी पीटा गया। इसी दौरान बड़े भाई बृजेश मौके पर पहुंचे तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में हल्का पुलिस और नायब दरोगा के पहुंचे मामला शांत हुआ। पीड़ित विनोद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने व जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामदेव ने बताया कि मामला संज्ञान में है।

## अडानी को बिहार में एक रुपये में मिली 1050 एकड़ जमीन, छिड़ा सियासी संग्राम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार और उद्योगपति गौतम अडानी पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने 15 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दावा किया कि बिहार के भागलपुर में अडानी ग्रुप को महज एक रुपये प्रतिवर्ष की दर से 1,050 एकड़ जमीन पावर प्लांट लगाने के लिए 33 साल की लीज़ पर दी गई है। कांग्रेस प्रवक्ता का आरोप है कि यह जमीन सिर्फ सस्ती दर पर ही नहीं, बल्कि उस पर खड़े 10 लाख से ज्यादा आम, लीची और सागौन के पेड़ों समेत अडानी को सौंप दी गई है। खेड़ा ने कहा कि यह सिर्फ बिहार का मामला नहीं है, बल्कि पहले भी चुनावी राज्यों में इसी तरह की सौगात अडानी को दी जाती रही है।

**उन्होंने उदाहरण गिनाए-**

महाराष्ट्र चुनाव से पहले अडानी को पावर प्रोजेक्ट और धारावी प्रोजेक्ट मिला।

झारखंड चुनाव से पहले गोड्डा पावर प्रोजेक्ट सौंपा गया।

2013 छत्तीसगढ़ चुनाव से पहले हसदेव अरण्य का प्रोजेक्ट अडानी को मिला, जब राज्य में रमन सिंह की बीजेपी सरकार थी।

पवन खेड़ा ने कहा कि इस बार भी कहानी वही है। बजट में भले इस 2,400 मेगावॉट बिजली प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी, लेकिन यह नहीं बताया गया कि इसे



किसी निजी कंपनी को दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 21,400 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे को भी घेरा। खेड़ा ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी के कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को 'नज़रबंद' किया गया ताकि वे उनके सामने विरोध दर्ज न करा सकें।

**बीजेपी का पलटवार-** कांग्रेस के आरोपों पर बिहार बीजेपी की ओर से जवाब आया है। पार्टी के मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। उन्होंने कहा- "टेंडर निकाला गया था। जो कंपनी सबसे कम दर पर बिजली देने को तैयार हुई, उसे प्रोजेक्ट मिला। सरकार का काम जमीन उपलब्ध कराना है, जबकि पूरा निवेश अडानी ग्रुप का है। इससे बिहार को सस्ती दर पर बिजली मिलेगी। इसमें न तो कोई घोटाला है और न ही अनियमितता।"

## जिला कारागार में निरूद्ध अभियुक्त पेशी पर आए बाल किशोर न्यायालय से फरार होने के संबंध में संक्षिप्त विवरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

आज दिनांक 16.09.2025 को दोपहर 12:00 से 1:00 बजें के बीच जिला कारागार में निरूद्ध अभियुक्त अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी आलमपुर नई बस्ती थाना व जनपद भदोही को बाल किशोर न्यायालय में लाया गया था। मुलजिम सुरक्षा ड्यूटी में लगे 1.उ0नि0 अवधनरायन सिंह पीएनओ-942190180 2.उ0नि0 विष्णुकांत मिश्रा पीएनओ- 972410236 को चकमा देकर फरार हो गया। मुलजिम सुरक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरते जाने पर उपरोक्त दोनों उपनिरीक्षकों को निलंबित करते हुए अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। आज से करीब 10 दिन पहले फरार अभियुक्त द्वारा पूर्व से जेल में निरूद्ध नियाज निवासी आलमपुर थाना व जनपद भदोही से 3,00,000/- की लालच देकर अपने आप को भगाने का तरकीब बनाया था। नियाज के पुत्र अली को अपने पेशी पर मोटरसाइकिल




के साथ बुलाया था। आज दिनांक 16/09/2025 को समय लगभग दोपहर 12:30 बजें बनाए गए साजिश के तहत अली पुत्र नियाज निवासी आलमपुर थाना व जनपद भदोही द्वारा मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था अभियुक्त अतीक अहमद द्वारा मुलजिम सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चकमा देकर अली उपरोक्त के मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार होकर चांदपुर चौराहा थाना मंडुआडीह जनपद वाराणसी पर मोटरसाइकिल से उतरकर कहीं चला गया। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज की मदद से साक्ष्य संकलन के आधार पर *मोटरसाइकिल सहित अली को हिरासत* में लेकर पूछताछ की कार्यवाही की जा रही है।

## थारू क्षेत्र के लोग अब भी कच्ची सड़क और भांभर नाले से जान जोखिम में डाल कर गुजरने को मजबूर

**● ग्रामीणों की आवाज बताती है कि थारू अंचल विकास की राह देख रहा है और योजनाओं का वास्तविक लाभ इन्हें कब मिलेगा, यह बड़ा सवाल अब भी अनुत्तरित है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर।** थारू जनजाति के गांवों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव आज भी लोगों की सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। आज़ादी के 75 साल बाद भी यहां के लोग सड़क और पुल जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। रजडेरवा थारु बनकटवा थारु, मोतेहरा, सोनगढ़हा थारु सहित दर्जनों थारू गांवों के लोग रोज़ कच्ची सड़क और भांभर नाले को पार करके जीवन-यापन करने को मजबूर हैं।

**बरसात में ठप हो जाता है जनजीवन-** ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है। भांभर नाला उफान पर आने से बच्चों का स्कूल जाना बंद हो जाता है। बीमार मरीजों को अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो जाता है। कई बार मजबूरी में ग्रामीणों ने मरीजों को बैलगाड़ी या खटिया पर लादकर अस्पताल तक पहुंचाया है। बारिश के दिनों में थारू क्षेत्र के लोग लगभग सप्ताहों तक गांवों में ही कैद होकर रह जाते हैं।

**योगी सरकार से जगी थी आस-** ग्रामीणों ने बताया कि योगी सरकार आने पर उन्हें उम्मीद जगी थी कि थारू समाज को सड़क और पुल का तोहफा मिलेगा। लेकिन कई वर्ष गुजर जाने के बाद भी हालात जस के तस हैं। ÷चुनाव के समय नेता और अधिकारी वादे करते हैं, लेकिन जीतने और दौरा खत्म होते ही सब भूल जाते हैं,÷ ग्रामीण रामबचन थारू ने कहा।

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर-** सड़क और पुल न होने का सीधा असर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों को नाले की ओर देखकर रोज़ खतरे उठाने पड़ते हैं। वहीं, स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में गर्भवती



महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। समय पर इलाज न मिलने से कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

**रोज़गार और खेती पर भी असर-** थारू युवाओं का कहना है कि सड़क और पुल बनने से न केवल बच्चों की पढ़ाई और इलाज आसान होगा बल्कि रोजगार के नए रास्ते भी खुलेंगे। "फसल काटने के बाद उपज को बाजार तक ले जाने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। यदि सड़क और पुल बन जाए तो हमारी खेती और व्यापार दोनों को नई दिशा मिलेगी," गांव के किसान अर्जुन थारू ने बताया।

**ग्रामीणों की गुहार-** ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि थारू क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी जाए और जल्द से जल्द भांभर नाले पर पुल और पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए। उनका कहना है कि समस्या का समाधान हो जाने से थारू अंचल भी प्रगति की राह पर चलेगा और थारू समाज मुख्यधारा से जुड़ सकेगा।


**अब भी बना हुआ है सवाल-** ग्रामीणों का दर्द यही है कि दशकों से वादे सुनते-सुनते पीढ़ियां गुजर गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सवाल यह है कि जब सरकारें गांव-गांव विकास पहुंचाने का दावा करती हैं, तो थारू समाज अब तक सड़क और पुल जैसी मूलभूत सुविधा से क्यों वंचित है?

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर जर्जर भवन में चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हर रोज़ 100 से अधिक मरीजों की जान पर खतरा

**गोण्डा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल हालात में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। करीब 50 वर्ष पूर्व स्थापित यह भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बरसात के मौसम में जगह-जगह पानी का रिसाव होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हर दिन लगभग 100 से 150 मरीज इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं। भवन की स्थिति इतनी खराब है कि न तो दवा स्टोर करने की सुरक्षित व्यवस्था है, न ही अभिलेखों और प्रयोगशाला सामग्रियों का रख-रखाव ठीक से हो पा रहा है। सबसे गंभीर हालात प्रसूता महिलाओं के लिए बने हैं। पीएचसी के शौचालय जर्जर व प्रसव कक्ष की साफ सफाई न होने से स्टाफ नर्सो को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है हैं। शौचालय सही न होने से प्रसव के लिए आने वाली महिलाओं व उनके परिजनों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्टाफ की सुरक्षा भी दांव पर लगी है, क्योंकि जज्जर छत और दरकती दीवारों के बीच मेडिकल कर्मियों को ही दिनभर बैठना पड़ता है।इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अजय यादव ने बताया कि भवन की जर्जर स्थिति, कक्षों की मरम्मत और शौचालय निर्माण की जानकारी उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। जल्द ही आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया है।

### नशीली दवा के साथ दो नेपाली युवक गिरफ्तार, जेल



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थानांतर्गत सेवतरी चौकी प्रभारी गोविन्दर यादव मय हमराह व एसएसबी की संयुक्त टीम ने मंगलवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के झिंगटी महाव नाला के पास स्थित बगीचे के पास बाइक सवार दो युवकों को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक व युवकों समेत नशीली दवा को कब्जे में लेकर थाने आई तत्पश्चात सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक नेपाल राष्ट्र निवासी दीपक चमार उर्फ सूरज पुत्र अनरुध्द (24) निवासी लोहसड़ा थाना जिला नवलपरासी राष्ट्र नेपाल व जुगेश कोइरी पुत्र त्रिभुवन कोइरी (24) निवासी रामग्राम वार्ड नं 07 थाना देउरवां जिला नवलपरासी राष्ट्र नेपाल के कब्जे से पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक चोरी की बाइक कुटरचित रजिस्ट्रेशन के साथ 300 एम्पुल बुप्रेनार्फिन इंजेक्शन, 300 एम्पुल डाइजापाम इंजेक्शन, 300 एम्पुल प्रोमैथाजिन हाइड्रोक्लोराइड इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने बरामद सामान के साथ अभियुक्त को हिरासत में लेकर धारा 317(2), 319(2), 318(4), 338, 336(3) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि नशीली दवा के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

### चोर समझकर युवक को पीटा, 16 पर केस

**देहात कोतवाली के मुख्य आरक्षी ने दर्ज कराई एफआईआर**

**बलरामपुर।** जिले में चोरी की अफवाह थमने का नाम नहीं ले रही है। लोग निर्दोषों को पकड़कर बुरी तरह पिटाई कर हैं। ऐसा मामला देहात क्षेत्र के रंजीतपुर गांव से सामने आया है। गांव के लोगों ने चोर समझकर एक युवक को बेरहमी से मारा पीटा। उसकी हालत गंभीर हो गई। पुलिस ने जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया। देहात क्षेत्र के ग्राम रंजीतपुर के पास 13 सितंबर रात करीब 8:30 बजे एक युवक घूम रहा था। गांव के लोगों ने उसे चोर समझ कर बुरी तरह मारा पीटा। उसके शरीर पर कई जगह चोट लगी है। प्रभारी निरीक्षक देहात गिरजेश तिवारी ने बताया कि जानकारी होने पर तत्काल मुख्य आरक्षी रमेश चौरसिया को पुलिस टीम के साथ रंजीतपुर गांव भेजा गया। पुलिस के पहुंचते ही पिटाई करने वाले आरोपी भाग गए। मुख्य आरक्षी की तहरीर पर गांव के 16 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की गई है। मानसिक दिव्यांग व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

**संदेह होने पर पुलिस को दें सूचना**

चोरी की अफवाह में किसी अंजान व्यक्ति को मारपीट कर नुकसान न पहुंचाएं। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दें। खुद से मारपीट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपनी मांगों के संदर्भ में जिलाधिकारी के मार्फत मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**●प्रदेश के सभी 75 जिलों में ल्वक्कने आज जिलाधिकारी को दिया ज्ञापनग्रामीण पत्रकारों ने रखी अपनी समस्याएं, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद बस्ती की ओर से ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी रवीश गुप्ता के माध्यम से सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण पत्रकार मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्रामीण पत्रकार समाज और शासन-प्रशासन के बीच सेतु का काम करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अक्सर उपेक्षित रहना पड़ता है। पत्रकारों ने सरकार से सम्मान, सुरक्षा और योजनाओं का लाभ दिए जाने की मांग की है। डीएम रवीश गुप्ता ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को शासन तक भेजा जाएगा और उनके स्तर से भी सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

संगठन के बस्ती जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में पहुंचे पत्रकारों ने जिलाधिकारी रवीश गुप्ता से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने मांग पत्र को गंभीरता से पढ़ा और कहा कि उनके स्तर से तत्काल इसे मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। जो भी समस्याएं जिलाधिकारी के स्तर से निस्तारित हो सकती हैं उसको लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मांग पत्र में संगठन ने राज्य मुख्यालय पर शासन की ओर से अन्य संगठनों की तरह कार्यालय के लिए भवन आवंटित करने की मांग की है। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए। जिससे कि उनके परिवार के लोग भी कैशलेस इलाज करवा सके। इस योजना में केवल अखबारों में कार्य कर रहे संवाददाताओं को शामिल किया जाए। जिनकी सूची जिला कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए। साथ ही लंबे



समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। इसकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार की जाए। पत्र में अभी कहा गया कि ग्रामीण पत्रकारों के ऊपर कोई भी मुकदमा दर्ज करने से पहले किसी राजपत्रित अधिकारी से पूरे मामले की जांच कराई जाए और उसके रिपोर्ट के आधार पर ही मुकदमा दर्ज हो। जिससे कि पत्रकारों का अनावश्यक उत्पीड़न न हो सके। राज्य एवं जिला स्तर पर स्थाई समिति की बात तहसील स्तर भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक कराई जाए। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संबंधित सभी तहसील अध्यक्ष अनिवार्य रूप से इसमें शामिल हो। प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में जान गंवाने वाले ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा की तरह तत्काल पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाए। जिससे कि पीड़ित परिवार को आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराई जाए। इसके लिए जिला स्तर पर स्थाई समिति की बैठक बुलाकर असली और फर्जी पत्रकारों की पहचान की जाए तथा चिन्हित व्यक्तियों को नोटिस देकर तत्काल प्रभाव से करवाई कराया जाए। जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिलाधिकारी से मिलकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन देने के दौरान महामंत्री अनिल कुमार पांडेय, तहसील अध्यक्ष हरैया राजेश सिंह विसेन, शक्ति शरण उपाध्यक्ष, पवन वर्मा, पारस मौर्य, जिला उपाध्यक्ष चंद्रेश कुमार दुबे, सुनील कुमार बरनवाल, राम रतन पटेल, सिद्धार्थ चौहान, विजय पांडेय, सूर्यनारायण उपाध्याय, तहसील अध्यक्ष सदर डॉ अजीतमणि त्रिपाठी, विधि सलाहकार कुलदीप सिंह, ज्ञान प्रकाश दुबे, सुनील उपाध्याय, अरुण कुमार, जय शंकर पांडेय, बृजेश कुमार, दिनेश पटेल, प्रमोद कुमार पाल, उमेश पाल, अफजाल अहमद, मोहम्मद शकील, सत्यदेव शुक्ल, केडी मिश्र, राजाराम, संजय उपाध्याय, बेचूलाल अग्रहरि, अरुण कुमार, सत्य प्रकाश बरनवाल, मोहम्मद जाहिद, शंकर यादव, योगेश्वर त्यागी, सत्यराम, विनोद कुमार, रमाकांत, शमशेर बहादुर सिंह, गुंजेश्वरी सिंह, वीरेंद्र कुमार लाल, राजेंद्र कुमार, तहसील अध्यक्ष रुधौली अरुण कुमार मिश्र, राजन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह, श्याम नारायण तिवारी, सुरेंद्रनाथ द्विवेदी, प्रशांत कुमार पांडेय, जिला संगठन मंत्री परशुराम वर्मा, राम जनक, बृज किशोर यादव, जिला मंत्री पंकज त्रिपाठी, राम ललित यादव, आलोक कुमार, मोहित गुप्ता, प्रमोद श्रीवास्तव, राधेश्याम यादव, सुरेंद्र कुमार सिंह, आनंद शुक्ल, राजबहादुर सिंह, अजय कुमार पांडेय, मोहम्मद असलम शादा, मोहम्मद इदरीश सिद्दीकी, आदित्य सिंह, अभिषेक सिंह, विष्णु कुमार शुक्ल, पीके सिंह, मनोज सिंह, रूबल कमलापुरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## ऊंचागांव में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**मथुरा।** ब्रजवासियों और ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित संस्था श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम के सौजन्य से ललिता सखी के गांव ऊंचागांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाएं प्रदान की गई। बरसाना के समीप ऊंचागांव के दाऊजी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम संस्था के द्वारा किया गया। शिविर में बारह वर्ष की उम्र तक के 170 बालक बालिकाओं की निःशुल्क जांच की गई। जांच के बाद बच्चों को जरूरत के अनुसार दवाएं और फूड सप्लीमेंट्स दिए गए। संस्था के संचालक ब्रजसेवी हरीश चंद्र कोहली ने बताया कि उनकी संस्था बरसाना और अष्टसखियों के गांवों में इस तरह के शिविरों का आयोजन करते हैं। यह सातवां शिविर था। संस्था निःशुल्क रसोई संचालित करती है जिससे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर ब्रजाचार्य पीठाधीश उपेन्द्र नारायण भट्ट, प्रवक्ता घनश्यामराज भट्ट, दिलीप भट्ट, ललित भट्ट, तुरण्य शर्मा, बनवारी लाल गर्ग, दीपक गर्ग, विशाखा, सन्दीप, अंकुर कोहली, नेहा माता , सुधीर बवेजा, दीपा चड्ढा, ज्योति अग्रवाल, विवेक, राज, रोहित, मितुल, राजेश, रूपा, कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

## महिलाओं की झोली में 16.44 करोड़ की सौगात

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** गांव की महिलाओं के सपनों को नई उड़ान मिल गई है। आत्मनिर्भर बनने की चाह रखने वाले 9160 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अब खाली हाथ नहीं हैं। शासन की तरफ से समूहों के खाते में 16 करोड़ 44 लाख रुपये की परिक्रामी निधि (रिवॉल्विंग फंड) भेजी गई है। फंड मिलने के साथ अब गांवों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी।

योजना के तहत 1800 समूहों को 30-30 हजार रुपये की दर से कुल 5 करोड़ 40 लाख रुपये और शेष 7360 समूहों को 15-15 हजार रुपये की दर से 11 करोड़ 4 लाख रुपये दिए गए हैं। हर समूह में 10 से 12 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। छोटी-छोटी बचत और आपसी सहयोग पर टिकी यह व्यवस्था अब बड़े बदलाव की ओर बढ़ रही है। जिले की कोई समूह सब्जी की खेती बढ़ाने की तैयारी कर रहा है तो कोई मुर्गी पालन। कई समूह मसाले पीसने, दोना-पत्तल बनाने, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर और बेकरी जैसे कारोबार का खाका खींच रहे हैं।

फंड मिलने से अब उन्हें अपना काम बढ़ाने में सहूलियत मिलेगी। शांति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गीता देवी ने कहा कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उधार लेना पड़ता था। अब हम खुद काम शुरू करेंगे और दूसरों को भी जोड़ेंगे। मां काली स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि इस रकम से घर बैठे रोजगार पैदा होगा, अब बाहर जाने की मजबूरी नहीं रहेगी।

**सुधरेगा महिलाओं का जीवन स्तर**

यह धनराशि महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार करेगी और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनेगी। समूहों की महिलाएं छोटे व्यवसाय खड़ा कर अपने सपनों को साकार करेंगी। - राघवेंद्र तिवारी, प्रभारी उपायुक्त स्वत~रोजगार।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गुरू ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ को पुण्यतिथि पर सहभोज के साथ किया नमन

**●-लोकमंगल की भूमिका को महंत अवेद्यनाथ ने नई दिशा दिया -डॉ. हरिओम पाठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा सोमवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पूज्य गुरुदेव राष्ट्र संत ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के पुण्यतिथि के निमित्त जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के संयोजन में संगोष्ठी एवं सहभोज का आयोजन रोडवेज तिराहे के निकट स्थित गिरिजराज के सभागार में किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये डॉ. हरिओम पाठक ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ श्री रामजन्म भूमि के प्राण थे। सबको साथ लेकर चलने की उनमें विलक्षण प्रतिभा थी। उसी के परिणाम स्वरूप श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के साथ सभी संप्रदायों, दार्शनिक परम्पराओं के संत जुड़ते चले गए और लक्ष्य पूर्ण हुआ। गोरखनाथ मंदिर की वर्तमान भव्यता, शानदार वास्तुशिल्प महंत अवेद्यनाथ की ही देन है। उन्होने अस्पताल, स्कूलों की स्थापना कर लोकमंगल की भूमिका को नई दिशा दिया, उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि राजमाता आशिमा सिंह ने कहा कि ब्रम्हलीन महंत अवेद्यनाथ ने सामाजिक समरसता, जाति पांति, छूआ छूत मिटाने, सेवा, सहयोग की जो नीवं डाली उसका विस्तार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्य वक्ता महासंघ के प्रदेश मंत्री दिग्विजय सिंह राणा ने कहा कि महंत अवेद्यनाथ ने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोरक्षपीठ की शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपरा को समृद्ध किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और लोककल्याण को सर्वोपरि माना। उनका योगदान हम सबको सदैव प्रेरणा देगा। गोष्ठी को कुलदीप मिश्रा ,श्रीखंड प्रताप सिंह ,



सुधीर सिंह सतीश चंद्र मिश्रा कृपा शंकर त्रिपाठी, चंद्रशेखर कमलापुरी, विजय शंकर शुक्ला, उमेश मिश्रा आदि ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हिन्दू समाज की एकता, परस्पर समन्वय से प्रगति ही महंत अवेद्यनाथ को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होने जो दिशा दिया है उसे गतिमान करने की जरूरत है। महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि ब्रह्मलीन महन्थ अवेद्यनाथ जी ने हिन्दू धर्म की आध्यात्मिक साधना के साथ 'सामाजिक हिन्दू' साधना को भी आगे बढाया और सामाजिक जनजागरण को अधिक महत्वपूर्ण मानकर हिन्दू धर्म के सोशल इंजीनियरिग पर बल दिया । बहुसंख्यक समाज को जोड़ने के लिए सहभोजों के क्रम में महंत अवेद्यनाथ ने बनारस में संतों के साथ डोमराजा के घर सहभोज कर उदाहरण प्रस्तुत किया। 12 सितम्बर 2014 को महन्थ अवेद्यनाथ ब्रम्हलीन हो गये। उनके सपनों, संकल्पों को पूरा करने का दायित्व हम सबका है। गोष्ठी और सहभोज में मुख्य रूप से सौरभ त्रिपाठी मनीष पाण्डेय, अमित कुमार त्रिपाठी धनुषधारी, चौबे पूनम सिंह, पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, रवि सोनकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा , विवेक श्रीवास्तव, बालकृष्ण सिंह, सौरव चतुर्वेदी, शिवम मिश्रा, अभिषेक आर्य अभय चौधरी, आशीष उर्फ कल्लू बाबा, अमितेश प्रताप सिंह, आलोक सिंह, अनूप सिंह, गौरेंद्र प्रताप सिंह, सतीश पाण्डेय, महेंद्र प्रताप सिंह, सुमित शुक्ला, राजेश सती माता, जमुना प्रसाद, कंचन विश्वकर्मा, सरोज बाबा गोपेश्वर त्रिपाठी के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के सैकड़ो पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी अखिलेश उपाध्याय ने IGRS की शिकायत बिन्दु की जांच शिकायतकर्ता की पुनः शिकायत पर किया

**●प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी पर IGRS की शिकायत की बिना जांच किये रिपोर्ट लगाने का लगा था आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेके विकासखंड कुदरहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत माझा कला में विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार की शिकायत रामचंद्र राजभर ने मुख्यमंत्री पोर्टल (IGRS) पर किया था। शिकायत पर लगभग 08 ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किया था। शिकायतकर्ता व ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर विकास कार्यो में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया था। मुख्यमंत्री पोर्टल पर



ग्रामीणों द्वारा की गई शिकयत की जांच खंड विकास अधिकारी कुदरहा आलोक कुमार पंकज को मिली थी । खंड विकास अधिकारी कुदरहा आलोक कुमार पंकज ने ग्राम पंचायत माझा कला में विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी अखिलेश उपाध्याय को नामित किया था । प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत माझा कला में विकास कार्यो की धरातलीय जांच किया है जांच के दौरान शिकायत कर्ता व अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में हुई । जांच अधिकारी के द्वारा कुछ शिकायत बिन्दुओं की धरातलीय जांच की गई एवं कुछ शिकायत बिन्दुओं को उसी आधार पर शिकायत कर्ता के सहमति से रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए कहा है । शिकायतकर्ता रामचंद्र राजभर व अन्य ग्रामीणों ने बताया की जांच अधिकारी /प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी अखिलेश उपाध्याय के द्वारा जांच में स्पष्ट हुआ है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यो में जमकर लूट खसोट ग्राम प्रधान मीरा यादव, रोजगार , सचिव एवं तकनीकी सहायक (जे ई ) ने किया है । इस सम्बंध में शिकायत कर्ता ने कहा कि जांच अधिकारी / प्रभारी ADO समाज कल्याण अधिकारी के जांच आख्या रिपोर्ट के आधार हम सभी ग्रामीण अग्रिम कार्यवाही हेतु शिकायत करेंगे । उक्त प्रकरण में जांच अधिकारी अखिलेश उपाध्याय से फोन के माध्यम से जानकारी लेना चाहा तो जांच अधिकारी का फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर निकला ।

## गांव-गांव खुलेगा आधार केंद्र, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिले के ग्रामीणों अब आधार संबंधी कार्यो के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। 18 सितंबर से लखनऊ में जिले के 50 पंचायत सहायकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन पंचायत सहायकों के जरिये चयनित ग्राम पंचायतों में आधार केंद्र शुरू कराए जाएंगे। इससे गांव वालों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें संशोधन कराने की सुविधा घर के पास ही मिल जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद चयनित पंचायत सहायकों को आधार केंद्र की जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अब आधार से जुड़ी सेवाओं के लिए शहर या अन्य केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

**जिले से इन ग्राम पंचायतों का किया गया चयन**

सदर विकास खंड से ग्राम पंचायत



फरेंदा, भगवतपुर, गंगापुर बांकी, मिर्जापुर, धुसाह, गोंदीपुर, और सिरसिया का चयन हुआ है। गैड़ास बुजुर्ग ब्लॉक से गजपुर ग्रिंट, सिसहना, मस्जिदिया, बौड़ीहार व मझारी टप्पा ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। गैसड़ी विकास खंड से बेलहसा, वीरपुर कलां, बरगदवा कलां, माधवडीह व बिलोहा बनकसिया ग्राम पंचायत चयनित की गई है। हरैया सतघरवा ब्लॉक से धमा चौरी, तुरकौलिया, बनकटवा खुर्द, प्रानपुर और मोतीपुर का चयन किया गया है। पचपेड़वा से ग्राम पंचायत सिसहनिया घोपलापुर, मोतीपुर सेमरी, रामनगर, कोल्हाई और लालपुर भगवानदीह का चयन किया गया है। रेहरा बाजार से रुधौली बुजुर्ग, इटावा, भैरवा, गूमा फात्माजोत और अधीनपुर ग्राम पंचायत को चयनित किया गया है। श्रीदत्तगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत गिद्धौर, बायभीट, महुआधार, महुआ इब्राहिम और पिपरा याकूब का चयन किया गया है। तुलसीपुर ब्लॉक से ग्राम पंचायत सुदर्शनोज, नन्हुआपुर, महादेव हरिहर नगर, मैनहवा और महादेव जुमुनी को चुना गया है। उतरौला विकास खंड से विरदाबनिया भारी, तेरहवा अहेमा, बसुपुर, फत्तेपुर, देवरिया जंगली और नौवा का चयन किया गया है।

**दूर होगी ग्रामीणों की दिक्क्त**

ग्राम पंचायत स्तर पर आधार केंद्र खुलने से ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। यह पहल न सिर्फ आधार संबंधी कार्यो को आसान बनाएगी बल्कि पंचायत सहायकों की भूमिका को भी मजबूत करेगी। श्रेया उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी

## महिला सशक्तिकरण की नई पहचान आरती अग्रहरि की सफलता की कहानी

**●अमेठी की आरती अग्रहरि बनी महिला सशक्तिकरण की मिसाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान के मार्गदर्शन तथा मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के नेतृत्व में जनपद अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत टीकरमाफी, विकास खण्ड भादर की रहने वाली आरती अग्रहरि ने अपने संकल्प, मेहनत और लगन के बल पर समाज में एक नई पहचान बनाई है। टीकरमाफी ग्राम पंचायत की कुल जनसंख्या लगभग 4000 है। लंबे समय तक इस ग्राम पंचायत में महिलाओं की कोई सक्रिय भूमिका स्वयं सहायता समूहों में नहीं रही थी। सामाजिक व पारिवारिक संकोच, आर्थिक कठिनाइयाँ तथा समाज में व्याप्त परंपरागत सोच के कारण महिलाएँ समूह से जुड़ने का साहस नहीं कर पाती थीं। आरती अग्रहरि भी इन्हीं परिस्थितियों से गुजर रही थीं। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, बच्चों की पढ़ाई सही विद्यालयों में नहीं हो पा रही थी और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ उन पर था। जब उन्होंने समूह से जुड़ने का निर्णय लिया तो परिवार और समाज दोनों ने उन्हें हतोत्साहित किया। कई बार ताने और आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ा। आरती अग्रहरि ने हिम्मत नहीं हारी और खुशी स्वयं सहायता समूह से जुड़ गई, जो उमंग संकुल संघ से संबद्ध है। समूह में शामिल होने के बाद उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव आने लगे। परिवार और समाज का दृष्टिकोण बदला। अब परिवारजन उनका सहयोग करने लगे हैं और उनके निर्णयों का सम्मान करने लगे हैं। उनके बच्चे आज अच्छे विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे हैं। समूह की अन्य महिलाओं ने भी उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं सहायता समूहों में सक्रिय भागीदारी करनी शुरू की। ग्राम पंचायत टीकरमाफी, जहाँ कभी कोई महिला समूह से नहीं जुड़ी थी, आज महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बन रही है।



आरती अग्रहरि आज अपने गाँव की महिलाओं के लिए मिसाल हैं। समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की है, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उनकी इस सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि महिला को अवसर और सही दिशा मिले तो वह न केवल स्वयं का बल्कि पूरे परिवार और समाज का जीवन बदल सकती है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ÷आरती अग्रहरि जैसी महिलाओं की सफलता की कहानियाँ यह दर्शाती हैं कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रहा है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को शासनादेश में निर्धारित पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ मिले। सभी विकास खण्डों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की सफल कहानियों को प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुँचाया जाए और अन्य महिलाओं को प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी ने भी आरती अग्रहरि के कार्य की सराहना करते हुए बताया कि ÷महिला स्वयं सहायता समूह न केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी आधार हैं। अमेठी की महिलाएँ अपने श्रम, साहस और आत्मविश्वास से नई कहानियाँ गढ़ रही हैं और जिले को पूरे प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आरती अग्रहरि की यह कहानी केवल एक महिला की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार की योजनाएँ जब सही पात्र लाभार्थियों तक पहुँचती हैं तो वे उनके जीवन में वास्तविक बदलाव ला सकती हैं। आज आरती अग्रहरि ग्राम पंचायत टीकरमाफी की नहीं बल्कि पूरे जनपद अमेठी की प्रेरणा बन चुकी हैं।

## अमेठी के कस्बा अमेठी में बेकरी की दुकान में लूट की सूचना पुलिस की जांच में पायी गयी झूठी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर थानाक्षेत्र अमेठी के कस्बे में स्थित फ्रेंड्स बेकरी की दुकान में दिन दहाड़े बड़ी लूट असलहाधारी बदमाश फ्रेंड्स बेकरी में घुसे, दुकानदार नासिर खान को पीटकर किया घायल, 2.51 लाख रुपये नकद लूटकर फरार संबंधी खबर प्रसारित की जा रही है ।उक्त खबर की जांच थाना अमेठी पुलिस द्वारा की गई तो पाया गया कि दिनांक 16.09.2025 को थानाक्षेत्र अमेठी के कस्बा अमेठी में सगरा तिराहा पर स्थित फ्रेंड्स बेकरी के दुकानदार नासिर खान पुत्र मोहम्मद इम्तियाज अहमद निवासी ग्राम वार्ड न0-7 रायपुर फुलवारी थाना व जनपद अमेठी व द्वितीय पक्ष के हिमांशू सिंह पुत्र हरिकेश बहादुर सिंह निवासी बन्नाटीकर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी के मध्य सुबह लगभग 07.30 बजे मोटरसाइकिल निकालने की बात को लेकर कहासुनी हुई थी, इसी बात से नाराज होकर हिमांशू सिंह उपरोक्त ने अपने कुछ साथियों को बुलाकर मारपीट की थी । दुकानदार नासिर खान से मारपीट के संबंध में थाना अमेठी पर तहरीर प्राप्त है । आरोपी हिमांशू सिंह और उसके कुछ साथियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है । किसी प्रकार की लूटपाट की घटना नहीं हुई है । सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर चलाई जा रही लूट की खबर भ्रामक व असत्य है ।

# संक्षिप्त खबरें

## नगराम पुलिस ने चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार चोरी का मॉल बरामद



**नगराम। लखनऊ,** नगराम थाना क्षेत्र के अब्बास नगर में बीती रात को हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए नगराम पुलिस ने मंगलवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया।नगराम पुलिस ने जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर शिवनंदन इंटर कॉलेज के पास से दोनों को दबोचा गया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजय पुत्र इन्द्रप्रसाद निवासी अहमदपुर आजम अली मजरा शाह मोहम्मद पुर अपैया नगराम लखनऊ, और सतीश शर्मा पुत्र रामसनेही निवासी अहमदपुर मजरा शाह मोहम्मदपुर अपैया नगराम लखनऊ के रूप में हुई। नगराम पुलिस ने उनके पास से चोरी गया कीमती सामान बरामद किया, जिसमें तीन ठप्पे, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी झुमके, एक चाँदी की करधनी, आठ पीस पायल, चाँदी की झुमकी, टूटा हुआ ताबीज, करधनी समेत अन्य चाँदी के जेवर और एक हजार रुपये नकद बरामद हुए है।पुलिस द्वारा पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कबूल किया कि यही वो सामान है जिसे उन्होंने अब्बास नगर से चोरी किया था और नगद एक हजार रुपये पहले ही खर्च कर दिए।

नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई थी। मुखबिर की मदद से शीघ्र ही दोनों चोरों को पकड़ लिया गया है। इनके आपराधिक इतिहास की भी पड़ताल की जा रही है। दोनों को न्यायालय भेज दिया गया है। बरामदगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरविंद कुमार, कांस्टेबल आशीष यादव, कांस्टेबल नीरज सिंह व कांस्टेबल पंकज कुमार की अहम भूमिका रही।

## महिला को मारपीट कर चोर गहने छीन, हुए चंपत




**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुहवा के टोला पंडितपुर में सोमवार की रात चारों ने एक घर को निशाना बना कर लूटपाट किया। ग्राम पंचायत जमुहवा के टोला पंडितपुर निवासी मोहम्मद अली की पत्नी को चारों ने मारपीट कर लहूलुहान कर दिया और चांदी, सोने के जेवरात को छीन कर चोर चंपत हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ मौखिक क्विज



## प्रतियोगिता छात्र- छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**सिद्धार्थनगर।** राजकीय महाविद्यालय डुमरियागंज में मौखिक क्विज प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रवीन्द्र प्रसाद मिश्र ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अजय कुमार ने विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों की प्रतिभा निखरती है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। कार्यक्रम में वाद-विवाद, कविता पाठ, नृत्य, गायन तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में अर्पिता विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, प्रिया सोनी ने द्वितीय स्थान और नंदिनी चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में बीए प्रथम सेमेस्टर के 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

अंत में प्राध्यापक रविंद्र प्रसाद मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शिक्षकों व छात्रों को धन्यवाद दिया। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक महेश कुमार गुप्त, सफकुर्रहमान, मानिक राम वर्मा, अनिल ,अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिजली कटौती और भारी बिल के खिलाफ किसानों ने किया धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**माल।** माल क्षेत्र में बिगड़ती बिजली व्यवस्था से परेशान किसानों ने मंगलवार को रामनगर पावर हाउस पर भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) संगठन ने जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे और बिजली विभाग के खिलाफ खूब नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने किया। राकेश चौहान ने कहा कि बिजली ग्रामीण इलाकों की सबसे बड़ी आवश्यकता है, लेकिन सरकार व विभाग की लापरवाही के चलते किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। समय पर बिजली न मिलने और लगातार कटौती से सिंचाई कार्य ठप हो जाते हैं, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद होने की कगार पर पहुँच जाती हैं।

धरने में मौजूद किसानों ने कहा कि बिजली का बिल अत्यधिक आ रहा है जबकि आपूर्ति बेहद कम और अनियमित है। किसानों का आरोप है कि विभाग वसूली तो समय पर करता है लेकिन बिजली उपलब्ध कराने में पूरी तरह नाकाम है। प्रदर्शन के अंत में किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर पावर हाउस के अधिकारियों को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि बिजली आपूर्ति को तय समय पर सुनिश्चित किया जाए, अनावश्यक कटौती पर रोक लगे और किसानों पर अधिक बिल का बोझ न डाला जाए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। धरना प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में किसान शामिल हुए और एकजुटता का परिचय दिया। इस मौके पर पर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष राकेश अवस्थी दद्दू, तहसील मीडिया प्रभारी निखिल मिश्रा समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोहनलालगंज में लगेगा रक्तदान शिविर, पीएम मोदी के जन्मदिन पर भाजपा युवा मोर्चा का आयोजन




**मोहनलालगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा की ओर से बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी और भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। लखनऊ भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय धीरू ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की सहभागिता रहेगी। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएंगे।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर दिवाकर ने बताया कि रक्तदान शिविर के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है, इसलिए हर किसी को इसमें उत्साहपूर्वक भाग लेना चाहिए।

## लखनऊ में Agarwal Honda पर लॉन्च हुई ALL NEW HORNET 125 और SHINE 100 DX



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में Agarwal Honda, मल्हौर (Amity University के पास) पर दो नए टू-व्हीलर मॉडल ALL NEW HORNET 125 और SHINE 100 DX का भव्य अनावरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मा. वैष्णो देवी लॉ कॉलेज के श्री अजय राज अग्रवाल मौजूद रहे। इस विशेष अवसर पर Agarwal Honda के एम.डी. श्री चेतन अग्रवाल ऑनर श्री प्रदीप अग्रवाल और मैनेजर विपिन कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और नई बाइक्स की खूबियों के बारे में जानकारी दी।

लॉन्चिंग समारोह में श्री अजय राज अग्रवाल ने कहा कि आज उपभोक्ताओं के लिए किफ़ायती, आधुनिक फीचर्स और बेहतर परफॉर्मेंस वाले वाहन बेहद ज़रूरी हैं। ALL NEW HORNET 125 अपने दमदार इंजन और आकर्षक डिज़ाइन के चलते युवाओं की पसंद बनेगी, जबकि SHINE 100 DX अपनी किफ़ायती कीमत और शानदार माइलेज के साथ आम उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित होगी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्राहक, बाइक प्रेमी और स्थानीय लोग शामिल हुए। सभी ने नई बाइक्स की डिज़ाइन, तकनीकी खूबियों और परफॉर्मेंस की सराहना की। Agarwal Honda प्रबंधन का कहना है कि इन दोनों मॉडलों के लॉन्च होने से लखनऊ के टू-व्हीलर बाजार में ग्राहकों को ज्यादा विकल्प और बेहतर अनुभव मिलेगा।

## गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में खतरे के लक्षण की पहचान जरूरी

### ● भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आयोजित शिविर में 131 महिलाओं का हुआ जांच 43 में मिली खून की कमी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में 131 गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय इलाज व परामर्श दिया गया,जिसमें से 25 गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम के लक्षण पाए गये,43 गर्भवती महिलाओं में खून की कमी होने के कारण आयरन सुक्रोज की डोज दी गई।

अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्त चाप,मधुमेह,फीटस के बेड़े होने,गंभीर एनिमिया,प्लेसेंटा का विकृत व नीचे होने से गर्भवती महिलाओं में जान का खतरा बना रहता है,इसलिए गर्भावस्था के दौरान सोनोग्राफी तथा चिकित्सीय परामर्श व इलाज बहुत जरूरी है।गर्भावस्था के शुरुआती दिनों में उच्च जोखिम वाले खतरे के लक्षण की पहचान जरुरी है,जिससे समय से चिकित्सीय प्रबंधन से जच्चा व बच्चा दोनो को सुरक्षित किया जा सकता है। अधीक्षक ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान उच्च जोखिम के लक्षण पाए जाने पर कम से कम तीन बार चिकित्सीय सलाह जरूरी होता है। इस दौरान डॉ.पीएन पटेल, डॉ सिद्धार्थ जयसवाल, डॉ.अनवरू दीन, विनय कुमार भारती, अजय पांडे, ज्योति, प्रेम कुमार त्रिपाठी, रुपम पाठक, सविता मौर्या, अर्चना चौधरी, रेखा पांडे, कृष्ण गोपाल पांडे, रविंद्र कुमार, अश्वनी अग्रहरि, पूनम, आदि शामिल रहें।

## पीपीपी मॉडल पर विकसित होगा सीएचसी नंदनगर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने नई पहल की है। अब स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदनगर को पीपीपी मॉडल (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) पर विकसित करेगा। एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) की तर्ज पर सीएचसी में चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मी व संसाधन बढ़ाए जाएंगे। इससे क्षेत्र के करीब 30 गांवों के डेढ़ लाख लोगों को फायदा मिलेगा। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए शासन स्तर से प्रदेश के 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को पीपीपी मॉडल के माध्यम से विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें जनपद का सीएचसी नंदनगर भी शामिल है। पीपीपी मॉडल पर निजी सेवा प्रदाता इस सीएचसी को 30 बेड के एफआरयू के रूप में विकसित करेंगे। सीएचसी को विशेषज्ञ चिकित्सक व आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। प्राइवेट कंपनी से सीएचसी का संचालन होने से स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से सुधार होने की उम्मीद है।



### वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सकों की है कमी

सीएचसी में इस समय विशेषज्ञ चिकित्सक व कर्मचारियों की भारी कमी है। अस्पताल में बाल रोग, स्त्री रोग व हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित एक्सरे टेक्नीशियन व स्टाफ नर्स आदि की तैनाती नहीं है। सीमित कर्मचारी व संसाधनों के सहारे लोगों को बेहतर सेवाएं देने का दावा स्वास्थ्य विभाग कर रहा है।

### शासन के निर्देशानुसार होगी व्यवस्था

शासन के निर्देशानुसार सीएचसी को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। प्राइवेट कंपनी द्वारा अस्पताल का संचालन शुरू करने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।- डॉ. जावेद अख्तर, अधीक्षक सीएचसी नंदनगर

## अफवाहों के शिकंजे में कानपुर, चोर बता किया कई को अधमरा- मुकदमे दर्ज

**कानपुर।** यह महानगर आजकल अफवाहों के शिकंजे में है ,जिसका संबंध चोरों की सक्रियता से है। इसी तरह की अफवाहों को लेकर लोग निर्दोषों को भी चोर बचाकर पीट रहे हैं। इस चक्कर में अब तक अनेक लोगों को अधमरा भी कर दिया गया है ,जिनमें से कई को अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। साथ ही अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ मुकदमे भी दर्ज किया जा रहे हैं। इसी क्रम में सजेती कस्बा में एक युवक को चोर समझकर स्थानीय लोगों ने पीट दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक को अपने साथ ले गई है। प्राप्त विवरण के मुताबिक फतेहपुर जिले के जहानाबाद क्षेत्र के द्वारिकापुर निवासी विकास हमीरपुर में एक अधिवक्ता के चैंबर में काम करते हैं। बताया कि वह सजेती में रवि सचान के कमरे पर किराए में रहते हैं। घटना के समय वह टहल रहे थे कि इसी दौरान कुछ लोग चोर-चोर चिल्लाने लगे। वह कुछ समझाने का प्रयास करते कि लोगों ने पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए वह एक घर में घुसे तो वहां भी उसे पीटा गया। इसके बाद उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया। सजेती इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि पूछताछ के बाद उन्हें जाने दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना की जांच भी की जा रही है जिसकी नतीजे के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। अवगत कराते चलने की यह घटना पहले नहीं है इसके पहले बर्रा, गोविंद नगर, महाराजपुर चकेरी समेत कई थाना क्षेत्र में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं ,जहां लोगों को कर बताकर पीटा गया है।

## सुहेलदेव पर ए आई एम आई एम नेता के बयान से भड़का गुस्सा, आज कल्याण मंच करेगा प्रदर्शन

**मोहनलालगंज।** ए आई एम आई एम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली द्वारा राष्ट्रनायक महाराजा सुहेलदेव को लेकर दिए गए विवादित बयान से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। शौकत अली ने अपने एक बयान में महाराजा सुहेलदेव को लुटेरा बताया था, जिस पर राष्ट्रीय कल्याण मंच ने कड़ी आपत्ति जताई है।राष्ट्रीय कल्याण मंच के अध्यक्ष अनोद कुमार रावत ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने आक्रांता सैयद सलार मसूद गाजी को परास्त कर देश की रक्षा की थी। उन्हें लुटेरा कहना न केवल गलत है बल्कि देशभक्तों का अपमान भी है।इसी मुद्दे पर मंच के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बुधवार को दोपहर 12 बजे मोहनलालगंज रेलवे क्रॉसिंग से तहसील मुख्यालय तक विरोध प्रदर्शन करेंगे। राष्ट्रीय कल्याण मंच ने पत्रकारों से भी इस विषय पर सही तथ्य समाज के सामने लाने की अपील की है।

## दर्दनाक हादसा- तेज़ रफ़्तार डंफर ने अधेड़ कुचला मौके पर मौत

### ● आक्रोशित ग्रामीणों ने घंटों जाम कर रखा सड़क मार्ग, जमकर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र मंगलवार की सुबह तेज़ रफ़्तार डंफर ने अधेड़ को रौंद दिया उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर भारी संख्या में ग्रामीण इक्कठा हो गए और आक्रोशित होकर मार्ग को जाम कर दिया मामले की जानकारी पर पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह मौके पर पहुंचकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को मौके पर बुलाएं जाने की मांग की कहां तभी मार्ग खुलेगा मामला बढ़ता देख भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची और क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों को टस से मस नहीं कर पाए ग्रामीणों से कहा कि कल से सड़क की पैचिंग का काम शुरू कर दिया मार्ग का चौड़ीकरण हो जाएं।पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के चंद्रमणि खेड़ा गांव के रहने वाले ओमप्रकाश मिश्रा उम्र करीब 54 वर्षीय पुत्र स्वर्गीय दयाशंकर मिश्र मंगलवार सुबह घर से पैदल अपने ढाबे पर जा रहे थे जैसे ही वह भोजपुर ऊंचगांव मार्ग के चंद्रमणि खेड़ा चौराहे से चंद कदम आगे बढ़े तभी पीछे से आ रहे डंफर ने उन्हें रौंद दिया उनकी मौके पर मौत हो गई।इंस्पेक्टर रमेश चन्द्र यादव ने बताया कि शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भेजा गया है। चालक और परिचालक पुलिस हिरासत में हैं।

## 17 सितम्बर से शुरू होगा "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान

### ● महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर होगा जोर

### पोषण अभियान के साथ चलेगा यह अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली,** जनपद में 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान चलेगा। इसके तहत जिला अस्पताल, सभी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आआम) पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा कि एक स्वस्थ महिला जहाँ स्वस्थ परिवार का निर्माण करती है वहीं एक स्वस्थ परिवार समाज को सशक्त बनाता है और यही मिलकर विकसित भारत की राह तैयार करते हैं। इसी के दृष्टिगत माननीय प्रधानमंत्री जी के पोषण, शारीरिक स्वास्थ्य और निवारक स्वास्थ्य सम्बन्धी आह्वाहन के अनुरूप, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश पर "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" अभियान चलाया जा रहा है जो कि पोषण अभियान के साथ चलेगा।

यह अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर आधारित है। इस अभियान का उद्देश्य रोगों की समय रहते पहचान आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुँच व परिवारों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

अभियान का शुभारम्भ जिला पुरुष चिकित्सालय में होगा और इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा जिसमें स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों सहित, आईसीडीएस, स्वास्थ्य जागरूकता के स्टाल लगेंगे। इसके साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी और आआम पर भी स्वास्थ्य शिविर लगेंगे। इसके अलावा अभियान के दौरान भी सीएचसी, पीएचसी और आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर स्वास्थ्य शिविर स्वास्थ्य शिविरों पर दी जायेंगी यह निःशुल्क सेवाएं-

- महिलाओं में गैर संचारी रोगों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, ओरल, ब्रेस्ट एवं गर्भाशय के कैंसर की गहन जाँच होगी।
- किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया की जाँच होगी।
- संवेदनशील महिलाओं की टीबी की जाँच होगी और निक्षय मित्र योजना के तहत उनका नामांकन किया जायेगा।
- गर्भवतियों की प्रसवपूर्व जाँच, हीमोग्लोबिन की जाँच, पोषण सम्बन्धी सलाह और तथा एमसीपी कार्ड(मदर चाइल्ड कार्ड) का वितरण किया जायेगा।
- गर्भवतियों एवं बच्चों को निःशुल्क टीकाकरण किया जायेगा।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत लाभार्थियों का पंजीकरण तथा ई-कार्ड एवं आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउंट(आभा) कार्ड का वितरण किया जाएगा। अन्य विभाग भी इसमें सहयोग करेंगे। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से पोषण संवर्धन के तहत पौष्टिक आहार, एवं अन्नप्राशन सम्बन्धी सम्बन्धी परामर्श दिए जायेंगे। इसके अलावा अभियान के दौरान ब्लड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया जायेगा। मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर भी जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

## विधायक ने वितरित किए टैबलेट

### ● ....... पॉलिटेक्निक छात्रों से किया वादा मार्च तक बन जाएगी सड़क- योगेश शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बक्शी का तालाब लखनऊ** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक नगुवामऊ कला बख्शी का तालाब में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला की अध्यक्षता में टेबलेट वितरण का कार्यक्रम किया गया विधायक ने 90 छात्रों को टैबलेट वितरित किए विधायक ने संबोधन में कहा कि सरकार की ये बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है इससे युवा पीढ़ी को आज के डिजिटल युग में जोड़ने और उनकी पढ़ाई और उनके उज्जवल भविष्य में सरकार की टेबलेट वितरण योजना बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रहा है। विधायक ने पॉलिटेक्निक प्रशासन की मांग पर मंच से पॉलिटेक्निक जाने वाली सड़क का निर्माण मार्च तक कराने का बच्चों से वादा किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर समीर सौरव, एडमिशन सेल हेड रमेश चंद्र सहाय, मनीष चौबे, अभिषेक पांडे, ओम प्रकाश, दिनेश वर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह चौहान, प्रधान विष्णु, प्रधान गुड्डू वर्मा, शिव मूर्ति, एडवोकेट अनुज सिंह के साथ पॉलिटेक्निक के शिक्षक सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## घाटमपुर में मां कुष्मांडा का विशेष मंदिर, एशिया का सबसे बड़ा सिद्धपीठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर नगर/**घाटमपुर में स्थित मां कुष्मांडा देवी मंदिर एशिया का सबसे बड़ा सिद्धपीठ हैं, यहां मां पिंडी स्वरूप में विराजमान हैं,इस पिंडी से निकलने वाला जल आंखों की समस्याओं को दूर करने में सहायक माना जाता है। मां कुष्मांडा की मूर्ति विश्व की एक मात्र चतुष्कोण वाली प्रतिमा हैं,इस मूर्ति के दो मुख हैं, और पिंडी ज़मीन पर लेटी हुई प्रतीत होती है, यहां मां को कुम्हड़े की बलि चढ़ाई जाती है,जो उनका प्रिय फल माना जाता है, आपको बताते चलें मंदिर का इतिहास 1330ई, में शुरु हुआ ,जब यहां छोटी सी मढिया बनाई गई,1890 ई, में एक व्यापारी ने इसका जीर्णोद्धार करवाया, मंदिर की खोज एक रोचक घटना से हुई,एक गाय रोज इस स्थान पर आकर दूध गिराती थी,गाय के मालिक ने जब पीछा किया तों खुदाई में मां की मूर्ति मिली।

मंदिर की एक विशेष परंपरा है कि यहां की पूजा अर्चना मालिन करती है,वे ही मां का श्रंगार करतीं हैं, वस्त्र पहनातीं है, और भोग लगातीं हैं, मंदिर की मालिन कमला देवी के अनुसार प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं, पंडित छुन्नू लाल शुक्ला बताते हैं कि मां कुष्मांडा की



उपासना से भक्तों को यश,बल, आरोग्य, और धन, वैभव की प्राप्ति होती है, विशेष रूप से छह महीने तक मां की पिंडी से निकलने वाले जल को आंखों में लगाने से आंखों में सुधार होता है।

## चोरी की अफवाह का सच- भाई ही निकला भाई के घर नकब काटने वाला..

### ● वाल्टरगंज पुलिस ने खोला नकली नकबजनी का राज, भाईयों का अनाज चुराने वाला निकला घर का ही सदस्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के परशुराम पुर थाना क्षेत्र, दुबौलिया थाना क्षेत्र में हुई चोरी घटनाओं में जिस तरह घर के लोगों ने ही चोरी कर उसे चोरों द्वारा चोरी की घटना के रूप में प्रस्तुत किया था और बाद में जब उसका खुलासा हुआ तो सच सामने आया जिसमें घर वालों की ही संलिप्तता पाई गई थी7इस तरह थाना वाल्टरगंज पुलिस ने ग्राम बहेरिया में हुई एक कथित चोरी और नकबजनी की घटना का राजफाश करते हुए सच्चाई सामने ला दी। जांच में खुलासा हुआ कि घर में हुई नकली सेंधमारी किसी बाहरी चोर ने नहीं बल्कि घर के ही सदस्य सोनू कुमार ने खुद ही रची थी

गांव बहेरिया निवासी सोनू कुमार ने अपने ही घर में रखे अनाज–जिसमें उसके भाइयों का भी हिस्सा था–को चोरी करके दूसरे स्थान पर छिपा दिया। फिर घटना को छिपाने और भाइयों को हिस्सा न देने की नीयत से उसने घर की पिछली दीवार की कुछ ईंटें निकालकर सेंधमारी का आभास पैदा किया। ताकि यह लगे कि कोई बाहरी चोर नकबजनी करके अनाज ले गया।पुलिस की पूछताछ में यह भी सामने आया कि सोनू कुमार अनाज बेचकर पैसा अपने निजी खर्चों में करना चाहता था। साथ ही उसने गांव में यह अफवाह भी फैलाई कि उसके घर में चोरी हुई है।

### पुलिस की कार्रवाई

थाना वाल्टरगंज पुलिस ने सोनू कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो पूरा सच




सामने आ गया। पुलिस ने चोरी किए गए अनाज और सेंधमारी में इस्तेमाल सब्बल को बरामद कर लिया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज, उ0 नि0 उमाशंकर त्रिपाठी, उ0नि0 ओमप्रकाश यादव, हे0का0 साहब प्रसाद, का0 सर्वदानन्द यादव, का0 रोहित यादव तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गूगल जेमिनी का वायरल फीचर और प्राइवेसी का सच

गूगल जेमिनी का नैनो बनाना फीचर इन दिनों सोशल मीडिया पर बेहद तेज़ी से ट्रेंड कर रहा है। साधारण तस्वीरों को 3डी मॉडल, रेट्रो साड़ी लुक या एनिमेटेड कैरेक्टर में बदलने की इसकी क्षमता ने लाखों यूजर्स को आकर्षित किया है। इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर हजारों लोग अपनी एआई एडिटेड तस्वीरें शेयर कर रहे हैं। इस ट्रेंड ने न केवल सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, बल्कि गूगल जेमिनी को ऐप स्टोर चार्ट्स के शीर्ष पर पहुंचा दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, केवल दो हफ्तों में 2.3 करोड़ से अधिक नए यूजर्स इस ऐप से जुड़े और अब तक 50 करोड़ से ज्यादा तस्वीरें इस टूल से एडिट की जा चुकी हैं। अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों में भी यह टूल चार्ट्स के शीर्ष स्थानों पर है। हालांकि, इस लोकप्रियता के साथ-साथ लोगों के मन में प्राइवेसी और सुरक्षा से जुड़ी शंकाएं भी उठ रही हैं। गूगल ने दावा किया है कि नैनो बनाना फीचर के तहत अपलोड की गई तस्वीरें सुरक्षित सर्वर पर प्रोसेस होती हैं और बिना यूजर की अनुमति के किसी थर्ड पार्टी के साथ साझा नहीं की जातीं। कंपनी का कहना है कि वह यूजर्स की तस्वीरों को बिना सहमति के एआई ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल नहीं करती और जेमिनी यूरोप के जीडीपीआर और अमेरिका के सीसीपीए जैसे सख्त डेटा सुरक्षा नियमों का पालन करता है। इसके अलावा, गूगल का यह भी कहना है कि केवल यूजर ही अपनी तस्वीरों को साझा कर सकता है। जेमिनी अपने एआई जनरेटेड इमेज में सिंथआईडी (SynthID) नामक अदृश्य वॉटरमार्क और एक विजिबल वॉटरमार्क का इस्तेमाल करता है, ताकि यह पहचाना जा सके कि इमेज एआई से बनी है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि वॉटरमार्क को हटाना असंभव नहीं है, जिससे इन तस्वीरों के दुरुपयोग का खतरा बना रहता है। इसलिए सिर्फ गूगल के दावों पर भरोसा कर लेना पर्याप्त नहीं है। किसी भी ट्रेंड को फॉलो करते समय यह समझना जरूरी है कि एक साधारण तस्वीर भी कितनी निजी जानकारी उजागर कर सकती है। उदाहरण के लिए, फोटो के बैकग्राउंड में आपका घर, कार्यस्थल या अन्य लोग दिख सकते हैं।

सबसे बड़ा जोखिम मेटाडेटा और लोकेशन टैग से होता है। मेटाडेटा में आपकी तस्वीर कब और कहां खींची गई, किस डिवाइस से ली गई और अन्य विवरण दर्ज होते हैं। यदि इन्हें हटाए बिना अपलोड किया जाए तो आपकी लोकेशन आसानी से लीक हो सकती है। अपनी सुरक्षा के लिए कुछ एहतियाती उपाय करना ज़रूरी है। सबसे पहले, किसी भी तरह की संवेदनशील या निजी तस्वीरें अपलोड करने से बचें, जिनमें बच्चों, परिवार या आपके घर की पहचान शामिल हो। एक बार इंटरनेट पर अपलोड हो जाने के बाद, किसी भी सामग्री को पूरी तरह से हटाना मुश्किल होता है। दूसरी बात, मेटाडेटा हटाना बेहद ज़रूरी है। गूगल फ़ोटोज़ में फ़ोटो खोलकर और 'i' आइकन पर क्लिक करके मेटाडेटा देखा जा सकता है। इसे हटाने के लिए, फ़ोटो एक्सफ़ एडिटर जैसे थर्ड-पार्टी ऐप्स का इस्तेमाल करें। कई स्मार्टफ़ोन में एक बिल्ट-इन विकल्प होता है, जहाँ एडिट या मोर विकल्प में जाकर "मेटाडेटा हटाएँ" का विकल्प चुना जा सकता है। विंडोज़ कंप्यूटर पर, फ़ोटो पर राइट-क्लिक करें और प्रॉपर्टीज़ खोलें, फिर डिटेल्स टैब खोलें और "प्रॉपर्टीज़ और पर्सनल जानकारी हटाएँ" पर क्लिक करें। यहाँ आप एक नई कॉपी बना सकते हैं या मूल फ़ाइल से मेटाडेटा हटा सकते हैं। किसी भी ऑनलाइन सेवा या ऐप का उपयोग करने से पहले उसकी प्राइवेसी पॉलिसी पढ़ना भी बेहद आवश्यक है। अक्सर लोग बिना पढ़े ही सहमति दे देते हैं और बाद में उन्हें पता नहीं चलता कि उन्होंने अपनी कौन-सी जानकारी साझा करने की अनुमति दी है। गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स के पास मजबूत सुरक्षा उपाय होते हैं, लेकिन इंटरनेट पर अपलोड की गई हर जानकारी किसी न किसी स्तर पर जोखिम में रहती है। एआई कंपनियों को आपके डेटा को भविष्य की सेवाओं या अनुसंधान के लिए इस्तेमाल करने के अधिकार मिल सकते हैं, जिनसे आप अनजाने में सहमत हो चुके हों। इसके अलावा, एडिट की गई तस्वीरों को सार्वजनिक प्लेटफॉर्म पर शेयर करने से बचें। मेटाडेटा हटाने के बाद भी एक बार फोटो इंटरनेट पर पब्लिक मोड में जाती है, तो कोई भी उसे डाउनलोड कर सकता है और उसका दुरुपयोग कर सकता है। सोशल इंजीनियरिंग, पहचान की चोरी या अन्य साइबर अपराधों के लिए ऐसी तस्वीरों का इस्तेमाल किया जा सकता है। खासकर तब, जब तस्वीरों में आपकी पहचान या आपके परिवार के सदस्य स्पष्ट रूप से दिख रहे हों। नैनो बनाना फीचर का उपयोग करना आसान है। आपको बस अपनी तस्वीर अपलोड करनी होती है और फिर अपनी पसंद का स्टाइल या इफेक्ट बताने वाला प्रॉम्प्ट डालना होता है। कुछ ही सेकंड में यह टूल आपकी फोटो को पूरी तरह बदल देता है। लोग इससे अपने 3डी मॉडल बनवा रहे हैं, 90 के दशक की साड़ी लुक वाली तस्वीरें तैयार करवा रहे हैं या खुद को एनिमेटेड कैरेक्टर में बदल रहे हैं। यही इसकी लोकप्रियता की बड़ी वजह है–न कोई तकनीकी ज्ञान चाहिए,




न कोई शुल्क। इसकी सरलता और आकर्षक परिणामों ने इसे वायरल बना दिया है। लेकिन यही सरलता एक जोखिम भी है। इंटरनेट पर पहले भी देखा गया है कि ट्रेंड्स के बहाने यूजर्स के निजी डेटा का दुरुपयोग किया गया है। चाहे कंपनियां कितने भी सुरक्षा दावे करें, अपनी प्राइवेसी की जिम्मेदारी अंततः यूजर पर ही होती है। डिजिटल युग में आपकी तस्वीरें, लोकेशन और पहचान बेहद मूल्यवान डेटा हैं। इन्हें सुरक्षित रखना आपके अपने कदमों पर निर्भर करता है। इस पूरे मामले से यह सीख मिलती है कि किसी भी नए एआई ट्रेंड को अपनाने से पहले उसकी प्राइवेसी नीतियों को समझना और अपने डेटा की सुरक्षा के लिए जरूरी एहतियात बरतना चाहिए। यदि आप मेटाडेटा हटाने, संवेदनशील तस्वीरें न देने और एडिट की गई तस्वीरों को सार्वजनिक रूप से शेयर न करने जैसे कदम उठाते हैं, तो आप इस ट्रेंड का आनंद बिना बड़े जोखिम के ले सकते हैं। इंटरनेट पर अपलोड किया गया डेटा हमेशा के लिए वहां रह सकता है, इसलिए सोच-समझकर हर तस्वीर शेयर करें। इस तरह आप नैनो बनाना जैसे मजेदार टूल्स का उपयोग भी कर पाएंगे और अपनी प्राइवेसी तथा लोकेशन को भी सुरक्षित रख सकेंगे।

**महेन्द्र तिवारी**

# भारतीय मानव अधिकारों की मांग तो कर रहा है,मगर उसे कर्तव्य का बोध नही

धर्म-प्रधान देशों में भारत देश का स्थान सदा से ही गौरवपूर्ण रहा है। यह भारत-भूमि अनेक धर्मों की जन्म-स्थली रही है। वैदिक, जैन, बौद्ध व सिक्ख धर्म के साथ-साथ कई अन्य धर्म भी यहाँ जन्मे और फले-फूले हैं। प्रत्येक धर्म के मूल में एक ही बात रही है कि मानव सुख से जिए, सुख से रहे। सभी धर्म-प्रचारकों का एक सन्देश है कि आत्मा को उज्ज्वल करो, मन का मैल हटाओ, जिससे परमात्मा से साक्षात्कार हो सके। हर धर्म का अपना दर्शन रहा है। महापुरुषों ने अपने ज्ञान व विवेक से लोगों में विश्वास पैदा किया है कि हम जिस पथ पर चल रहे हैं, वही ईश्वर के द्वार तक ले जाने वाला पथ है, और वह दर्शन ही परमात्मा के दर्शन कराने में सक्षम है। भारत में सदियों से श्रद्धा और विश्वास की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। लोगों को हमेशा दूसरों पर विश्वास रहा है। भय को कभी यहाँ स्थान नहीं मिला। इस भूमि पर सम्पन्नता का साम्राज्य छाया रहा। इतिहास के पृष्ठों को पलटने पर पता चलता है कि इस धरती के निवासी अतीत में कभी अपने घरों में ताले नहीं लगाते थे। यू. एन. संग, फाह्यान, मेगस्थनीज जो कि चन्द्रगुप्त के राज्यकाल में भारत की यात्रा पर आये थे, उनको यह जानकर आश्चर्य हुआ था कि इस देश में चोरी नहीं होती। दूसरों की वस्तु को चुराने की आदत से भारत का निवासी सर्वथा मुक्त है। देहरादून, मंसूरी आदि क्षेत्रों में देखा कि वहाँ के किसान-मजदूर बहुत गरीब व ईमानदार होते हैं। उनके घरों के व्यक्ति दिन में अपने खेत या काम पर जाते हैं तो अपने घरों में ताले नहीं लगाते। उदयपुर जिले के आदिवासी क्षेत्रों के लोग तो आज भी अपने-अपने घरों की कुंडी लगाकर काम पर चले जाते हैं। इन गाँवों को देख-देखकर मन में विचार उठता है कि भारत के सुदूर ग्राम जहाँ अभी भी शहरों की हवा नहीं पहुँची है, उन ग्रामों के निवासी छल-प्रपंच, चोरी आदि कई सामाजिक बुराइयों से मुक्त हैं। इधर शहरों और कस्बों की ओर दृष्टि जाती है तो मन परेशान होने लगता है, क्योंकि आज तो आदमी का आदमी से विश्वास उठता जा रहा है। आज हमारे मनों में बुराई के भाव हैं और बुराई का ये भाव ही भय पैदा कर रहा है। आदमी को हर समय यही भय लगा रहता है कि कोई उसके घर में प्रवेश न कर जाये, चोरी न हो जाये। इसके लिए बड़े-बड़े ताले लटकाये जाते हैं। चाबी वाले तालों के साथ-साथ गुप्त अंकों वाले ताले भी लगाये जाते हैं। फिर भी समाचार-पत्रों में आये दिन चोरी होने के समाचार छपते ही रहते हैं।

हर सामने वाले को शंका की दृष्टि से देखने की लोगों की आदत हो गई है। देश की वर्तमान स्थिति को देखने पर इतिहास में आये मेगस्थनीज और फाह्यान जैसे यात्रियों पर आशंका होने लगती है कि कहीं उन्होंने भूल से तो भारत का नाम नहीं लिख दिया ? आज हमारा इतिहास काँप रहा है और अतीत तथा वर्तमान के अन्तर को देख-देखकर वह आँसू बहा रहा है। यह देश गर्त में जा रहा है जबकि दुनियाँ के अन्य देश आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत की स्थिति तो एकदम विपरीत और दयनीय हो चुकी है। जेब काटना, चोरी करना और दूसरे के माल पर अधिकार करना आदि तो सामान्य बातें हो गई हैं। माता-पिता बच्चों को सावधानी रखने की शिक्षा देते हैं। अब तो स्थिति यहाँ तक पहुँच चुकी है कि किसी-न-किसी रूप में सभी में चोरी की भावना घर कर गई है। कोई धन का चोर है तो कोई काम का चोर। नेता जनता पर उँगली उठाते हैं और जनता नेताओं पर उँगली उठा रही है। बड़ी मनोरंजक बात है। एक पुरानी बात याद आ गई है।एक शहर के सार्वजनिक स्थल पर चुनाव के बड़े-बड़े पोस्टर लगे हुए थे। काँग्रेस को वोट दो। जनता पार्टी को वोट दो। कम्यूनिस्ट पार्टी को वोट दो। इस तरह कई पार्टियों के पोस्टर लगे थे। उनके पास ही सिनेमा का पोस्टर भी लगा था, जिसका नाम था हम सब चोर है। सच्चाई को उजागर करने वाला यह पोस्टर-संयोग हँसने-हँसाने के लिए ही नहीं लिखा,अपितु यह हम सबके लिए सोचने-विचारने का विषय भी है। हमारा जन्म किसी महान् उद्देश्य के लिए हुआ है, न कि धोखा देने और छल-प्रपंच करने के लिए। आज लाखों मनुष्य कानून के कटघरे में खड़े होकर जेल की चारदीवारी में जीवन के महत्त्वपूर्ण क्षणों को नष्ट कर रहे हैं। ऐसा क्यों हुआ? इसलिए कि जो दूसरों को कष्ट देता है, वह कानून को अपने ऊपर लादता है। साथ ही, आत्मा को भी बन्धन में बाँधता है। दूसरों को किसी प्रकार का कष्ट दिये बिना ही जीवन को आनन्द से व्यतीत किया जा सकता है। मानव तो अनंत गुणों का भण्डार है। सभ्यता और संस्कृति की छाया से उसे प्रेरणा मिलती है। शिक्षा से उसे ज्ञान मिलता है। संस्कार मिलते हैं और समाज उसका मूल्यांकन करने लगता है।आज के समय मे उधोग में धोखाधड़ी हो गई है।महानगरों में उधार में माल लेकर पेमेंट नही करते है।आज धोखाधडी के केस बढ़ते जा रहे है।दूसरो के बच्चो को निवाला छीनकर अपनी संतान को खिला रहे है।जुठ और धोखाधड़ी से लूटकर जमा की गई ,सम्पति अपने कुटुंब को शांति प्रदान करेगी?यह विचारणीय है।समाज मे अपनी करनी के शिकार होते लोगो को हम देख रहे है। सोना, चाँदी, लोहा आदि धातुएँ कहाँ से आती हैं? इसी धरती से, इसी मिट्टी से। मगर उसको भी पहले संस्कारित करना पड़ता है, तब सोना मिट्टी से अलग होकर अपनी चमक से सभी को मोहित करता है। एक निर्जीव वस्तु संस्कारित हो सकती है तो मानव को तो ज्ञान मिला है, बुद्धि मिली है, उसे तो जीवन का लाभ उठाना ही चाहिए। स्वयं को संस्कारित बनाकर समाज के लिए उपयोगी जीवन जीना चाहिए। यदि मानव ऐसा कर सका तो समाज और राष्ट्र के लिए सार्थक सिद्ध होगा। आज का भारतीय मानव अधिकारों की माँग तो कर रहा है, मगर उसे अपने कर्त्तव्यों का बोध नहीं है। प्रत्येक नागरिक का अपने परिवार, समाज,ग्राम,राज्य राष्ट्र और सम्पूर्ण विश्व के प्रति सम्पूर्ण कर्तव्य है। महान् नीतिविज्ञ भर्तृहरि ने कहा है- जब मैं मूर्ख था तो यह समझता था कि बहुत कुछ जानता हूँ, किन्तु जब कुछ-कुछ जानने लगा तो यह अनुभव हुआ कि मैं कुछ भी नहीं जानता। वास्तव में अज्ञानी अपने अज्ञान को नहीं समझ पाता, जबकि ज्ञानी अपने अज्ञान को समझने के कारण ही ज्ञानी बनता है। ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रयास की आवश्यकता होती है।

इस हेतु डॉ. राधाकृष्णन के अनुसार तप ही ज्ञान की कुंजी है। तप से ही ज्ञान के भीतर शक्ति का उद्रेक होता है और तप से ही वह शक्ति श्रेयोगामी होकर अमृत की सृष्टि करती है।भगवान महावीर ने ज्ञान प्राप्ति के लिए साढ़े बारह वर्ष तक कठोर तपःसाधना की। इस तपःसाधना द्वारा ही आत्मा के कल्मष धुल-धुलकर बह गये और समस्त आवरण हट गये। अन्तःशक्तियाँ स्फुटित हुई और अनन्त ज्ञानालोक प्रकट हो गया। वही ज्ञान जीवन के लिए उपयोगी है, जो बन्धनों से मुक्ति दिलाये। क्या इस हेतु हमारा प्रयास हो रहा है? सारे प्रयासों के पश्चात् भी यदि कर्मों की निर्जरा नहीं हो पाई तो सब प्रयास निरर्थक हैं। हमें हर पल विचार करना होगा कि जो ज्ञान, जो तप हम कर रहे हैं, वह कहीं हमारे अहंकार की तुष्टि तो नहीं कर रहा है? जहाँ अहंकार बढ़ा, मैं की अभिवृद्धि हुई, वहीं आत्मा मुक्त होने के स्थान पर बन्धन में पड़ जायेगी।

**कांतिलाल मांडोत**

# आग, आक्रोश और आशा~ नेपाल का नया अध्याय

**छह महीने, एक भरोसा—क्या टिकेगा नेपाल?**

नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता ने हाल ही में एक नाटकीय मोड़ लिया, जब पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। यह कदम जनरेशन जेड के युवा प्रदर्शनकारियों की जोशीली मांगों का परिणाम है, जिन्होंने भ्रष्टाचार, नेपोटिज्म और सामाजिक मीडिया प्रतिबंधों के खिलाफ उग्र विरोध प्रदर्शन किए।

इन प्रदर्शनों ने देश को हिलाकर रख दिया–51 लोगों की जान गई, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन और प्रधानमंत्री आवास को आग के हवाले कर दिया गया, और देशव्यापी कर्फ्यू लागू करना पड़ा। केपी शर्मा ओली की सरकार के इस्तीफे के बाद उठाया गया यह कदम नेपाल के राजनीतिक इतिहास में एक निर्णायक क्षण है। लेकिन सवाल यह है~ क्या यह नियुक्ति नेपाल के लिए स्थायी स्थिरता ला पाएगी, या यह केवल अस्थायी राहत है? सुशीला कार्की का चयन एक अभूतपूर्व प्रक्रिया का नतीजा है। 73 वर्षीय कार्की, जो 2016 से 2017 तक नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रहीं, अपने न्यायिक सुधारों और भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर रुख के लिए जानी जाती हैं। जेन जेड प्रदर्शनकारियों ने डिस्कॉर्ड ऐप पर ऑनलाइन वोटिंग के जरिए उनका नाम चुना, जिसमें उन्होंने 31% वोट हासिल कर काठमांडू के मेयर बालेंद्र शाह (27%) को पछाड़ा। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल ने संवैधानिक विशेषज्ञों से विचार-विमर्श कर कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया। जेन जेड समूह की संसद भंग करने और छह महीने में नए चुनाव कराने की मांग को भी स्वीकार किया गया। युवाओं ने कार्की को "ईमानदार, निडर और दृढ़" बताते हुए उन्हें "राष्ट्र निर्माण का सशक्त विकल्प" करार दिया। नेपाल की राजनीतिक उथल-पुथल में सुशीला कार्की की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति एक उम्मीद की किरण है, लेकिन यह कितनी कारगर साबित होगी? कार्की की तटस्थता और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनका अडिग रुख उन्हें जेन जेड प्रदर्शनकारियों की नजर में एक आदर्श विकल्प बनाता है।

किसी राजनीतिक दल से न जुड़ी होने के कारण उनकी नियुक्ति निष्पक्षता का प्रतीक है, जो हिंसा और अस्थिरता से जूझ रहे नेपाल में "सुधारों की नई सुबह" का वादा करती है। 73 वर्षीय कार्की, नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश, अपने कठोर न्यायिक सुधारों और भ्रष्टाचार विरोधी रुख के लिए जानी जाती हैं। जेन जेड ने डिस्कॉर्ड पर ऑनलाइन वोटिंग के जरिए उन्हें चुना, जो उनकी विश्वसनीयता को दर्शाता है। उनकी भारत से गहरी सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव–विशेष रूप से बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से उनकी शिक्षा और भारत-नेपाल संबंधों के प्रति सकारात्मक रवैया–दोनों देशों के बीच रिश्तों को मजबूती दे सकता है। एक साक्षात्कार में कार्की ने कहा, "मैं गंगा की यादों को संजोती हूं और भारत के योगदान को सम्मान देती हूं" यह भारत के लिए एक अवसर है, खासकर तब, जब ओली सरकार के दौरान सीमा विवाद और चीन की बढ़ती उपस्थिति ने चिंताएं बढ़ाई थीं। कार्की की नियुक्ति नेपाल में जवाबदेही और पारदर्शी शासन की दिशा में एक साहसिक कदम हो सकती है। लेकिन यह राह आसान नहीं है। कार्की के सामने चुनौतियों का पहाड़ है। संवैधानिक प्रक्रिया में अस्पष्टता और संसद भंग करने के प्रावधान पर सहमति की कमी उनके लिए शुरुआती अड़चन है। प्रदर्शनों की आग में 51 से अधिक लोगों की जान गई, संसद और सरकारी भवनों को नष्ट किया गया, और 15,000 कैदियों के जेल से भागने ने अराजकता को बढ़ाया। सेना को कानून-व्यवस्था संभालनी पड़ी, जो अस्थिरता की गंभीरता को दर्शाता है। नेपाल, 2008 में राजतंत्र समाप्त होने के बाद से ही राजनीतिक और आर्थिक संकट से जूझ रहा है। युवा बेरोजगारी और विदेश पलायन जैसी समस्याओं ने जेन जेड के आक्रोश को हवा दी, जिन्होंने "नेपो किड्स" और भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोला। कार्की को अब न केवल शांति बहाल करनी है, बल्कि आर्थिक सुधार और भ्रष्टाचार की जांच जैसे जटिल कार्य भी करने हैं। उनकी उम्र (73 वर्ष) और विशुद्ध न्यायिक पृष्ठभूमि राजनीतिक नेतृत्व की जटिलताओं के लिए पर्याप्त नहीं हो सकती। 2017 में उनके खिलाफ लाया गया महाभियोग प्रस्ताव, भले ही जन दबाव में वापस ले लिया गया, उनकी राह में अविश्वास का सबब बन सकता है। यदि राजनीतिक दल सहयोग नहीं करते, तो यह अंतरिम सरकार एक और विफल प्रयोग बन सकती है। क्या कार्की इन तूफानों को पार कर नेपाल को स्थिरता की ओर ले जाएंगी, या यह नियुक्ति केवल एक अस्थायी पड़ाव है? नेपाल का भविष्य अब एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है। सुशीला कार्की की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति एक साहसी कदम है, लेकिन क्या यह देश को स्थायी स्थिरता की ओर ले जाएगा? यह अस्थायी समाधान जेन जेड के जोश और उनके "राष्ट्र निर्माण" के सपने को दर्शाता है, परंतु इसकी सफलता कई अनिश्चितताओं पर टिकी है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राजनीतिक दलों को एकजुट होने का आह्वान किया है, जबकि सेना की भूमिका कानून-व्यवस्था बनाए रखने में निर्णायक होगी। जेन जेड ने छह महीने में नए चुनावों की घोषणा की है, जिसमें युवा अपने नेतृत्व का चयन करेंगे। इस बीच, कार्की की अगुवाई में भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच, आर्थिक सुधार और युवा रोजगार पर ध्यान केंद्रित करने की योजना है। कार्की की भारत-प्रेमी टिप्पणियां–जैसे गंगा की स्मृतियों और भारत के योगदान की प्रशंसा–नेपाल की विदेश नीति में बदलाव का संकेत देती हैं, जो ओली सरकार की चीन-केंद्रित नीतियों को संतुलित कर सकती हैं। उनके शब्द, "मेरा पहला कदम प्रदर्शनकारियों के परिवारों को न्याय और सहायता देना है," दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं।

सोशल मीडिया पर "जय नेपाल" और "नया अध्याय" जैसे उत्साहपूर्ण नारे गूंज रहे हैं, लेकिन कुछ चेतावनियां भी हैं कि एकता और धैर्य जरूरी है, वरना अराजकता फिर लौट सकती है। हालांकि, चुनौतियां कम नहीं हैं। संवैधानिक संशोधन की मांग और पुरानी राजनीतिक संरचनाओं से टकराव कार्की के लिए बड़ी बाधा है। नेपाल, जो भारत और चीन के बीच सामरिक रूप से स्थित है, को क्षेत्रीय शक्तियों के प्रभावों से सावधान रहना होगा। आर्थिक अस्थिरता, बेरोजगारी और विदेश पलायन जैसे मुद्दे जेन जेड के आक्रोश को भड़का सकते हैं। कार्की की नियुक्ति जेन जेड की लोकतांत्रिक शक्ति का प्रतीक है, लेकिन उनकी उम्र और न्यायिक पृष्ठभूमि राजनीतिक जटिलताओं से निपटने में अपर्याप्त साबित हो सकती है। यदि वह कानून-व्यवस्था बहाल कर निष्पक्ष चुनाव करा सकीं, तो यह नेपाल के लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत होगी। लेकिन अगर राजनीतिक दल और युवा आंदोलन के बीच एकता टूटी, तो यह एक और संकट को जन्म दे सकता है। नेपाल को केवल राहत नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत चाहिए। कार्की और जेन जेड की यह साझेदारी क्या इतिहास रचेगी, या यह एक अधूरी कहानी बनकर रह जाएगी?

**प्रो. आरके जैन**

# संपादकीय

## पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण से होता बुरा हाल

**शहरी नागरिक फेफड़ों की तकलीफ से हलाकान।**

बड़े मेट्रोपॉलिटन शहरों जैसे दिल्ली,मुंबई,कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, हैदराबाद जैसे शहरों में पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का स्तर काफी ऊंचा हो गया है। दिल्ली वैसे भी देश और दुनिया का सर्वाधिक प्रदूषित शहर माना जाता है इसके बाद कोलकाता तथा मुंबई का नंबर भी आता है पटना शहर की जनसंख्या एवं घरों की बसाहट अधिक होने से वाहन प्रदूषण की स्थिति अत्यंत कमजोर है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा की भारत जैसे विकासशील देश को नितांत आवश्यकता है। जहां देश के वार्षिक बजट का बड़ा हिस्सा पर्यावरण प्रदूषण को दूर करने एवं पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने हेतु खर्च किया जाता है। अपने देश में दिल्ली सर्वाधिक प्रदूषित शहर हैद्य इसके बाद अनेक राज्यों की राजधानियां भी प्रदूषण में एक दूसरे को टक्कर दे रही हैं दिल्ली मे तो प्रदूषण बेचारा केंद्र और राज्य की राजनीति का शिकार हो गया है ,दिल्ली प्रशासन और केंद्र शासन एक दूसरे पर पर्यावरण तथा यमुना नदी के प्रदूषण पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं पर प्रदूषण कम करने के उपाय ऊपर हाथ में हाथ धरे बैठे हैं ।अमूमन यही स्थिति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हैद्य वर्तमान में वृहद चिंतन की आवश्यकता है कि पर्यावरण संतुलन से आर्थिक, सामाजिक विकास की अवधारणा है कैसे जन्म लेंगी? उसमें गहन चिंतन विभिन्न मानव प्रजातियों के आर्थिक तथा पर्यावरण संतुलन को लेकर भी हैद्य इस विषय पर एक खुली बहस की आवश्यकता हैद्य खुली बहस इसलिए भी कि मनुष्य के जीवन के लिए जितना आवश्यक पर्यावरण संतुलन है उतना ही आवश्यक उसका आर्थिक विकास भी हैद्य अब ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को देखकर पर्यावरण संतुलन को आर्थिक विकास के साथ जोड़ा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैद्य बढ़ते असमान आर्थिक विकास तथा उपभोक्तावादी प्रकृति ने जहां सामाजिक विभेद की दरार को चौड़ा कर दिया है वही विश्व स्तर पर विस्तारवाद तथा उपनिवेशवाद को बढ़ावा भी मिला हैद्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भेदभाव के इस बड़े स्तर को आर्थिक विकास तथा पर्यावरण संतुलन को प्राथमिकता देना नदी के दो अलग किनारों को जोड़ने जैसा ही हैद्य विकास की दौड़ में जहां मनुष्य जीवन के इस व्यस्तता में थककर वापस प्रकृति की ओर उन्मुख होना चाहता हैद्य शहरी मनुष्य प्रकृति की शीतलता, हरियाली और खुली स्वच्छंद हवा में सांस लेने



के लिए उत्सुक है और कल्पना करता है कि गांव में जीवन कितना सुमधुर और स्वच्छंद आनंदमई है, इसकी दूसरी तरफ ग्रामीण जंगली इलाकों के रहने वाले लोग कल्पना करते हैं कि शहर में कितनी सुविधाएं हैं जो जीवन जीने को एकदम सरल एवं आसान बनाती है। यह द्विपक्षीय लालसा शहर में रहने वाले और ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के बीच बराबर की है, हमें इनके आपसी संतुलन को बनाए रखना और आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संतुलन को भी बढ़ते सोपान के साथ बढ़ावा देना हैद्य यूरोपीय देशों में कई देशों ने इसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जहां आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई हैद्य इसके लिए हमें उपभोक्तावादी संस्कृति को नियंत्रित कर नागरिकों को पर्यावरण के संतुलन के प्रति जागरूक करना होगाद्य टेक्नोलॉजी के स्तर पर पर्यावरण अनुकूल साधनों का ऊर्जा स्रोत ग्रीन तकनीक, हरित भवन, कार्बन न्यूट्रल वाहनों की तरफ उनके नियंत्रण पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी तरफ आदिवासियों पर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को आधुनिक विज्ञान से देसी ज्ञान के साथ शिक्षित भी करने की आवश्यकता होगीद्य पर्यावरण किसी भी परियोजना को स्थापित करने के पूर्व पर्यावरण आकलन करने की आवश्यकता है ही इसके साथ ही समाज में पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए सामाजिक प्रभाव आकलन को भी मूर्त रूप देना होगाद्य इस संतुलन को बनाने हेतु भविष्य की नीति बनाने की आवश्यकता होगी साथ ही हमको यह भी समझना होगा कि पर्वतों को मिटाने से नदियों को बांधने व जंगलों को काटने से विकास संभव नहीं हैद्य पर्यावरण संतुलन और विकास को केवल आर्थिक विकास की श्रेणी में न रखकर समग्र रूप से सामाजिक, पर्यावरणीय संस्कृति के नैतिक रूप से समझने की आवश्यकता होगीद्य इस पर्यावरण तथा आर्थिक संतुलन को बनाए रखने के लिए हमें सर्वहारा वर्ग के हर व्यक्ति के लिए जीत सुनिश्चित करनी होगी जिसमें किसी को नुकसान ना हो एवं आम व्यक्ति पीछे ना रह जाए। यह अवधारणा यदि किसी भी समाज देश में व्याप्त होगी तभी आर्थिक विकास का पर्यावरण के साथ संतुलन स्थापित हो सकता है इस संदर्भ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी कहा है "प्रकृति हमारी जरूरतों को पूरा करने के लिए है व्यक्ति की लालच को पूरा करने के लिए नहीं" निर्दोष, निर्मल प्रकृति के दोहन के साथ ही मनुष्य के समाज ने अत्यधिक शोषण किया है। प्रकृति के विनाश के साथ आर्थिक विकास लंबे समय तक नहीं चल सकता हैद्य यह बात जितने जल्दी मनुष्य को, देश और पूरे विश्व समुदाय को जितनी जल्दी समझ में आ जाए उतना ही आर्थिक तथा पर्यावरण के संतुलन के विकास के लिए शुभ संकेत होंगेद्य आर्थिक विकास के वर्तमान संदर्भ को देखें तो यह बात बड़ी विचित्र किंतु सत्य प्रतीत होती है कि जब एक समुदाय को कुर्बान करने के लिए दूसरे समुदाय को लाभ पहुंचाया जाता है आर्थिक विकास के लिए योजनाएं कहीं बनती हैं, विस्थापित लोग कहीं और होते हैं और बिजली और अन्य सुविधाएं किसी अन्य जगह से आती है, जिसके परिणाम स्वरूप आर्थिक और पर्यावरण के संतुलन में अनेक विसंगतियां जन्म लेती हैं, और इससे सामाजिक आर्थिक संतुलन भी बिगड़ने की संभावना बलवती होती हैद्य मनुष्य की स्पृहा, कामना और लालच के सामने प्रकृति भी निरुत्तर होती दिखाई दे रही है। प्रकृति के समर्पण में जो विसंगतियां और दुष्प्रभाव हमारे सामने आ रहे हैं उनमें जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, बढ़ते ओजोन छिद्र ,बढ़ता जलवायु परिवर्तन, पिघलते ग्लेशियर तथा बढ़ता समुद्री जल हम सबके लिए नई समस्याओं को जन्म देने का काम कर रहे हैं। आपको ऐसा नहीं लगता कि हमारे प्रकृति विरोधी कर्मों से हमारे जीवन का अस्तित्व ही खतरे में आने लगा हैद्य इसी तरह के अनेक आसन में खतरों से निपटने के लिए आर्थिक विकास के नए मॉडलों को पर्यावरण के संतुलन के साथ जोड़ने का विकल्प हम सबके लिए एक जीवन उपयोगी मार्ग बनता नजर आ रहा हैद्य प्रकृति के असंतुलन दोहन का सर्वोत्तम उदाहरण यूरोप के विकसित देश है जिनकी पर्यावरण असंतुलन के प्रति उदासीनता की भयावह कीमत विकासशील तथा समुद्री क्षेत्रों में सीमावर्ती तथा अल्प विकसित देशों को चुकानी पड़ रही हैद्य हमें वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास को पर्यावरण संतुलन बनाने की दिशा में सामूहिक रूप से कारगर उपाय खोज कर संपूर्ण विश्व को ग्लोबल वार्मिंग और इसके गहरे परिणामों से सुरक्षित रखना होगा, विशेषकर उन अल्प विकसित एवं विकासशील राष्ट्रों को जिनकी जनसंख्या अग्रणी देशों में गिनी जाती है. पर्यावरण संतुलन तथा आर्थिक विकास के ढांचे को विकसित करने के लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन उपलब्ध नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

# भारत मे लोकतांत्रिक तरीको से होता है सरकार विरोध

भारत धर्म प्राण राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। संसार के लोगों की मान्यता है कि जितने महापुरुष भारतवर्ष ने दिये, उसका दशमांश भी दुनियाँ को अन्य राष्ट्र नही दे पाये। सभ्यता और मानव संस्कृति का सूर्योदय सर्वप्रथम भारत भूमि पर ही हुआ।

ज्ञान का उजाला सर्व प्रथम यहाँ फैला। यों भी सूर्योदय से पहले पूर्व दिशा ही आलोकित होती है, पश्चिम को बाद में ही प्रकाश मिलता है। हममें चेतना आई तो हमने स्वानुभूत ज्ञान विश्व में फैलाकर विश्व को भी प्रकाश दिया, उसे जगाया। आज सम्पूर्ण विश्व में ज्ञान का जो उजाला दिखाई दे रहा है, वह हमारे द्वारा ही फैलाया गया है। जैसे सूर्योदय से इस का अंधकार नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार मनरूपी आकाश का अंधकार ज्ञान के सूर्य से नष्ट हो गया। जहाँ अज्ञान है, वहीं दुःख है। ज्ञान होने पर शोक चला जाता है। सारे विश्व में अज्ञानरूपी अंधकार के चले जाने पर संसार शोकरहित हो जाता है।जिस भारत ने विश्व को शोकरहित बनाने का प्रयास किया, ज्ञान का आलोक फैलाया,आज वही भारत विश्व पटल पर अपनी आभा बिखेर रहा है।हमने देखा है कि हमारे पड़ोसी देश किस तरह एक एक कर बिखर रहे है।पाकिस्तान, श्रीलंका और बांगलादेश में भयंकर नागरिक अशांति देखी है।सड़को पर विरोधी स्वरों और सरकार का तख्तापलट कर नेताओ को भागने के लिए मजबूर किया गया।भारत की खूबसूरती अलग है।पश्चिम के देशो में अशांति है।भारत मे सबसे महत्वपूर्ण बात श्रद्धा की है।श्रद्धा की ज्योति जगमगाती है तो सारे कार्य सहज और सुलभ होते चले जाते है।क्योंकि विचार शुद्धि की नींव अध्यात्म का महल खड़ा हुआ है।दान,परोपकार और त्याग के महान भारत की नींव मजबूत है।क्योंकि अनेक भाषाओं का यह भारत वर्ष एकता और अखंडता की लौ जलाते हुए विश्व को धर्म और संस्कार से सींच रहा है।विदेशो में सैन्य शासक की सरकारे गिरा दी गई।दुनिया मे अशांति को देखते हुए लोगो के मन मे प्रश्न उभर रहा है कि क्या ऐसा भारत मे भी हो सकता है।ऐसा इसलिए नही होगा कि हमारी संस्कृति और सभ्यता ऐसे उपद्रव की इजाजत नही देती है।भारत विश्वगुरु बनने जा रहा है।इस देश मे धर्म को मानने वालो की संख्या करोड़ो में है।भारत ने साक्षी होकर विदेशी धरती की सरकारों का तख्तापलट होते देखा है।नेपाल की घटना तो महज पांच दिन पहले की है। युवाओ की भावना को अनदेखा करने से भड़की आग ने सरकार को इस्तीफा देने के लिए मजबूर कर दी।देखते ही देखते नेताओ के घरों को आग के हवाले कर दिया।लिहाजा,श्री लंका में 2022 में तत्कालीन रस्ट्रपति राजपक्षे को देश छोड़कर भागना पड़ा।क्योकि भीड़ उनके सरकारी आवास तक पहुंच गई थी।बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भाग कर भारत मे शरण लेनी पड़ी थी।क्योंकि भीड़ ने उनको चारो तरफ से घेर लिया था।2022 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान अविश्वास प्रस्ताव हार गए थे।उनको जेल भेज दिया गया।इमरान खान की पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान में हंगामा खड़ा कर दिया था।सड़को पर आग लगा दी थी।लेकिन अंततः उनकी एक नही चली।लोकतांत्रिक शक्तियां को उकसाया जाता है और उनके खिलाफ सरकार खड़ी होती है,तब यह आग विस्फ़ोट का काम करती है।इसलिए भारत मे जनता जनार्दन की उपमा दी गई है।जनता से ऊपर कोई नही है। कानून व्यवस्था चरमरा जाती है।भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो जाती है।

जनता त्राहिमाम पुकारती है,तब इस तरह की घटना सामने आती है।जनता कानून हाथ मे लेने के लीए मजबूर हो जाती है।हमारे देश मे भी सत्ता प्राप्ति के लिए अनेक षड्यंत्र हो रहे है,लेकिन भारत में कभी छीना झपटी की सोच विकसित नही होगी।भारत ने आजादी भी प्राप्त की थी तो अहिंसा और सत्याग्रह से प्राप्त की थी।ननतीजतन, तख्तापलट इस देश की विचारधारा नही है।नेपाल में शांति बहाली के अनेक प्रयास किये गए।2006 में शांति प्रस्ताव पर हस्ताक्षर होने के बाद नेपाल में स्थायी शांति स्थापित हो गई थी।लेकिन अभी हाल ही में सरकार को धूल चटाने के लिए मजबूर कर दिया गया।नेपाल में भी दस वर्षो तक उग्रवाद हावी रहा है।पड़ोसी देश पाकिस्तान में 1958 से ही विद्वेष की राजनीति चल रही थी।पाकिस्तान 30 से ज्यादा वर्षो तक सैन्य शासक के अधीन रहा है।प्रधानमंत्री को हटाकर मुसर्रफ सेनाध्यक्ष बन गए थे।पाकिस्तान में होना स्वाभाविक है।पड़ोसी देशों में एकसूत्रीय शासन का अभाव रहा है।इसके बाद पड़ोसी देश म्यांमार में 2021 में तख्तापलट हुआ।और निर्वाचन सरकार को सेना ने अपदस्थ कर दिया।बन्दूक के जोर पर अफगानिस्तान में तालिबानियों ने सरकार को हटा दिया गया।प्रधानमंत्री को रातो रात भागना पड़ा था।आज हम गर्व करते है कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था कितनी अच्छी है। भारत ऋषि मुनियों का देश है।यहां धर्म और संस्कारों की जड़े मजबूत है।लूटना भारत की परंपरा नही है।त्याग और परोपकार की भारत भूमि से पड़ोसी देशों को कुछ सीख लेनी चाहिए।आज पड़ोसी देशों में कोई रास्ट्रभक्ति और रास्ट्र निर्माण की बात करता है तो उसके पीछे षडयंत्र की बू आती है।पड़ोसी देश ही नही,यूरोपीय देश भी अशांत है।फ्रांस इसका ताजा उदाहरण है।

जिस तरह विदेशो में उपद्रव बढ़ रहा है उसको देखते हुए हम दुनिया से सूखी है।क्योंकि भारत के कण कण में भक्ति और श्रद्धा है।बचपन मे समर्पण का पाठ पढ़ने वाले भारतीय छीनने में भरोसा नही करते है।देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया से बेहतर है।यहां की संस्कृति की विश्व के लिए मार्गदर्शन बनी हुई है।देश पर किसी भी दल का शासन क्यो नही हो,पर सभी की भावना रास्ट्र सेवा,जन सेवा की रहती है।देश मे कई सरकारे बदली है तो वो वोट की ताकत से बदली है।देश मे बड़े बड़े आंदोलन हुए है।नारे भी लगते है।दिल्ली चलो।लेकिन दिल्ली जाकर भी सरकार से मांग ही करते है।विविधता पूर्ण देश की खूबसूरती यह है कि अनेक धर्म और जातियां होने के बाद भी हम एकता और अखंडता की संस्कृति पाले हुए है।यूरोपीय देश भारत की संस्कृति की कई बार मिसाल देते है कि भारत नेअनेक धर्मो के लोग रहते है।अपने अपने त्यौहार मनाते है लेकिन कभी किसी भी त्यौहारो में कोई अड़चन खड़ी नही करते है।भारत की महान संस्कृति रही है।सनातन संस्कृति के अभिन्न अंग कहे जाने वाले सनातन परंपरा के दो धर्म जैन और बौद्ध के संतों की भारत मे कितनी महिमा है।हिन्दू धर्म महान धर्म है।विदेशो से अनेक धर्मावलंबियों ने भारत मे प्रवेश किया।लेकिन भारत ने कभी किसी का विरोध नही किया।ईसाई यहूदियों और मुसलमानों ने भारत मे प्रवेश किया।लेकिन भारत मे उनका कभी विरोध नही किया।क्योकि धर्म का सम्बल जीवन का बहुत बड़ा सम्बल है।भारतवासी जानते है कि धर्म अंतर में शांति और साहस का संचार करता है।धर्म की डगर पर चलने वाला कभी लक्ष्य से नही भटकता है। इसलिए भारत की परंपरा अतिथि देवो भव की रही है।क्योंकि धर्म से सदा उत्स की सौगात मिलती है।धर्म व्यक्ति को अपने आप मे जोड़ता है।इसलिए भारत लोकतंत्र की खूबसूरती से पड़ोसी देश भी सबक ले सकते है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधान प्रतिनिधि के माता के निधन की सूचना पर पहुंचे केंद्रिय वित्त राज्य मंत्री



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेईया में शोकाकुल परिवार ग्राम प्रधान के घर मंगलवार को केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व महराजगंज सांसद पंकज चौधरी पहुंचकर परिजनों से मिलकर उन्हे ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव की माता कोइली देवी का 75 वर्ष के उम्र में शनिवार की शाम करीब चार बजे आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार रविवार की सुबह रतनपुर स्थित बनैलिया माता रोहिन बैराज के तट पर किया गया है। निधन की सूचना पर पहुंचे केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने शोकाकुल परिवार से मिलकर उन्हे ढांढस बंधाया है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकान्त पटेल, समीर त्रिपाठी, बच्चू लाल चौरसिया, विशुनदेव, कृष्णमुरारी, बेचन, लालचंद चौधरी, यशवन्त यादव, रामबेलास, राजेश, कालीचरन, दिनेश मौर्य, प्रभुदयाल, रामकरन, रामकिशुन, गया, रामसागर, संतराम, राजू यादव संजय पासवान आदि मौजूद रहे।

### भारी बारिश से गिरा निर्माणाधीन विद्यालय का दीवार



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकदह टोला घटवा के पास लगातार हो रही भारी बारिश के कारण निर्माणाधीन विद्यालय की दीवार मंगलवार की सुबह अचानक गिर गई। गनीमत रहा कि दीवार के आस पास कोई मौजूद नही था। विद्यालय के प्रबन्धक व पूर्व प्रधान समशाद खान ने बताया कि एस एन गर्ल्स के नाम से विद्यालय का निर्माण हो रहा है। बारिश के कारण निर्माण कार्य व शिक्षण कार्य बन्द चल रहा था। लगातार बारिश के कारण मंगलवार की सुबह दीवार गिर गई है जिससे काफी नुकसान हुआ है। यह भी बताया कि इसकी सूचना हल्का लेखपाल अनिल कुमार को दिया है।

### आत्महत्या, दुष्कर्म के प्रकरण में अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**प्रतापगढ।** थाना सांगीपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिचिहरा मेंसोमवार को 15 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना सांगीपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची तथा शव का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही नियमानुसार सम्पन्न कराई गई।उक्त घटना में वादी चिचिहरा भवानीगंज थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ के द्वारा थाना सांगीपुर पर तहरीर दी गई थी कि उसकी बहन उम्र लगभग 15 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।उसकी मृत्यु का मुख्य कारण उसके बगल का लड़का शिवांशु शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी उपरोक्त द्वारा उसकी बहन को शादी झांसा देकर गलत कार्य किया गया है, शिवांशु शुक्ला द्वारा शादी करने से मना कर दिया था। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर पाक्सो एक्ट बनाम शिवांशु शुक्ला का अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी मय हमराह द्वारा पेण्डिंग विवेचना के दौरान अन्तर्गत धारा 65(1)/107 बीएनएस और 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त शिवांशु शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी ग्राम चिचिहरा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष को थाना सरायलखन्सी, जनपद मऊ के थाना परिसर से गिरफ्तार किया गया।

### डॉ0 श्वेता द्विवेदी को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर जतायी गयी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान निवासी सुशील कुमार द्विवेदी की पुत्री श्वेता द्विवेदी को मातृ एवं शिशु पोषण में आंगनबाड़ी केन्द्रों की भूमिका में शोध को लेकर डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिली है। यह जानकारी घर परिवार को हुई तो खुशी की लहर दौड़ पड़ी। श्वेता द्विवेदी पड़ोसी जिले आरआरपी कालेज अमेठी में समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। सफलता का श्रेय उन्होंने गनपत सहाय पीजी कालेज सुल्तानपुर के प्रोफेसर मनोज कुमार मिश्र को दिया है। वहीं श्वेता के माता पिता को भी ग्रामीणों ने मुंह मीठा कराकर खुशियां साझा की।

## गोरखपुर में NEET छात्र की निर्मम हत्या, पशु तस्करों पर गोली मारने का आरोप, ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पिपराइच थाना क्षेत्र के जंगलधूसड़ गांव में सोमवार देर रात एक सनसनीखेज घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। 19 वर्षीय NEET की तैयारी करने वाले छात्र दीपक गुप्ता की कथित तौर पर पशु तस्करों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह गोरखपुर-पिपराइच रोड जाम कर दिया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल है। भारी पुलिस बल तैनात किया गया है, और प्रशासन सख्त कार्रवाई की बात कह रहा है।

**क्या हुआ था उस रात?**

ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार रात करीब 12:30 बजे तीन गाड़ियों में सवार पशु तस्कर जंगलधूसड़ गांव पहुंचे। वे मवेशियों को खूंटे से खोल रहे थे, तभी ग्रामीणों ने शोर मचाया। शोर सुनकर दीपक गुप्ता भी घर से बाहर निकला और तस्करों का पीछा किया। आरोप है कि तस्करों ने दीपक को पकड़ लिया और उसे जबरन एक डीसीएम गाड़ी में बैठा लिया। करीब एक घंटे तक उसे इधर-उधर घुमाने के बाद तस्करों ने उसके मुंह में गोली मार दी और शव को सरैया गांव के पास फेंक दिया।

**एसएसपी का बयान**

एसएसपी गोरखपुर राज करण नैय्यर ने बताया कि सुबह 3 बजे पशु तस्कर दो गाड़ियों में गांव पहुंचे थे। एक गाड़ी गांव में फंस गई, जिसके बाद तस्कर भाग निकले। दीपक ने दूसरी गाड़ी का पीछा किया, जिस दौरान उसके सिर पर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। एसएसपी ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या गोली लगने की बात सामने नहीं आई है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। हालांकि, ग्रामीणों का दावा है कि दीपक को गोली मारी गई।

**ग्रामीणों का आक्रोश और सड़क जाम**

घटना के बाद गांव में गुस्सा भड़क उठा। ग्रामीणों ने डीसीएम गाड़ी को आग के हवाले कर दिया और एक तस्कर को पकड़कर उसकी पिटाई की। मंगलवार सुबह गुस्साई भीड़ ने गोरखपुर-पिपराइच रोड जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन स्थिति तनावपूर्ण बनी रही।

**पुलिस से झड़प, बढ़ाई गई सुरक्षा**

भीड़ को नियंत्रित करने के दौरान एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव और थाना प्रभारी पुरुषोत्तम घायल हो गए। स्थिति को काबू में करने के लिए चार थानों की पुलिस और पीएसी को तैनात करना पड़ा। प्रशासन ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। यह घटना न केवल कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाती है, बल्कि पशु तस्करों की बेखौफ गतिविधियों को भी उजागर करती है। ग्रामीणों में आक्रोश और तनाव के बीच पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर जिलाधिकारी गोरखपुर एसएसपी राज करन नय्यर ,डीआईजी, मौके पर जमे हुए है 2 बजे शव का पोस्टमार्टम होना है ।फिरहाल मार्ग सभी खोल दिए गए है जाम की स्थित नही है ।

### छात्राओं के साथ आपत्तिजनक हरकत को लेकर दी गई तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के चौरिहन का पुरवा भटनी निवासी जागेश्वर की पुत्री प्रियंका गिरि ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में अपनी छोटी बहनों के साथ रास्ते में एक आरोपी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि भटनी के एक स्कूल में उसकी तीन बहनें पढ़ने जाया करती है। गांव के एक आरोपी द्वारा रास्ते में इन्हें परेशान किया जाता है। शिकायत करने पर आरोपी द्वारा गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी भी दी गयी। स्कूली छात्राओं के साथ आपत्तिजनक हरकत को लेकर पीड़िता ने कार्रवाई की गुहार की है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मनेगी विश्वकर्मा जयंती, शोभायात्रा व भण्डारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रुद्रपुर ,देवरिया।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र में इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। प्राचीन श्री विश्वकर्मा मंदिर (नाथ बाबा) रुद्रपुर में बुधवार को दिनभर भव्य आयोजन किए जाएंगे। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सुबह 7 बजे से यज्ञ-पूजन का शुभारंभ होगा। इसके बाद सुबह 9 बजे से गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। समारोह में दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इस अवसर पर नगर के विभिन्न इलाकों से भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। झांकी नाथबाबा मंदिर से निकलकर खजुहा चौराहा, आदर्श चौराहा, सेमरौना, जामुन चौराहा, बभवली, मेनमार्केट, पुन्नी साहू चौराहा, इमामबाड़ा चौराहा और बस स्टेशन से होते हुए पुनः नाथबाबा मंदिर पर लौटेगी। इस दौरान नगर की सड़कों पर धार्मिक ध्वज, रंग-बिरंगी झांकियां और भक्तों का उत्साह देखने को मिलेगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी प्राचीन विश्वकर्मा मंदिर समिति, भगवान विश्वकर्मा मंदिर समिति एवं स्वर्णकार संघ रुद्रपुर द्वारा संयुक्त रूप से निभाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष शिवानन्द विश्वकर्मा एवं महामंत्री तारकेश्वर विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती का आयोजन पूरी गरिमा और आस्था के साथ संपन्न होगा।

## पहाड़ी नाले उफान पर, तराई के दर्जनों गांव जलमग्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हरैया सतघरवा/महराजगंज तराई।** तराई क्षेत्र में पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश के बाद दर्जनों गांवों में बाढ़ के हालात हो गए हैं। पहाड़ी पानी आने से खरझार, जमधरा, धोबैनिया, कचनी, डोरवा, हेंगहा, गौरिया और बहदिनवा समेत कई नाले उफान पर आ गए। इन नालों का पानी ललिया और महराजगंज तराई क्षेत्र के गांवों में पहुंच गया है जिससे, दर्जनों गांव जलमग्न हो गए। घरों और विद्यालयों में पानी भर गया है। लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हुई है। खरझार नाले में आए उफान से रामगढ़ मैटहवा, विजयीडीह, सुगानगर, जगरामपुरवा, औरहिया और लहेरी गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गांवों के खेत तालाब में बदल गए हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। लहेरी-विजयीडीह मार्ग पूरी तरह बाढ़ के पानी में डूब गया है, जिससे आवाजाही ठप हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि धीरे-धीरे तटबंध भी कट रहा है। जलभराव से मवेशियों के लिए चारे का संकट गहराता जा रहा है। वहीं, राप्ती नदी का जलस्तर अभी घट रहा है। खतरे का निशान 104.620 मीटर है, जिससे नदी अभी 1.97 मीटर दूर है। नदी का जलस्तर 102.650 मीटर है। जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण सिंह ने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने से नदी का जलस्तर बढ़ेगा। इसके बावजूद राप्ती से बाढ़ का संकट फिलहाल नहीं है। बताया कि नालों में उफान से कुछ गांव में जलभराव हुआ हैं, लेकिन वहां भी पानी निकल रहा है।



**बरदौलिया बाजार में जलभराव, दुकानदार परेशान**

बारिश से बरदौलिया बाजार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। गलियों और दुकानों में घुटनों तक पानी भर गया है। दुकानदारों को सामान बचाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बाजारवासी अशोक कुमार शुक्ल, नईम खान, तिलकराम वर्मा, मोहम्मद आलम और रामनिवास वर्मा ने बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था न होने से हर साल यही समस्या आती है। लोग आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं और खरीदारी ठप हो गई है।

**विद्यालयों में जलभराव से ठप हुई पढ़ाई एडवोकेट महेंद्र तिवारी**

लोहेपनिया के पूर्व प्रधान व अधिवक्ता महेन्द्र तिवारी ने बताया कि विद्यालयों में जलभराव से पढ़ाई ठप हो गई है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर शिक्षा व्यवस्था पर पड़ा है। रामगढ़ मैटहवा के कंपोजिट विद्यालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय और राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पानी भर गया है। विजयीडीह के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पंचायत भवन और शौचालय जलमग्न हो गए हैं। महेंद्र तिवारी ने कहा कि सुगानगर, जगरामपुरवा और लहेरी के विद्यालय भी बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। विद्यालयों में पानी घुसने से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। कई जगह किताबें और फर्नीचर भीग गए हैं।

**राशन और पेयजल की किल्लत**

बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या राशन और स्वच्छ पेयजल की हो रही है। हैंडपंप का पानी दूषित हो गया है। कई घरों में रखा अनाज भी भीगकर खराब हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के बीमार पड़ने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, मवेशियों के लिए चारा जुटाना मुश्किल हो गया है। ग्राम प्रधान तुलाराम यादव, धनीराम वर्मा, रामकुमार, अवधेश कुमार, माताप्रसाद, अजय मिश्रा और नूरुल सलाम ने कहा कि गांव में बाढ़ से समस्या बढ़ गई है। प्रशासन सिर्फ निगरानी करता है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में पहल नहीं हो रही। ग्रामीणों ने प्रशासन राहत की मांग की है।

**प्रभावित क्षेत्रों की जा रही है निगरानी**

लेखपालों को प्रभावित गांवों में भेजकर हालात की निगरानी कराई जा रही है। आकलन कराया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट पर रखा है, ताकि बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। - राकेश कुमार जयंत, उपजिलाधिकारी तुलसीपुर

## नंदनीनगर महाविद्यालय में शुरू हुआ एनसीसी का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नवाबगंज गोंडा।** 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह के दिशा-निर्देशन में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 162 एवं प्री-आईजीसी शिविर का शुभारंभ सोमवार 16 सितम्बर 2025 को नंदिनी नगर महाविद्यालय नवाबगंज गोंडा में हुआ। यह शिविर 25 सितम्बर 2025 तक चलेगा। इस शिविर में गोंडा, गोरखपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर आदि जनपदों से आए लगभग 600 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। कैडेट्स को प्रशिक्षण देने के लिए 6 एएनओ एवं 12 परमानेंट इंस्ट्रक्टर लगाए गए हैं। शिविर के उद्घाटन अवसर पर कैडेट्स को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य अनुशासित और प्रशिक्षित युवाओं की फौज तैयार करना है, जो भविष्य में देश सेवा के साथ समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 10 दिवसीय शिविर में ड्रिल, सांस्कृतिक प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मैप रीडिंग और फायरिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। कैडेट्स को संबोधित करते हुए कर्नल कपूर ने उन्हें एनसीसी के ध्येय वाक्य ÷एकता और अनुशासन÷ को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल रणयोद्ध सिंह, मुख्य प्रशिक्षक अधिकारी मेजर राजाराम, कैंप एजुटेंट लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, एस.एम. ए.पी. सिंह, सूबेदार कलाम सिंह, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, केयरटेकर अधिकारी, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर एवं पी.आई. स्टाफ मौजूद रहे।

## बघेला नाले के उफान से बढ़ी किसानों की चिंता

### ● विभागीय उदासीनता के कारण दशकों बाद भी नहीं हुआ बघेला नाले का साफ-सफाई व तटबंध मरम्मत कार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश से बघेला नाला उफान पर चल रहा है। बघेला नाला के उफनाने से धान की फसल जलमग्न हो गयी है। जिससे किसानों को धान की फसल की चिंता सताने लगी है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र से होकर बह रहा बघेला नाला तांडव मचाने को बेताब है। बघेला नाला के किनारे सेखुआनी के तरफ तटबंध का निर्माण लगभग बीस साल पहले सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया था तथा पश्चिमी तटबंध का निर्माण कार्य नहीं कराया गया। पश्चिमी तटबंध का निर्माण नहीं होने से बाढ़ का पानी बघेला नाला के पश्चिम तरफ फैलकर किसानों के धान की फसल को जलमग्न कर दे रही है। सिंचाई विभाग द्वारा बघेला नाला की साफ-सफाई व चौड़ीकरण के लिए कई बार डोर्न कैमरा से सर्वे कराया गया लेकिन आज भी बघेला नाला विभागीय उदासीनता का शिकार रहा। बघेला नाला के समीप रेहरा, महुलानी, बेलभार, मनिकौरा, निपनिया, विषखोप, परसा भरटोलिया, श्रीरामपुर, जिगिना गंगापुर, गंगवलिया, करौता, चुड़िहारी, मनिकापुर, चकदह, शाहपुर आदि गांवों के किसानों की धान की फसल बाढ़ आने से जलमग्न होकर नुकसान हो जाती है। किसान महबूब अली, जयकिशुन यादव, दयाराम यादव, गतिराम साहनी, रामबेलास यादव, जयप्रकाश सिंह, विनोद कसौधन, गया प्रसाद, गिरजेश यादव सहित आदि लोगों ने बताया कि बघेला नाला काफी सकरा होने के कारण पानी का बहाव कम होता है जिससे बाढ़ का पानी सिवान में फैलकर धान की फसल को जलमग्न कर देता है। जिससे किसानों को भारी भरकम नुकसान का सामना करना पड़ता है।

### मारपीट व तोड़फोड़ को लेकर दी गई तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पानी सप्लाई करने निकले पीड़ित के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा तोड़फोड़ व नकदी की छिनैती के आरोप को लेकर पुलिस से शिकायत की गयी है। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां निवासी विजय कुमार के पुत्र धीरज सिंह ने दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसने पानी का प्लाण्ट लगा रखा है। बीती पन्द्रह सितंबर की सुबह साढ़े पांच बजे वह ईरिक्शा से जेवई गांव पानी सप्लाई के लिए जा रहा था। गांव से कुछ दूर पहले जेवई गांव के ही एक आरोपी ने तीन अज्ञात के साथ उसके ईरिक्शा पर लाठी से प्रहार कर आगे का शीशा तोड़ दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ गालीगलौज करते हुए लाठी डण्डे से पिटाई कर दी। आरोप है कि पीड़ित की जेब से चार हजार रूपये भी आरोपियों ने छीन लिया। शोर मचाने पर आरोपियों ने जानलेवा धमकी दी। डरे सहमे पीड़ित द्वारा घटना को लेकर मंगलवार को रानीगंज कैथौला चौकी पहुंचकर तहरीर दी गयी है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## संयुक्त टीम के छापेमारी में तस्करी की 206 बोरी गेहूं बरामद

### ● उपजिलाधिकारी ने बरामद गेहूं को कब्जे में लेकर नौतनवां नवीन मंडी समिति को सौंपा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव सेवतरी में सोमवार की देर शाम एसडीएम नौतनवां नवीन प्रसाद, नायब तहसीलदार सौरभ श्रीवास्तव, एसएसबी व स्थानीय पुलिस तस्करी की सूचना पर छापेमारी कर 206 बोरी गेहूं बरामद किया है। संयुक्त टीम ने बरामद गेहूं को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही हेतु नौतनवां नवीन मंडी को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी गांव में तस्करी के लिए रखा गेहूं छापेमारी कर तहसील प्रशासन एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 206 बोरी गेहूं बरामद किया है। इस बीच तस्करों में अफरा तफरी का माहौल रहा। उपजिलाधिकारी ने बरामद 206 बोरी गेहूं को नौतनवां नवीन मंडी समिति को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद ने बताया कि तस्करी के लिए अलग-अलग स्थानों पर रखा 206 बोरी गेहूं बरामद कर अग्रीम कार्रवाई हेतु नवीन मंडी समिति को सुपुर्द किया गया है।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा जिलाधिकारी (D M) को सौंपे गए ज्ञापन

### ● पत्रकारों के हितों और सुरक्षा से जुड़ी हैं। 7 सुत्री मांगों पत्र को दिया गया जिला अध्यक्ष डा0 विपीन शाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी** - गोरखपुर ग्रामीण पत्रकार एसोशियेशन उत्तर प्रदेश के आवाहन पर आज गोरखपुर जनपद एवं मंडल के पदाधिकारी सदस्यो द्वारा जिलाधिकारी गोरखपुर के कार्यालय में पहुंचकर सात सूत्री मांग जिला अधिकारी को सोपा गया

**पत्रकारों के लिए मांगें-** बीमा योजना- ग्रामीण पत्रकारों को सरकार की बीमा योजना में शामिल किया जाए।

पेंशन योजना- 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके वरिष्ठ ग्रामीण पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू की जाए।

जाँच का प्रावधान- किसी भी ग्रामीण पत्रकार पर प्राथमिक दर्ज करने से पहले, एक राजपत्रित पुलिस अधिकारी द्वारा मामले की जाँच कराई जाए।

आयुष्मान योजना का लाभ- ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए, जैसा कि अन्य मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मिलता है।

मुआवजा- प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में किसी पत्रकार की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह ही मुआवजा दिया जाए।

कार्यालय भवन- सरकार द्वारा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को कार्यालय के लिए भवन आवंटित किया जाए।

नियमित बैठकें- जिला स्तर की तरह ही तहसील स्तर पर भी पत्रकारों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की नियमित बैठकें आयोजित की जाएँ।

यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, और यह देशभर में अपने सदस्यों के हितों के लिए समय-समय पर ज्ञापन सौंपता रहता है। ज्ञापन देने में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गोविंद राव जिला अध्यक्ष डॉ विपिन शाही खजनी तहसील अध्यक्ष राम आशीष तिवारी चौरी चौरा तहसील अध्यक्ष ललित मोहन त्रिपाठी सदर तहसील अध्यक्ष पंकज पांडे सहजनवा तहसील अध्यक्ष हरि गोविंद चौबे जिला महामंत्री संतोष त्रिपाठी गजेंद्र राम त्रिपाठी शत्रुघन मणी त्रिपाठी उमेश दुबे सत्येंद्र त्रिपाठी शक्तियों ओम सिंह सहित हजारो की संख्या मे पत्रकार उपस्थित रहे।

## गौशाला पर संकट- चार माह से रुका भुगतान, जिम्मेदारी किसकी?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत कोचवा में संचालित गौ आश्रय केंद्र इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रहा है। करीब 250 मवेशियों की देखभाल का दायित्व उठाने वाले संचालकों को चार महीने से भुगतान न मिलने की पीड़ा झेलनी पड़ रही है। सवाल यह है कि जब शासन-प्रशासन ने गौवंश की सुरक्षा और भरण-पोषण का दायित्व लिया है, तो समय पर धनराशि उपलब्ध कराने में लापरवाही क्यों बरती जा रही है? ग्राम प्रधान संजय सोनी का कहना है कि दाना-पानी, भूसा और अन्य व्यवस्थाओं का खर्च लगातार बढ़ रहा है। परंतु भुगतान न मिलने से गौशाला संचालन करने वालों के सामने दोहरी मार पड़ रही है—एक तरफ पशुओं की भूख-प्यास की चिंता और दूसरी तरफ कर्ज के बोझ की मजबूरी।यह केवल एक गौशाला की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे तंत्र की लापरवाही का प्रमाण है। शासन की योजनाएं यदि धरातल पर अमल में ही न आ सकें, तो उनका उद्देश्य ही बेकार साबित होता है। सवाल उठता है कि गौशाला और गौवंश संरक्षण के नाम पर बड़े-बड़े दावे करने वाले अधिकारी आखिर कब तक जिम्मेदारी से मुंह मोड़ते रहेंगे? गौशाला की दुर्दशा केवल प्रशासनिक सुस्ती नहीं, बल्कि संवेदनहीनता का प्रतीक है। यदि तत्काल कदम न उठाए गए, तो यह सिर्फ मवेशियों की जिंदगी पर संकट नहीं होगा, बल्कि सरकारी दावों की पोल भी खोल देगा।इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि डीएम के साथ मीटिंग में है।

## सीएचसी तुलसीपुर में डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली

### ● ... बार उजागर हो चुका है भ्रष्टाचार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** तुलसीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां डिलीवरी कराने आई गरीब महिलाओं से अस्पताल स्टाफ द्वारा खुलेआम अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगा है। भर्ती से लेकर प्रसव तक पैसे की मांग की जा रही है। गरीब परिवार मजबूरी में वसूली देने को विवश हैं, जबकि सरकार की ओर से प्रसव व इलाज मुफ्त कराने का दावा किया जाता है।

**परिजनों का आरोप**

पैसा न देने पर इलाज में बरती जाती है लापरवाही। डिलीवरी में अनावश्यक देरी की जाती है।

दवाएं और इंजेक्शन बाहर से खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।

**पहले भी हो चुके हैं मामले उजागर**

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है। सीएचसी तुलसीपुर में भ्रष्टाचार की शिकायतें पहले भी हो चुकी हैं। कई बार जांच बैठाई गई, लेकिन कार्रवाई का कोई ठोस असर नहीं दिखा। कुछ समय बाद हालात फिर से पुराने हो जाते हैं।

**योजनाओं की धज्जियां**

जननी सुरक्षा योजना और आयुष्मान भारत योजना का लाभ गरीबों को मिलना चाहिए, परंतु हकीकत इसके विपरीत है। अस्पताल प्रशासन और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से योजनाएं दम तोड़ रही हैं।

**ग्रामीणों की मांग**

उच्चस्तरीय जांच हो।

दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अस्पताल की व्यवस्था पारदर्शी बनाई जाए

**सरकार के दावों पर सवाल**

मातृ-शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के सरकारी दावे सीएचसी तुलसीपुर में खोखले साबित हो रहे हैं। भ्रष्टाचार और अवैध वसूली से गरीब जनता बेहाल है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक ठोस कदम उठाता है।

## दुष्कर्म, अपहरण व पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी आसपुर देवसरा विजेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 हरीन्द नारायण राय मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 363/ 366/ 120बी/376 (3) व 5/6 पाक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त नवीन कुमार गौतम पुत्र महाजन गौतम निवासी ग्राम पूरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 26 वर्ष को थाना आसपुर देवसरा क्षेत्रान्तर्गत सुल्तापुर रोड़ राजू मिस्त्री के दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### बदलते मौसम मे हो रही ऐलर्जी के लिये आयुर्वेद की दवाइयो से करे इलाज



**हर जटिल रोगो को जड से दूर करती है आयुर्वेद, डा आजीत सिंह।**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सितंबर व अक्टूबर के माह मे मौसम बदलना ऐक स्वभाविक प्रक्रिया है। लेकिन ऐसे मौसम मे गुलावी ठंड होने का भी ऐहसास भी दिला रही।जिसके चलते ऐलर्जी जनित लोग काफी पीडित हो जाते है और बदलते हुये मौसम की मार से पीडित हो जाते है। गोला तहसील क्षेत्र के गांव जडौरा मे स्थित राजकीय आयुर्वेद अस्पताल के डाक्टर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि केवल आयुर्वेद मे ही सभी प्रकार के बडे से बडे असाध्य रोग का जड से खत्म होने की गारंटी रखते है। इस बदलते मौसम मे जुकाम, खासी, दमा, अस्थमा,किसी भी ऐलर्जी को आयुर्वेद के इलाज से जड से समाप्त किया जा सकता है।बैसे हर मरीज को इस बदलते मौसम मे ठंडी तासीर बाली चीजो से परहेज करना चाहिये हल्का गुनगुना पानी पीना चाहिये यदि किसी मरीज मे स्वांस व धुआं,धुल से ऐलर्जी है तो उसे अपने मुह व नाक को मास्क से ढील कर रखना चाहिये, और समय समय पर आयुर्वेद की दबाऐ खाते रहने से इन सभी विचारो को जड से खत्म किया जा सकता है।

### सभासदों के विरोध के बाद नगर पालिका परिषद ने दशहरा मेला टेंडरिंग की रद्द

**लखीमपुर खीरी।** दशहरा मेले की टेंडरिंग व्यवस्था को नगर पालिका ने रद्द कर दिया है। यह निर्णय सभासदों के कड़े विरोध के बाद लिया गया है। नगर पालिका द्वारा मेले के लिए टेंडर निकाले गए थे। सभासदों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मेला पारंपरिक तरीके से कराया जाए।उनका तर्क था कि टेंडर व्यवस्था से मेला महंगा हो जाएगा। इस मुद्दे पर सभासदों ने बैठक की और प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपना विरोध दर्ज कराया। नगर पालिका अध्यक्ष ईरा श्रीवास्तव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि टेंडरिंग व्यवस्था निरस्त कर दी गई है।मेला अब पहले की तरह आयोजित किया जाएगा। सभी अधिकार नगर पालिका के पास सुरक्षित रहेंगे। नगर पालिकाओं अध्यक्ष डॉक्टर. ईरा श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि टेंडरिंग व्यवस्था पारदर्शिता और नगर पालिका को लाभ देने के लिए लाई गई थी। लेकिन सभासदों के विरोध और सुझावों को देखते हुए इसे वापस ले लिया गया है।

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में विकास कार्यो की दी जानकारी

**नीमगांव खीरी।** विकास खंड बेहजम के सभागार में मंगलवार को बीजेपी पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित की अध्यक्षता में तृतीय पंचायत चुनाव की रूपरेखा पर चर्चा की कई में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय दीक्षित के कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक लोक सभागार बेहजम में हुआ भाजपा पूर्व संजय दीक्षित की उपस्थिति में संपन्न हुई कार्यक्रम में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रमुख प्रतिनिधि राम शंकर राज,जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अपराधों पर अंकुश लगाना व कानून-व्यवस्था कायम रखना ही पहली प्राथमिकता- आदित्य कुमार मौर्य



**नीमगांव खीरी।** नवागत थाना अध्यक्ष नीमगांव आदित्य कुमार मौर्य ने कहा में अपराधों पर अंकुश लगाना व कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कानून-व्यवस्था बनाए रखना व अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। थाना क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए आदित्य कुमार मौर्य थाना नीमगांव ने कहा कि जिले में नशे का कारोबार करने वालों को चिन्हित कर नशीले पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाया जाएगा। पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में नशे की रोकथाम के लिए अच्छा काम किया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के अंदर बवाल करने वालों के साथ-साथ बवाल कराने वालों को भी चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## क्षेत्र पंचायत नवाबगंज की बैठक में जोर दार हंगामा, प्रधानों ने बीडीओ को किया बंद पुलिस मौके पर पहुंची

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरेली/नवाबगंज।** मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हंगामेदार रही। पेंशन, पशुओं के इलाज और कोटेदारों द्वारा कम राशन तौलने जैसे मुद्दों को लेकर प्रधान संघ अध्यक्ष लालबहादुर गंगवार और जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर के बीच जमकर नोकझोंक हुई। लालबहादुर गंगवार ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा कोटेदारों को ई-पॉस मशीन देने के बावजूद वह कम राशन तौलते हैं। इस पर दिवाकर ने पलटवार करते हुए कहा कि "कोटेदारों से हजारों रुपये की उगाही की जाती है, इसलिए वह मजबूरी में कम राशन देते हैं।" इसी बीच ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. ए.के. गंगवार और जिला पंचायत सदस्य दिवाकर के बीच भी तीखी बहस हो गई। दिवाकर ने उन पर पक्षपात का आरोप लगाया तो डॉ. गंगवार ने जवाब देते हुए कहा कि "ब्लॉक के हर गाँव में काम हुआ है, ऐसा कोई गाँव नहीं जहाँ कार्य न कराया गया हो।"

**बीडीओ को किया बंद**

बैठक शुरू होने से पहले ही प्रधानों ने बीडीओ ओमप्रकाश पर तीन पंचायतों में ग्राम निधि का पैसा लेकर बांटने का आरोप लगाया। आक्रोशित प्रधानों ने बीडीओ को करीब आधे घंटे तक ब्लॉक दफ्तर में बंद कर नारेबाजी की। बाद में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. ए.के. गंगवार के हस्तक्षेप से ताला खुलवाकर बीडीओ को बाहर निकाला गया।

**सांसद-विधायक की मौजूदगी**

बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. एम.पी. आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार, डॉ. अमित गंगवार, जिला पंचायत सदस्य मुन्ने अंसारी, छेदा लाल दिवाकर, बीडीओ ओमप्रकाश, सप्लाई इंस्पेक्टर सुनील भटनागर समेत क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे। सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि गाँव-गाँव पेयजल योजना का कार्य अधूरा है, जिसे जल्द पूरा कराया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।



**पूर्व ब्लॉक प्रमुख का आरोप**

पूर्व ब्लॉक प्रमुख पिंटू गंगवार ने आरोप लगाया कि बैठक लोकतांत्रिक मर्यादा के विरुद्ध थी। "मानक के हिसाब से सदन मेंबर उपलब्ध नहीं थे। सदन की गरिमा होती है, बैठक में केवल सदस्य ही भाग ले सकते हैं। लेकिन मीटिंग हाल में ज्यादातर बाहरी लोग बैठे थे। सीसीटीवी फुटेज से इसका खुलासा हो जाएगा।" उन्होंने सवाल उठाया कि जब ग्राम प्रधानों से अवैध वसूली की जा रही है तो ब्लॉक प्रमुख के रहते उनके प्रतिनिधि को मंच पर कुर्सी क्यों दी गई।

## मजदूर लापता-24 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग



**लखीमपुर-खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में कंडवा नदी मजदूर के डूबने की घटना सामने आई है। घटना दाउदपुर कैहमारा गांव के बाहर 15 सितंबर को हुई। मजदूर की पहचान रामप्यारे के रूप में हुई है। रामप्यारे मूल रूप से अंजनापुर गांव के रहने वाले थे। वे कई वर्षों से अपनी पुत्री रीता के पास दाउदपुर कैहमारा में रह रहे थे। 15 सितंबर की दोपहर वे पैदल पुरवा गए थे। वापसी में वे घर नही लौटें। शिवरानी ने बताया कि उनका पति मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते थे।ग्रामीण लगातार खोजबीन कर रहे हैं। मंगलवार को भी कोई सफलता नहीं मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में अक्सर मगरमच्छ दिखाई देते हैं। नदी किनारे रहने वाले लोग भयभीत हैं।

वे प्रशासन से सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वन विभाग को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## सौरभ हत्याकांड-तनाव-पुलिस फोर्स तैनात, आरोपियों के मकान सील

**● फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के लालजी पुरवा में एक किशोर की मौत से क्षेत्र में तनाव उत्पन्न हो गया है। मृतक सौरभ जिला पंचायत इंटर कॉलेज भीरा में कक्षा 8 का छात्र था।सौरभ के पिता विजय मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके पास शारदा नदी की तलहटी में करीब पांच बीघा जमीन है। इस जमीन की अधिकतर फसल नदी में बह जाती है। परिवार में सौरभ की छोटी बहन खुशबू और छोटा भाई रिहान्स भी हैं।प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में पीएसी प्लाटून और कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात कर दी है। सीओ गोला मौके पर मौजूद हैं। क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। विधायक ने पुलिस कप्तान से मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की है। साथ ही आरोपियों के घरों पर बुल्डोजर कार्यवाही व गैंगस्टर लगवाने की बात कही। पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला रमेश तिवारी के अनुसार आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट सहित अन्य कार्रवाई जल्द की जाएगी। बीजेपी के जिला मंत्री समेत कई पार्टी कार्यकर्ता व हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर उपस्थित रहे। देर शाम शव आने के बाद पलिया विधायक रोमी साहनी और सीओ गोला रमेश तिवारी के समझाने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार के लिए सहमति दी। आरोपियों के मकानों को सील कर दिया गया है। सौरभ के माता-पिता ,दादा-दादी रामरतन और रामकली सहित पूरा क्षेत्र शोक में डूबे हुए हैं।

## थाना खीरी की पुलिसिया कार्यवाही से निष्पक्ष खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकारों में रोष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** खीरी ओयल पत्रकार को खबर चलाने पर दी हमलावरों ने जान से मारने की धमकी आपको बताते चलें कि कस्बा ओयल थाना खीरी ओयल बस स्टॉप के पीछे मटन खरीदने गया। रुखसार पुत्र मोहर्रम अली को लेकर हुआ विवाद ,जिसमें मटन जबरन लेने के लिये हमलावरों ने बनाया दबाव। बीमार संक्रमित बकरी का मटन लेने से मना करने पर चांद मियां पुत्र रसीद, समीद, पुत्र छोटन्ने पप्पू, पुत्र छोटन्ने आदि ने रुखसार अहमद पुत्र स्वश्र मुहर्रम अली पर हमला कर दिया। और बहुत बेरहमी से रुखसार को लात घूंसों से तीनों दबंगों व हैक़ड किस्म के व्यक्तियों ने मारा पीटा पीड़ित रुखसार जो मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रुखसार के पिता का कई साल पहले निधन हो गया था। जिससे पूरे परिवार की जिम्मेदारी रुखसार पर है। काश रुखसार अगर मटन लेने न गया। होता तो शायद ये घटना नहीं घटती। तीनों दबंग व्यक्तियों ने पहले बहुत बेरहमी से लात घूंसो से मारा पीटा। फिर इन दबंग और सर्कस लोगों मे से समीद कुरैशी ने पीड़ित रुखसार अहमद के दाहिने हाथ में मटन काटने मे इस्तेमाल करने वाली लोहे की छूरी से हमला कर दिया। जिससे रुखसार अहमद बुरी तरह जख्मी हो गया। और काफी खून बह गया।किसी तरह पीड़ित रुखसार अपनी जान बचा कर भागा। और राष्ट्रीय प्रेस के पत्रकार पप्पू कुरैशी की दुकान पर आप बीती बताने लगा। वहां पर कई लोग मौजूद थे। फिर न्याय के लिये प्रार्थी रुखसार रोने लगा। तब पप्पू कुरैशी ने रुखसार अहमद से बाइट लेकर हमलावरों के खिलाफ खबर चलाई। जिससे गुस्साए हमलावरो ने राष्ट्रीय प्रेस के पत्रकार पप्पू कुरैशी का नाम प्रार्थना पत्र मे लिखवा दिया। और कुछ तथा कथित पत्रकार द्वारा पप्पू कुरैशी के विरोध में खबर चलाई गई। जिससे पप्पू कुरैशी की छवि धूमिल हो। जबकि जिस समय ये घटना हुई थी। उस समय पप्पू पत्रकार अपनी दुकान में था। जिसके कई सबूत पप्पू कुरैशी पत्रकार के पास मौजूद हैं। क्या दबंग हमलावरों की खबर चलाना जुर्म होता है। अगर दबंग हमलावरों की खबर चलाना जुर्म है तो सच्चाई की खबरे प्रकाशित होती रहेंगी। और कुछ तथा कथित पत्रकारों ने हमलावरों से साठ गांठ करके पत्रकार को ही सच्ची खबर चलाने पर बना दिया आरोपी और गरीब को न्याय न मिल पाए इस लिए पत्रकार को किया जा रहा परेशान। देश के चौथे स्तंभ को कर रहे हैं। कुछ दलाल किस्म के तथा कथित बदनाम पत्रकार ईमानदार पत्रकार को भी कर रहे हैं बदनाम, चलाई झूठी खबर जिससे कि आम, जन मानस, का पत्रकारों पर से उठ जाए भरोसा।आखिर सच दिखाने पर पत्रकार को ही बिना जाँच किये आरोपी बना दिया गया।

## एसडीएम ने टैक्स को लेकर व्यापारियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी।** नगर उद्योग व्यंयापार मंडल के पदाधिकारियो के साथ निघासन एसडीएम/अधिशासी अधिकारी के सथ बैठक कर राज्य सरकार के द्वारा दिए गए गजट के अनुसार बढ़े हुए जलकर, गृहकर, व्यापार कर अन्य तमाम करो की बढोत्तरी के विरोध जनता में हो रहे विरोध पर नगर उद्योग व्यापार मंडल सिंगाही के पदाधिकारी नगर पंचायत के कार्यालय में एकत्रित हो कर अधिशासी अधिकारी के साथ वर्ता की व्यापारी ने जिसमें नगर पंचायत का टैक्स गजट की प्रती सभी कर्मचारियों के फोन नंबर जैसे टैक्स का प्रतिशत पूछा था और प्रतियों की मांग की थी नगर पंचायत बाबू अखिलेश अवस्थी से मांग की थी लेकिन जब वह मांग पूरी नहीं हुई व्यापारी तो सभी व्यापारी नगर उद्योग व्यापार मंडल सिंगाही के पदाधिकारी अध्यक्ष राजीव गुप्ता के अगुवाई में नगर पंचायत के कार्यालय पहुंचे और अधिशासी अधिकारी/एसडीएम निघासन राजीव निगम ने के समक्ष अपनी मांगे रखी और नगर पंचायत में बढ़े करों पर चर्चा की नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों से सरकार के द्वारा जारी किया गजट की प्रतीको को पढ़कर सुनाया और कर्मचारियों के फोन नंबर की लिस्ट देने का वादा किया प्रोजेक्ट के अनुसार बढ़ाए गए करो का मानक एक चार्ट पर बनाकर जनता ने वितरण करवाने का वादा किया उन्होंने बताया 1955 मे बनी नगर पंचायत के टैक्स में 2024 मे टैक्स की रूप रेखा भिन्न है समय के हिसाब से टैक्स बढ़ना स्वाभाविक है क्योंकि पहले वहां खाली प्लांट था अब वहां बड़ी-बड़ी बिल्डिंग बनी। सरकार की मंशा के अनुसार निघासन एसडीएम राजीव निगम ने बताया कि सभी को टैक्स हर हाल में देना है इसमें किसी प्रकार की रियायत नहीं की जाएगी। अधिशासी अधिकारी वह नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी की वार्ता विफल होने के बाद व्यापारी बैठक कर अगली रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में सुनील बत्रा, रत्नेश दारा सिंह, ऋषभ जैन, अख्तर हुसैन, बंटी जायसवाल, आनंद सोनी, मुमताज, ऋषभ जैन आदि सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

## बाघ के हमले में पिता-पुत्र घायल, ग्रामीणों में दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना की अजान चौकी क्षेत्र के बोझवा गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना घटी। यहां बाघ के हमले में 60 वर्षीय राम चन्द्र और उनके 35 वर्षीय पुत्र पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए गोला सीएचसी में भर्ती कराया गया है। मंगलवार की दोपहर राम चन्द्र और उनके पुत्र पप्पू गांव के अपने पांच साथियों के साथ जंगल के किनारे गन्ने के खेत में घास काटने के लिए गए थे। अचानक गन्ने के खेत से बाघ निकल आया और दोनों पर हमला कर दिया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने हैदराबाद पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही हैदराबाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम में वन दरोगा मित्र पाल तोमर,मो उमर माया प्रकाश ,बिजय कुमार वन रक्षक नरेंद्र कुमार, सहित एस टी पी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये वन विभाग की टीम ने बाघ होने की पुष्टि करते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। साथ ही, वन टीम ने बाघ की खोज के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि वे जंगल के किनारे जाने से बचें और सतर्क रहें। वन टीम की कार्रवाई के बावजूद इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो हालात और बिगड़ सकते हैं। बढ़ते बाघ हमलों के बीच अब ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने किसानों की आवाज बुलंद करते हुए किया जोरदार प्रदर्शन

**●पीलीभीत में किसानों की हुंकार डीएम का आश्वासन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पीलीभीत।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने किसानों की आवाज बुलंद करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। किसान भवन, मंडी परिसर से सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और वाहनों का काफिला लेकर संगठन के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष भजन लाल क्रोधी की अगुवाई में किसानों ने अपनी समस्याएं डीएम के समक्ष रखीं और 13 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि बाढ़ से सबसे बड़ा नुकसान खेती-किसानी को हुआ है, लेकिन पीड़ितों को न तो मुआवजा मिल रहा है और न ही राहत सामग्री पारदर्शिता से बांटी जा रही। गन्ना मिलों पर करोड़ों रुपये का बकाया, भूमाफियाओं का कब्जा, प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस, तहसीलों व रजिस्ट्री कार्यालयों में अवैध उगाही, खाद की किल्लत, आवारा पशुओं का आतंक और गौशालाओं में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर किसानों ने प्रशासन पर सवाल खड़े किए। किसानों का कहना था कि जब तक गन्ना किसानों का भुगतान ब्याज सहित नहीं होता और भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगती, तब तक किसान चैन से बैठने वाले नहीं हैं। संगठन ने चेतावनी दी कि किसानों के धैर्य की परीक्षा न ली जाए, वरना मंडी से लेकर मिल गेट और तहसीलों तक आंदोलन होगा। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने भरोसा दिलाया कि सभी मुद्दों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में शामिल किसानों ने नारेबाजी कर सरकार और अफसरशाही को घेरा। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं पर तत्काल अमल नहीं हुआ तो अगली बार और बड़ा आंदोलन होगा। मौके पर बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे, जिन्होंने ऐलान किया कि भाकियू (भानु) किसानों के हक की लड़ाई हर हाल में जारी रखेगा।

## 'लाइफटाइम अचीवमेंट इन एजुकेशन (न्यू मीडिया)' अवॉर्ड, खीरी के डॉ. संदीप वर्मा को

**● नई दिल्ली में सम्मानित, जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर किया रोशन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जिले के लिए गौरव का क्षण है कि लखीमपुर खीरी के मूल निवासी और वर्तमान में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) के जनसंचार विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. संदीप कुमार वर्मा को मीडिया इंटरनेशनल अवॉर्ड सेरेमनी 2025 में "लाइफटाइम अचीवमेंट इन एजुकेशन (न्यू मीडिया)" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. वर्मा वर्ष 2009 से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापन और प्रशासनिक कार्यों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन-अध्यापन, शोध, लेखन, मार्गदर्शन तथा नवाचार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अकादमिक कार्यों के साथ-साथ वे मीडिया लेखन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी निरंतर सक्रिय रहते हैं। कानून की पढ़ाई परास्नातक पढ़ाई के बाद जनसंचार विषय में परास्नातक, एमफिल व पीएच.डी. उपाधि अर्जित की है। उच्च शिक्षा में दो स्वर्ण पदक तथा एक रजत पदक, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सहित कई शोधपत्र राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने न्यू मीडिया और बदलता समाज, पत्रकारिता के नए आयाम, डिजिटल संचार और लोकतंत्र तथा जनसंचार और सामाजिक सरोकार जैसे मुद्दों से उनका जुड़ाव भी रहा है। डॉ. वर्मा ने कहा कि अपनी उपलब्धियों को माता-पिता, परिवार, गुरुजनों और सहयोगियों के आशीर्वाद को समर्पित किया है। अपनी जन्मस्थली लखीमपुर खीरी को नमन करते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया है। जनपद के प्रबुद्धजनों और विद्यार्थियों ने डॉ. संदीप कुमार वर्मा की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि उन्होंने खीरी का नाम देश दुनिया में रोशन किया है।

## महाराजगंज तराई में दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** थाना महाराजगंज तराई। आने वाले नवरात्र और दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से स्थानीय थाना परिसर में सोमवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी ललिया डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं व्यापारीगण मौजूद रहे। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा एक आस्था और श्रद्धा का पर्व है, जिसे सभी लोग आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडे ने आयोजकों से आग्रह किया कि पूजा पंडालों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था जरूर करें। साथ ही किसी भी अफवाह पर ध्यान न देकर तुरंत पुलिस को सूचना देने की बात कही। बैठक में यह भी तय किया गया कि विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग का ही प्रयोग किया जाएगा ताकि कोई अव्यवस्था उत्पन्न न हो। व्यापारियों और ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन को आश्वासन दिया कि वे हरसंभव सहयोग करेंगे और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखेंगे। बैठक में उपनिरीक्षक, आदित्य कुमार राम मोहन सिंहबीट पुलिसकर्मी दीपक गुप्ता धीरज तिवारी प्रधान गणेश प्रसाद सोनी जगदंबा प्रसाद मोहम्मद उमर सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पीस कमेटी की इस बैठक से लोगों में विश्वास जगा कि दुर्गा पूजा पर्व शांतिपूर्ण और आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया जाएगा।

## पीलीभीत जिलेभर की सहकारी गन्ना विकास समितियों में सट्टा प्रदर्शन मेला शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पीलीभीत।** पूरनपुर पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना आपूर्ति करने के लिए जिलेभर की सहकारी गन्ना विकास समितियों में सट्टा प्रदर्शन मेला समिति वार लगाने के लिए तिथियां जारी कर दी गई है। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम ने बताया कि 16 सितंबर से 22 सितंबर तक सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर में सट्टा प्रदर्शन मेला लगाया जाएगा। इसी तरह 18 सितंबर से 25 सितंबर तक सहकारी गन्ना विकास समिति बीसलपुर और मझोला में, 21 सितंबर से 27 सितंबर तक सहकारी गन्ना विकास समिति में सट्टा प्रदर्शन मेला लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सट्टा प्रदर्शन मेला सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक लगेगा। अगर सर्वे सट्टा से संबंधित कोई आपत्ति है तो लिखित रूप से प्रार्थना पत्र देकर दर्ज करा सकते हैं। ऐसा न करने पर पेराई सत्र के लिए कैलेंडर को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## झमाझम बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हरैया सतघरवा/बलरामपुर।** जिले में रविवार रात से शुरू हुई बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही है। बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है। दोपहर बाद बारिश तो थम गई, लेकिन कस्बों और शहर में जलभराव की स्थिति हो गई है। वहीं, धान और गन्ने फसलों के लिए बारिश संजीवनी से कम नहीं रही। मौसम विभाग के अनुसार जिले में पिछले 24 घंटे में औसतन 35.08 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 140 मिलीमीटर बारिश पचपेड़वा में हुई, जबकि शहर में सबसे कम 16 मिलीमीटर दर्ज की गई। रेहरा बाजार क्षेत्र में 18 मिलीमीटर बारिश हुई। नगर क्षेत्र की गलियों में जलभराव और कीचड़ की समस्या से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। हरैया सतघरवा क्षेत्र के कई कस्बों में जलभराव से लोगों की आवाजाही थम गई। बरदौलिया के अशोक कुमार शुक्ल, नईम खान, तिलकराम वर्मा, मोहम्मद आलम व रामनिवास वर्मा ने बताया कि मुख्य मार्ग पर घुटनों तक पानी जमा हो गया है, जिससे व्यापार और आवागमन दोनों प्रभावित हुए हैं। गौरा क्षेत्र में किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। धान की रोपाई के समय पर्याप्त वर्षा न होने से किसानों को सिंचाई में खासी दुश्वारी हुई थी। रविवार से हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया और तालाब भी लबालब होने लगे। किसान धरखान प्रसाद, अवधू पांडे और मिठाई लाल ने बताया कि धान में इस समय बालियां निकल रही हैं। ऐसे वक्त पर हुई यह बरसात फसल के लिए संजीवनी है। उनका कहना है कि यदि इसी तरह कुछ दिन और वर्षा होती रही तो इस बार पैदावार उम्मीद से कहीं बेहतर होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### सुरियावा बाईपास पर घनश्याम कोल्ड स्टोरेज के सामने खुला नाला स्थानीय लोगों के लिए परेशानी




**सुरियावा** बाईपास पर घनश्याम कोल्ड स्टोरेज के सामने खुला नाला स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। नाले से फैल रही गंदगी और दुर्गंध से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। नाले की वजह से राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खुले नाले में जमा गंदा पानी मच्छरों और कीड़ों के पनपने का कारण बन रहा है। इससे आसपास के क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

स्थानीय निवासियों ने इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि नाले का उचित निर्माण किया जाए। साथ ही इसकी नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए। इससे क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहेगी और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।इस अवसर पर दिलीप सिंह, विकास, निहाल सिंह, चंदन, पवन सहित कई लोगों ने मांग की।

### रू0 15,000 का इनामी दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता पहले ही सकुशल बरामद

**भदोही।** थाना गोपीगंज पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में वांछित 15,000 का इनामी आरोपी ओमकार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 16 जुलाई 2023 को गोपीगंज क्षेत्र की एक 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण की सूचना पर थाना गोपीगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पीड़िता को पहले ही सुरक्षित बरामद कर लिया गया था। साक्ष्य और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में दुष्कर्म की पुष्टि होने पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट की धाराएँ जोड़ी गईं।

पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर 16 सितम्बर 2025 को गोपीगंज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी ज्ञानपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूद है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्टेशन के पश्चिमी गेट पर चबूतरे से आरोपी को दबोच लिया। आरोपी के पास से ?1500 नकद बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओमकार सिंह (40 वर्ष), निवासी ग्राम चौरा बगैर खेत, थाना कलान, जनपद शाहजहांपुर और अस्थायी पता एन-17 सी/265 एफ ब्लॉक, टी हॉट्स, जे जे कॉलोनी, वजीरपुर गांव, थाना अशोक बिहार नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के रूप में हुई। उसे विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तारी टीम**

निरीक्षक अजय विक्रम यादव

हे.का. अवनीश कुमार, थाना गोपीगंज, जनपद भदोही

### संत निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का हुआ आयोजन



**चुनार,मिर्जापुर।** सोमवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन शाखा इमलिया बाजार द्वारा जरगो बांध पर किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में निरंकारी संत पहुंचे। इस अवसर पर काशीनाथ यदुवंशी, राजेश, राधेश्याम क्षेत्रीय संचालक, संयोजक जवाहरलाल, मनोज, तान्या, आदित्य इत्यादि ने भक्ति से भरे गीत व विचार रखें। अंत में सतगुरु प्रवचन में बताया गया कि मानव जीवन प्रभु प्राप्ति के लिए मिला है इस जीवन में सतगुरु द्वारा प्रभु को पाया जा सकता है। निरंकारी सतगुरु द्वारा ब्रह्म ज्ञान कराकर मानव जीवन को सफल बनाया जा सकता है।सत्संग में सभी के लिए लंगर की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में इंचार्ज राजेश, कैशियर राम आशीष, पप्पू,डॉक्टर सत्यनारायण, रामचंद्र, शिव प्रकाश, लालव्रत, दशरथ, गुरूदास, अंशु, सुभाष, सोनू, ऋषि आदि सहयोगी उपस्थित रहे। अंत में मुखी शैलेंद्र कुमार ने सत्संग में आए सभी लोगों का आभार प्रकट किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आई0 जी0 आर0 एस0 की बैठक कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित की गई

● जिलाधिकारी ने आईजीआरएस समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने पर दिया जोर-जिलाधिकारी

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, गलत स्पेशल क्लोज़ पर होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

आईजीआरएस समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी की सख्ती, एक्सईएन विद्युत की खराब कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही 16 सितम्बर 2025:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में आईजीआरएस मुख्यमंत्री संदर्भ, जिलाधिकारी संदर्भ, तहसील दिवस संदर्भ सहित अन्य संदर्भो के सापेक्ष निस्तारित एवं लम्बित शिकायतों/प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में डिफाल्टर श्रेणी व असंतुष्ट फीडबैक से सम्बन्धित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए अपेक्षित सुधार का निर्देश दिया। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहां कि जिन विभागों में शत प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक है उन विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनसंवाद दिवस पर शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी समस्याओं का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक कराए। उन्होंने कहा कि ऐसे ही पूरे मनोयोग से कार्य करें, जिससे जनपद की रैंक अच्छी बनी रहे। यह भी कहे कि शिकायतों को अधिकारी कटेगरी वाईज कर सही ढंग व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान एक्सईएन विद्युत के 08 संदर्भ में सही आख्या रिपोर्ट न लगाने व असंतुष्ट फीडबैक 18 प्रकरण होने साथ ही बैठक में अनुपस्थित होने पर, कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस के साथ शासन को पत्र लिखने को संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया। तहसीलदार भदोही के लंबित प्रकरण अधिक होने पर असंतुष्ट फीडबैक के 85 प्रकरण होने पर तहसीलदार भदोही का वेतन रोकने के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया, साथ ही स्वस्थ विभाग की सबसे ज्यादा सी श्रेणी के 11 प्रकरण लंबित होने पर व सही रिपोर्टिंग न करने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को प्रमुख सचिव को पत्र लिखने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकांश शिकायतों का, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता को वार्ता कर संतुष्ट करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड की जाए। केवल वे ही शिकायत स्पेशल क्लोज़ की जाए, जो पोर्टल पर उपलब्ध स्पेशल क्लोज़ की श्रेणी में आती हो। गलत फ्लैग लगाकर स्पेशल क्लोज़ करने पर कार्यवाही की जाएगी। प्रायः यह देखा जा रहा है कि जनपद स्तर से एक ही शिकायत को कई बार फीड किया जा रहा है एवं एक ही मोबाईल नंबर से अलग अलग शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। विश्लेषण में यह भी पाया गया है की मोबाईल नंबर शिकायतकर्ता का न होकर किसी कर्मचारी या अन्य व्यक्ति का है। जिस अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत है उसी से जांच कदापि न कराई जाए। यह भी समीक्षा कर लें की उनके यहाँ किस क्षेत्र या किस विभाग शिकायत श्रेणी मे सर्वाधिक शिकायतें आ रही हैं और उसका निराकरण कराएं। उदाहरणर्थ कतिपय जनपदों में प्रमाणपत्र बनाने के संबंध में अधिक शिकायत दर्ज हो रही हैं। पूर्व में दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद स्तर से निस्तारण की गुणवत्ता का क्रॉस वेरीफिकेशन करने के उपरान्त ही आख्या अपलोड या स्पेशल क्लोज की कार्यवाही की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निरस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी फरियादियों/शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के प्रति बेहद गम्भीर है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के डिफाल्टर होने व निस्तारित शिकायतों की खराब गुणवत्ता पाये जाने पर कुछ विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की कड़ी चेतावनी दिया, कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिये कि निस्तारण की गुणवत्ता खराब होने के कारण उच्च स्तर से शिकायतें पुनः वापस आ जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भो के निस्तारण के परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। क्योंकि शिकायतकर्ता की संतृष्टि ही संदर्भो का निस्तारण का मूल लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस का पैरामीटर बदल गया है असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को सही ढंग से निस्तारण कराए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, डीडीओ ज्ञानप्रकाश, डीसी मनरेगा राजाराम, जिला पंचायत राज अधिकारी संजय मिश्रा, समस्त उप जिलाधिकारी, ईडीएम आशुतोष श्रीवास्तव एवं संबंधित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## उच्च व सर्वोच्च न्यायालय के 445 लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही, 16 सितम्बर 2025।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को प्रभावी और समयबद्ध न्यायिक प्रक्रिया अपनाने के कड़े निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि सितम्बर 2025 तक जनपद के 21 विभागों की कुल 445 याचिकाएं लंबित हैं। इनमें से 313 वादों में जवाब दाखिल हो चुका है, जबकि 132 वाद शेष हैं और 1 मामला अवमानना से जुड़ा है। विभागवार आंकड़ों में उप जिलाधिकारी भदोही के 86, ज्ञानपुर के 88, औराई के 68, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) के 11, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) के 6, मुख्य विकास अधिकारी के 22, मुख्य चिकित्साधिकारी के 10, विशेष भूमि अध्यापि अधिकारी के 43, तहसीलदार भदोही के 26, तहसीलदार ज्ञानपुर के 23 और तहसीलदार औराई के 23 प्रकरण लंबित हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि

» किसी भी वाद में गलत रिपोर्ट न लगाई जाए।

» दाखिल किए गए प्रत्येक इन्स्ट्रक्शन की प्रतिलिपि वाद लिपिक को दी जाए।

» पुराने लंबित वादों में यह स्पष्ट लिखा जाए कि वर्तमान अधिकारी ने कब कार्यभार संभाला।

» सुनवाई से पहले हाईकोर्ट की वेबसाइट पर नई दिशा-निर्देश अवश्य देखे जाएं।



अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह ने गैंगेस्टर एक्ट के मामलों की अद्यतन जानकारी और नवीनतम गैंग चार्ट से जुड़ी जानकारियाँ प्रस्तुत कीं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बेरासपुर में चकबंदी प्रकिया के तहत किसानों के अंश निर्धारण की की गई रैण्डम चेकिंग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर में स्थित बेरासनाथ शिव मंदिर पर चकबंदी अधिकारी और ग्रामीणों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जिसमें सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा ग्राम सभा के लोगों को चकबंदी प्रक्रिया और उसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया और चकबंदी लेखपाल द्वारा किसानों की जमीन के रकबे का जो अंश निर्धारण किया गया है, उसकी रैण्डम चेकिंग भी की।

बैठक में सहायक चकबंदी अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार बढ़ने के साथ ही अक्सर जमीनों का बटवारा भी हो जाता है। इसके अतिरिक्त खरीदी गई जमीन और पैतृक जमीन अलग-अलग जगहों पर होती है। जिसके वजह से किसानों को खेती करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अधिक समय होने के साथ ही गांवों में भूमि विवाद, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण समेत कई शिकायतों की संख्या अधिक होने लगती है। जिसके कारण सरकार एक निश्चित समय के बाद चकबंदी कराती है। चकबंदी के तहत इधर-उधर बिखरे हुए खेतों को एक जगह किया जाता है, जिससे किसान आसानी से आधुनिक खेती कर सकते हैं। सहायक चकबंदी अधिकारी ने किसानों से बताया कि किसी भी तरह की जो समस्या हो उसे चकबंदी लेखपाल से बताकर उसका समाधान कर ले। कहीं किसी के बहकावे या अफवाह में न आये। चकबंदी कि प्रकिया पूरी पारदर्शिता के साथ हो रही है और इसे ऐसे ही पूर्ण भी कराया जायेगा। कहा कि वरासत और नामांतरण की प्रक्रिया में अभी समय लगेगा।

मालूम हो बेरासपुर ग्रामसभा में



चकबंदी की प्रकिया शुरू है। ग्रामसभा में चकबंदी लेखपाल बीते कई माह से ग्रामसभा के सभी रकबा को चिन्हित करते हुए सम्बंधित कास्तकारों से बातचीत करते हुए प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे रहे है. और सभी के रकबा में अंश निर्धारण भी कर दिये है। जिससे की भविष्य में कहीं कोई दिक्कत न हो। हालांकि किसी बात की आपत्ति के लिए सभी को मौका रहेगा। बैठक में सहायक चकबंदी अधिकारी वैभव श्रीवास्तब, ग्राम प्रधान मिथलेश कुमार, कानूनगो अंगदराम, लेखपाल आदर्श दूबे समेत भारी संख्या में गांव के लोग भी मौजूद रहे।

## ग्रामीण पत्रकारों की सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोपीगंज।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष अमृत लाल अग्रहरि के नेतृत्व में पत्रकारों ने जिला मुख्यालय पर सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

संगठन ने ज्ञापन में कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों की समस्याओं को उठाने और शासन-प्रशासन की आवाज बनने के बावजूद ग्रामीण पत्रकारों की उपेक्षा की जा रही है। कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र को सशक्त बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले ग्रामीण पत्रकारों के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी है।

**मुख्य मांगें**

दारूल सफा और ओसीआर में पत्रकारों के लिए कार्यालय की स्थापना, ताकि दूर-दराज से लखनऊ आने वाले पत्रकार ठहर सकें।

मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को सरकारी योजनाओं का लाभ।

ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर पर बीमा योजना में शामिल करना।

60 वर्ष से अधिक आयु वाले पत्रकारों को पेंशन सुविधा।

ग्रामीण पत्रकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले किसी राजपत्रित अधिकारी से अनिवार्य जांच।

प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत




पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तर्ज पर 5 लाख रुपये की तात्कालिक सहायता।

प्रदर्शन में राकेश द्विवेदी, सुशील पाण्डेय, अमर बहादुर सिंह, अब्दुल कयूम, मुकेश दूबे, रामकुमार वर्मा, आशीष मोदनवाल, दिनेश यादव ददा, आजाद खां, जयप्रकाश जायसवाल, अब्दुल वाहिद, नेहाल और अशोक मौर्य सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष 18 सितम्बर को करेंगी महिला जनसुनवाई




**मीरजापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि दिनांक 18/09/2025 को समय-मध्यान्ह 12:00 बजे, स्थान-पुलिस लाइन सभागार मीरजापुर में "राष्ट्रीय महिला आयोग-आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। किसी भी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या अध्यक्ष महोदया के सम्मुख रखकर न्याय प्राप्त कर सकती है। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी, कार्यालय मीरजापुर से सम्पर्क कर सकते है।

# विद्यालय प्रबंधक के पुत्र का निधन, परिजनों में कोहराम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया,3 मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के नदौली पुरवा गांव स्थित श्याम नारायण मेमोरियल इंटर कालेज के प्रबंधक जयशंकर प्रसाद मिश्र के छोटे पुत्र व वरिष्ठ अधिवक्ता विजय नारायण मिश्र एवं नदौली ग्राम पंचायत की प्रधान केवलपत्ती देवी के 25 वर्षीय भतीजे अतुल मिश्रा का मंगलवार की भोर में अचानक निधन हो गया। अतुल की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अतुल के चचेरे भाई समाज सेवी धीरज मिश्रा बबलू ने बताया कि भाई अतुल चेचक और बुखार से पीड़ित थे। प्रयागराज से उपचार चल रहा था और अब हालत सामान्य हो गई थी कि अचानक भोर में मौत हो गई।भाई अतुल की मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। सौम्य मिलनसार व हंसमुख स्वभाव के अतुल



मिश्रा के निधन की खबर सुनते क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।विंध्याचल के शिवपुर रामगया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। भाजपा नेता मनीष त्रिपाठी, अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी, बालकृष्ण मिश्र मंगलदास जायसवाल, अरूण मिश्र,सोनू सिंह, मार्तण्ड सिंह,पंकज सोनी,संजय तिवारी, सुशील पटेल, राकेश चौरसिया, देवदत्त त्रिपाठी,छविनाथ तिवारी सहित क्षेत्रीय लोगों ने घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

## मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित

● वाराणसी के नन्हे कलाकारों व स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुत किए नशा मुक्ति पर गीत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मिर्जापुर।** मंगलवार को नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार में आगामी 5 अक्टूबर को उद्घाटन होने वाले मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजदीप महाविद्यालय कैलहट के प्रबंधक इंजीनियर राजबहादुर ने किया। मुख्य अतिथि तहसीलदार चुनार इवेंद्र कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि एडीओ पंचायत नारायणपुर ब्लॉक हरिशंकर पांडेय,मेजर कृपा शंकर सिंह पूर्व प्रधानाचार्य पी डी एन डी इंटर कॉलेज चुनार,सुरेंद्र सिंह पटेल, रमेश सिंह स्वामी सहायता संघ परसोधा , अध्यक्ष प्रधान संघ नारायणपुर ब्लॉक रामपति रहे। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू दीदी,संचालन ब्रह्माकुमारी चंचला व ब्रह्माकुमारी गुंजा ने, धन्यवाद ज्ञापित शाखा सह प्रभारी ब्रह्माकुमारी तारा दीदी ने किया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान बैच अलंकरण व अंगवस्त्रम से किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए नन्हे बाल कलाकारों रामकृष्ण, राधाकृष्ण, राधेकृष्ण द्वारा दरूवा मत पिया भैया, घरवा तू भेजा रुपैया और चुनार के स्थानीय कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर संगीतमय मंचन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मेजर वी के सिंह, कृति सागर, प्रभंजन कुमार, ब्रह्माकुमारी चनतारा,सुनीता, दीपिका, पडरी शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी गूंजा, नरायनपुर शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी विद्या,चेतना सुलेखा, ब्रह्मकुमार पंकज दुबे, जगदीश, सतनारायण सहित बड़ी संख्या ग्राम पंचायत सदस्य और प्रधान उपस्थित रहे। प्रकृति संरक्षण के लिए कार्यक्रम में नवचेतना एग्रो सेंटर सीखड़ द्वारा उपस्थित सभी को एक पौधा दिया गया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण व गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

● ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व गंगा संरक्षण पर मिले सख्त निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति व गंगा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, गंगा स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद का 13,41,700 पौधारोपण लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है और सभी रोपित स्थलों की जियो टैगिंग कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने सभी विभागों को पौधों की नियमित देखरेख और सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा, "पर्यावरण सुरक्षित होगा, तभी हम भी सुरक्षित रहेंगे।"

**बैठक में इन प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई-**

» ठोस अपशिष्ट प्रबंधन- गीले कचरे के उपचार हेतु उपलब्ध वेट कंपोस्टिंग पिट, प्लास्टिक अपशिष्ट के रिसाइक्लिंग, डम्पिंग साइट की क्षमता और निर्माण व ध्वस्तीकरण अपशिष्ट (C&D Waste) के वैज्ञानिक निस्तारण की समीक्षा।

» वेस्ट टू एनर्जी/कम्पोस्ट योजनाएं- नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन और फंटलाइन स्टाफ की क्षमता वृद्धि पर बल।

» गंगा संरक्षण- गंगा किनारे स्थित शवदाह गृह का संचालन विद्युत प्रणाली से करने, गंगा ग्रामों में किसानों को जैविक खेती हेतु प्रेरित करने और रासायनिक उर्वरक के दुष्प्रभावों पर जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश।

» उद्योगों की निगरानी- जनपद के डाईग प्लांट्स से निकलने वाले तरल अपशिष्ट की गुणवत्ता की जांच और मानक अनुरूप न होने पर दंडात्मक कार्रवाई का आदेश।

मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के खतरे पर चेताया और नागरिकों से कपड़े या बायोडिग्रेडेबल थैले अपनाने की अपील की। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, डीसी मनरेगा राजाराम, प्रभागीय वनाधिकारी विवेक यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### रामलीला के दूसरे दिन रावण जन्म लीला का मंचन



**चुनार मिर्जापुर।** श्री राघवेंद्र रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला में दूसरे दिन सोमवार की रात जय विजय,नारद मोह सुमाली कैकसी संवाद,विश्रवा कैकसी संवाद एवं रावण जन्म लीला का मंचन किया गया।कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने बताया कि लीला प्रेमियों के समय एवं सुविधाओं का ध्यान रखते हुए लीला के समय में बदलाव कर सांयकाल साढ़े सात बजे से रामलीला का मंचन शुरू होना सुनिश्चित कराया गया है। दूसरे दिन की लीला के दौरान अविनाश अग्रवाल, चन्द्रहास गुप्ता, अमित कुमार गुप्ता, गौरी नाथ दीक्षित, अखिलेश मिश्रा, पवन पांडेय, श्यामू गुप्ता, बृजनंदन कुशवाहा, अनिल गुप्ता, प्रतीक वैद्य आदि प्रमुख मौजूद रहे।

## दशहरा होगा और भी खास- 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ट्रेलर लॉन्च

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जित मुम्बई:-** लव, लाफ्टर और फैमिली मैजिक की एक भव्य दावत। सेटिंग? एकदम बिग फैट इंडियन शादी! जहां रोमांस है, कॉमेडी है और त्योहारों वाली चमक-दमक भी। ये फिल्म पुराने जमाने वाले फैमिली एंटरटेनर का असली मज़ा वापस लाने का वादा करती है। स्टेलर कास्ट- वरुण धवन, जाह्नवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, अक्षय ओबेरॉय और मनीष पॉल- मतलब मस्ती और इमोशन्स का रोलरकोस्टर राइड पक्का। डायरेक्टर शशांक खेतान अपनी स्पेशलिटी - इमोशन और ह्यूमर - के साथ लौटे हैं।

करण जौहर बोले, "फैमिली एंटरटेनर हमारी स्टोरीटेलिंग का दिल है। ये फिल्म साथपन और खुशी का सबसे बड़ा जश्न है।" शशांक खेतान-"ये फिल्म थिएटर में




फैमिली को साथ लाने के लिए बनाई गई है। इसमें रिश्ते हैं, म्यूज़िक है और वो नॉस्टैल्जिया है जो दिल छू जाए।"

प्रोड्यूसर्स- हीरू यश जौहर, करण जौहर, आदर पूनावाला, अपूर्वा मेहता और शशांक खेतान- लाए हैं ये सबसे स्पेशल रिलीज़। कैलेंडर मार्क कर लो- इस दशहरा, 2 अक्टूबर 2025 को, 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी" के साथ सिनेमाघरों में होगा प्यार और फैमिली का सबसे ग्रैंड सेलिब्रेशन!

### विन्ध्य फाउण्डेशन ट्रस्ट के सदस्यों ने कैन्सर मरीजो के इलाज हेतु किया रक्तदान

**मीरजापुर।** मीरजापुर से वाराणसी जाकर 15 दिन के अंतराल में विन्ध्य फाउंडेशन ट्रस्ट के रक्तवीर सदस्य टाटा मेमोरियल होमी भाभा कैन्सर हॉस्पिटल वाराणसी में जाकर सिंगल डोनर प्लेटलेट्स SDP दान किया। SDP की जरूरत कैन्सर से पीड़ित मरीजो को लगातार पड़ती रहती है जिसके लिए रक्तकेन्द्र में SDP स्टोर करने की एक जिम्मेदारी मीरजापुर के रक्तदातायो ने भी ले रखा है । संस्था के अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी ने बताया कि आज का यह कैम्प जन्मदिन स्पेशल के उपलक्ष्य में रखा गया जिसमें कोषाध्यक्ष सौरभ् सिंह , SDP अक्षत गुप्ता , सदस्य आकाश तिवारी एवं रुद्रेश ऊमर इन चारों लोगो के जन्मदिन पर समर्पित स्वंय अध्यक्ष कृष्णानन्द हैहयवंशी , सांस्कृतिक सचिव हिमांशु कसेरा एवं अभिषेक साहू ने भी SDP दान किया । मौके पर सम्पादकीय सचिव शशांक गुप्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीमद्भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है, और जो कृष्ण है वही साक्षात भागवत है-पं विष्णूकान्त महाराज



**भदोही।** औराई विकास खंड क्षेत्र के कैयरमऊ दीनानाथपुर गांव में धनेश मिश्रा के निज आवास पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पं विष्णूकान्त शास्त्री जी महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। महाराज जी ने कहा कि भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती ।भगवान की कृपा से ही भक्त का कल्याण संभव है। पं विष्णूकान्त शास्त्री महाराज ने भक्ति और भक्त के बारे में विस्तार से बताया। महाराज ने कहा कि जीवन यापन करने में भक्ति तथा धन का संचय करना बहुत जरूरी है। भगवान की कृपा से ही भक्ति प्राप्त होती है क्योकि भगवान की कृपा के बिना भक्ति और मोक्ष की कल्पना करना ही बेकार है। पं विष्णूकान्त शास्त्री महाराज जी ने कहा कि भगवान की भक्ति सच्चे मन से करने पर ही भगवान की प्राप्ति हो जाती है। और भगवान की कृपा केवल उन्ही पर होती है जो सच्चे मन से और निश्चल भाव से भक्ति करते है। इस मौके राजनाथ मिश्रा सेठ, कृपाशंकर मिश्रा ( मिठाई मिश्रा ), राजकुमार मिश्रा, अजय मिश्रा, शिवदयाल मिश्रा, मठोरी सिंह, राकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में भागवत कथा श्रोता मौजूद रहे।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने वैज्ञानिक खेती, नैनो यूरिया और डीएपी से किसानों की समृद्धि का रखा रोडमैप

**कृषक गोष्ठी किसानों के बेरुख़ी की बनी कहानी**

**किसानों की नाममात्र की उपस्थिति व ख़राब संचालन से बिफरे मंत्री**

**देवरिया।** जनपद के विकास खंड भलुअनी में आयोजित कृषक गोष्ठी किसानों के बेरुख़ी की कहानी बन गई। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान मुख्य अतिथि रहे लेकिन उनके संबोधन के दौरान सामने की ज्यादातर कुर्सियाँ खाली पड़ी रहीं। मंत्री ने वैज्ञानिक खेती, नैनो यूरिया और डीएपी से समृद्धि का रोडमैप रखा, मगर श्रोताओं की संख्या इतनी कम थी कि गिनती आसानी से हो सकती थी। ऊपर से बिजली कटौती और अव्यवस्थित मंच संचालन ने आयोजन की खामियाँ और उजागर कर दीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सजायी गयी प्रदर्शनी,गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रमों ने माहौल बचाने की कोशिश की। मंत्री ने भी व्यवस्थाओं पर परोक्ष रूप से असंतोष जताया। गोष्ठी के नतीजों पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं–क्या इस तरह के आयोजन किसानों तक योजनाओं की पहुँच बना पा रहे हैं या यह महज़ औपचारिकता रह गए हैं?

### 1.19 लाख से अधिक गोवंश का हुआ टीकाकरण- डा वैश्य

**देवरिया।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वैश्य ने बताया कि जनपद में लम्पी स्किन डिज़ीज़ नियंत्रण में है। अब तक 1,19,400 से अधिक गोवंश का टीकाकरण किया जा चुका है। जिले को कुल 1.55 लाख डोज़ प्राप्त हुई थीं, जो पशुगणना के अनुसार पर्याप्त हैं। अब तक 2003 गोवंश संक्रमित मिले, जिनमें 1483 स्वस्थ हो चुके हैं और 520 का उपचार चल रहा है। जिले के 1174 ग्रामों में से 1081 ग्रामों में टीकाकरण कार्य पूरा हो चुका है। बिहार बॉर्डर पट्टी के 165 ग्रामों में शत-प्रतिशत टीकाकरण हो चुका है। बीमारी से मृत्यु दर 1 प्रतिशत से भी कम है और यह केवल गोवंश को प्रभावित करती है। मनुष्यों में इसका संक्रमण नहीं होता। जिला प्रशासन ने फॉगिंग, सेनेटाइजेशन और आवागमन प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. वैश्य ने अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और बिना वैज्ञानिक परामर्श के दवाओं का प्रयोग न करें। वर्तमान में वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# प्रयागराज मास्टर प्लान 2031 में 42 प्रमुख सड़कों पर व्यावसायिक उपयोग की अनुमति

**स्वतंत्र प्रभात**

**प्रयागराज।** पीडीए ने मास्टर प्लान 2031 के तहत 42 प्रमुख सड़कों पर व्यावसायिक उपयोग की अनुमति दी है, जिससे व्यापार केंद्रों का विस्तार होगा, नौकरियों को बढ़ावा मिलेगा और शहरी विकास को विनियमित किया जायेगा। मास्टर प्लान 2031 के तहत एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव में, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने शहर की 42 प्रमुख सड़कों पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रास्ता खोल दिया है, जो पहले के मास्टर प्लान 2021 में अनुमत 29 सड़कों से आगे बढ़ रहा है। यह कदम शहरी विकास को बढ़ावा देने, रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने और प्रमुख शहरी गलियारों में संगठित बाज़ार विकास को प्रोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। नए शामिल किए गए खंडों में महात्मा गांधी मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, काटजू मार्ग, ताशकंद मार्ग, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग और अन्य प्रमुख मार्ग शामिल हैं, साथ ही नैनी, झूंसी, फाफामऊ और राजरूपपुर जैसे उपनगरीय इलाकों की सड़कें भी शामिल हैं । पीडीए अधिकारियों के अनुसार, इन निर्दिष्ट बाज़ार सड़कों पर स्थित दो मंज़िल तक की इमारतों को अब व्यावसायिक उपयोग में बदला जा सकेगा।




योजना के अनुसार, बाज़ार सड़क क्षेत्र को सड़क के किनारे से 15 मीटर तक फैली एक पट्टी के रूप में परिभाषित किया गया है। गैर-निर्मित क्षेत्रों में, 24 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सभी सड़कें शामिल हैं। 30 मीटर या उससे अधिक चौड़ी सड़कों के चौड़ीकरण परियोजनाओं के दौरान सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए सर्विस लेन का निर्माण आवश्यक होगा। इन खंडों के लिए, मार्केट स्ट्रीट भवन उप-नियम लागू होंगे। हालाँकि, वाणिज्यिक क्षेत्र के पीछे स्थित आवासीय और अन्य निर्दिष्ट भूमि उपयोग अपने मौजूदा उप-नियमों का पालन करते रहेंगे। किसी संपत्ति का कानूनी रूप से व्यावसायिक उपयोग करने से पहले, नए सिरे से कंपाउंडिंग अनिवार्य है। पीडीए जल्द ही सभी 42 घोषित बाज़ार सड़कों का विस्तृत सर्वेक्षण करेगा ताकि अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि बिना अनुमति के आवासीय संपत्तियों को दुकानों या कार्यालयों में अनधिकृत रूप से परिवर्तित करने पर सख्त दंड लगाया जाएगा। इस विनियामक ढांचे का उद्देश्य एक संरचित परिवर्तन प्रदान करना है, साथ ही अव्यवस्थित व्यावसायीकरण को रोकना है, जो शहर के बुनियादी ढांचे को बाधित कर सकता है। अतिरिक्त सड़कों को व्यावसायिक श्रेणी में शामिल करना प्रयागराज के शहरी परिदृश्य को नया रूप देने की दिशा में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत है। कई हिस्से, जो पहले आवासीय उपयोग के लिए जाने जाते थे, धीरे-धीरे मिश्रित उपयोग वाले गलियारों में तब्दील होने की उम्मीद है। अधिकारियों का अनुमान है कि इस विस्तार से न केवल खुदरा और सेवा क्षेत्रों का विकास आसान होगा, बल्कि रोज़गार सृजन में भी योगदान मिलेगा और वाणिज्यिक करों से नगरपालिका राजस्व में भी वृद्धि होगी। स्थानीय संपत्ति मालिकों के लिए, नई नीति से संपत्ति का मूल्य बढ़ने और निवेश के नए अवसर खुलने की संभावना है। मास्टर प्लान 2031 प्रयागराज में संरचित विकास की एक व्यापक दृष्टि को रेखांकित करता है। यह शहरी विस्तार को यातायात प्रबंधन, विनियमित निर्माण और उपनगरीय क्षेत्रों को शहर के आर्थिक ढाँचे में एकीकृत करने के साथ संतुलित करने का प्रयास करता है। बाज़ार की सड़कों का दायरा बढ़ाकर, यह योजना बढ़ती व्यावसायिक माँग को पूरा करने के साथ-साथ अनियंत्रित फैलाव को रोकने का प्रयास भी करती है। इस नवीनतम निर्णय के साथ, प्रयागराज उन भारतीय शहरों की बढ़ती सूची में शामिल हो गया है जो मुख्य सड़कों पर वाणिज्यिक अधिकारों का विस्तार कर रहे हैं। यह बदलाव बदलती शहरी गतिशीलता की पहचान का संकेत देता है, जहाँ गतिशीलता गलियारे व्यापार और सेवाओं के केंद्र के रूप में तेज़ी से बढ़ रहे हैं। जैसे-जैसे नीति लागू होगी, इसकी सफलता कंपाउंडिंग मानदंडों के सख्त प्रवर्तन और पार्किंग, सर्विस लेन और यातायात प्रबंधन प्रणालियों जैसे सहायक बुनियादी ढांचे के समय पर निर्माण पर निर्भर करे।

## सरहद पर चौकसी के साथ बढ़ी हलचल, नेपाल के बदलाव पर टिकी नजर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलरामपुर।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन से जिले की सीमावर्ती बाजारों में रौनक के साथ संबंध की बेहतरी की उम्मीद भी बढ़ गई है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की नेपाल के नवनिर्माण की संकल्पना को साकार करने में जिले के व्यापारी भी हाथ बंटाने को तैयार हैं। उन्हें बस नेपाल में पूर्ववर्ती सरकार के तनावपूर्ण फैसलों से छूट चाहिए। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तुलसीपुर महामंत्री रूपचंद्र गुप्त कहते हैं कि अभी तो स्थानीय बाजार गुलजार हुए हैं। जरूरत है कि मित्र देश के साथ मिलकर व्यापार के लिए कदम बढ़ाया जाए। पूर्ववर्ती नेपाली सरकार ने व्यापारियों पर रोड टैक्स लगा दिया था, जिससे नेपाल में यातायात पुलिस परेशान करती थी। भंसार के बाद हर दिन 200 से दो हजार तक का टैक्स तय था। उन्होंने कहा कि अभी बढ़नी या रुपईडीहा से ही व्यापारिक गतिविधियां होती हैं। इससे दूरी अधिक पड़ती है, कई तरह की दिक्कतें भी होती हैं। कोयलाबास सीमा पर भंसार की सुविधा मिले तो व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। व्यापारिक गतिविधियों के लिए देऊखोरी उद्योग वाणिज्य संघ लमही (नेपाल) के पदाधिकारियों से वार्ता चल रही है। वहां की सरकार से तो मांग होगी।देऊखोरी उद्योग वाणिज्य संघ लमही अध्यक्ष कमल जंग सिंह ने बताया कि कोयलाबास सीमा पर अभी तक 25 हजार से कम की सामग्री ही लाने की छूट है। इससे बाजारों में दैनिक जरूरत की खरीद तो करते हैं, लेकिन व्यापार नहीं हो पा रहा है। भारत सरकार इस सीमा को पांच लाख करे तो व्यापार के लिए उचित माहौल बनेगा। कम सीमा होने से बड़े वाहनों को प्रवेश नहीं मिल पाता है। छोटी गाड़ियां ही आ सकती हैं।

**पचपेड़वा के व्यापारियों को भी बेहतरी की उम्मीद**

पचपेड़वा क्षेत्र के व्यापारियों को भी नेपाल से बड़ी उम्मीद है। सराफा कारोबारी अभिषेक ने बताया कि नई सरकार के आने से व्यापार जगत उत्साहित है। नई सरकार से उम्मीद है कि बॉर्डर की सुरक्षा मजबूत होगी। टैक्स का सही इस्तेमाल होगा और व्यापार में वृद्धि होगी। व्यापारी त्रियोगीनाथ अग्रहरि ने कहा कि अब व्यापार बढ़ेगा। कपड़ा व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र के बाजार का बड़ा हिस्सा नेपाल के ग्राहकों पर निर्भर है। लगभग 80 फीसदी ग्राहक नेपाल से भारत खरीदारी करने आते हैं। यहां से भी 60 फीसदी लोग नेपाल के कृष्णानगर में सामान खरीदने जाते हैं। हार्डवेयर व्यापारी आशीष, मयंक, मातेश्वरी, शिवकुमार और प्रहलाद ने बताया कि नेपाल बंद होने से बाजार पर गहरा असर पड़ा, लेकिन अब फिर से व्यापार पटरी पर लौट रहा है।

**पर्यटन और धार्मिक स्थल भी प्रभावित**

नेपाल के चंदरौटा, काठमांडो, बुटवल और दांग में जिले से बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं। स्वर्गद्वारी स्थित बाबा प्रभुनाथ के दरबार में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। हालिया हिंसा से यह आवागमन प्रभावित हुआ था, लेकिन अब श्रद्धालु फिर से नेपाल का रुख कर रहे हैं।

## यूपी की राजनीति में परिवारवाद; 23% संभाल रहे अपनों की विरासत, BJP में सबसे अधिक वंशवाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** सामाजिक भागीदारी और सबकी हिस्सेदारी के जुमलों के बीच भारत की राजनीति में परिवारवाद या वंशवाबाद खूब फलफूल रहा है. जिसे अंग्रेजी में Nepotism या Dynastic politics भी कहा जाता है. यह भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मुद्दा रहा है. विपक्ष पर परिवारवाद का आरोप लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी भी खुद 'नेपोटिज्म' की शिकार है. यह हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वाच की ओर से जारी रिपोर्ट में दावा किया गया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने भारत में राजनीतिक परिवारों से आने वाले मौजूदा संसद सदस्यों (सांसदों), विधान सभा सदस्यों (एमएलए) और विधान परिषद के 5204 सदस्यों (एमएलसी) का व्यापक विश्लेषण किया है. जिसमें से 1107 यानी 21 फीसदी माननीय का परिवार या तो सियासत का हिस्सा है या रह चुका है. रिपोर्ट के अनुसार भारतीय लोकतंत्रत में वंशवादी राजनीति की आधार शिला बनी हुई है. वर्तमान में 5 में से 1 माननीय अपने परिवार के कारण सियासत में पैठ जमाए हुए है।

**आंकड़ों में उत्तर प्रदेश नंबर वनः**

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार आंकड़ों में सभी राज्यों में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है. उत्तर प्रदेश के 604 विधायक, सांसद, एमएलसी और राज्यसभा सदस्यों में से 141 यानी 23 फीसदी माननीय परिवारवादी हैं. रिपोर्ट के अनुसार, यूपी में 4 में से 1 पुरुष राजनीतिक परिवारों से आते हैं. जबकि आधे से अधिक महिलाएं परिवार के बल पर राजनीति में एंट्री मारी है और काबिज हैं। एडीआर के रिपोर्ट के अनुसार, 535 में से 112 पुरुष माननीयों का राजनीतिक बैक ग्राउंड रहा है. यानी 21 फीसदी पुरुष परिवारवादी हैं. वहीं, 69 में 29 यानी 42 फीसदी महिलाएं राजनीतिक रसूख के बल पर राजनीति कर रही हैं. रिपोर्ट के अनुसार अपने 91 विधायक अपने परिवार के बलबूते पर राजनीति कर रहे हैं. जबकि 50 सांसद, एमलएसी, राज्यसभा सदस्यों का भी परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है।

**पार्टीवार वंशवादी पृष्ठभूमिः**

एडीआर रिपोर्ट के अनुसार भाजपा के 53 विधायक और 24 सांसद, एमएलसी, राज्य सभा सदस्य अपने परिवार की विरासत संभाल रहे हैं. वहीं, अपना दल (सोनेलाल) के 2 विधायक, एक सांसद और एक एमएलसी से परिवारवादी हैं. समाजवादी पार्टी के 32 विधायक और मुखिया व सांसद अखिलेश यादव सहित 15 सांसद, राज्य सभा सदस्य और एमलसी का परिवार राजनीति से ताल्लुक रखते हैं. कांग्रेस के 1 विधायक आराधना मिश्रा, सांसद राहुल गांधी, तनुज पुनिया, इमरान मसूद और उज्जवल सिंह निकम भी परिवार की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं. वहीं, जनतादल लोक तांत्रिक 1 विधायक और एक एमएलसी , निरबल इंडियन शोषित हमारा दल 1 विधायक और निर्दलीय 2 एमएलसी, सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के 1 विधायक और रालोद से राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी और एक एमएलसी परिवारवादी हैं।

## सनातनियों के माथे पर लगे गौहत्या के कंलक को दूर करना शंकराचार्य का दायित्व

**● जिसने खुद को सनातन परमात्मा से जोड़ लिया वही सनातनी है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अररिया,फारबिसगंज,बिहार।** अररिया जिले के फारबिसगंज में आदर्श गोयल जी आवास पर रात्रि विश्राम के पश्चात आज तय कार्यक्रम के अनुसार परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामिश्री: अविमुक्तेश्वरानंद: सरस्वती जी महाराज ने सर्वप्रथम श्रीश्री 1008 लक्ष्मीनारायण मंदिर पहुच कर सभी देवी देवताओं का दर्शन करके शिव जी अभिषेक व आरती किया।मन्दिर परिसर में पहुचने पर संस्था के प्रतिनिधि के रूप में पवन अग्रवाल ने सहयोगियों के साथ पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज का स्वागत,अभिनंदन व वंदन किया।जिसके अनंतर वहीं पर गौमतदाता सभा का आयोजन किया गया। गौमतदाता सभा को सम्बोधित करते हुए परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि सदा रहने वाला ही सनातनधर्म है जो भूत,वर्तमान और भविष्य में भी रहने वाला है और जिसने सनातन परमात्मा से अपने आपको जोड लिया वही सनातनधर्मी है और यही आपका परिचय है।हिन्दू वो जो हिंसा से दुखी हो जाता है,जीवन धारण करने के लिए कुछ अनिवार्य हिंसा हमें करनी ही पडती है,उसके प्रायश्चित के लिए हर गृहस्थ रोज क्रमशः देवयज्ञ,नृयज्ञ,भूतयज्ञ,ब्रह्मयज्ञ और बलि वैश्वदेव पंचमहायज्ञ करके अनिवार्य हिंसा की प्रायश्चित करता है।इसका मतलब हम हिन्दू रोज प्रायश्चित करते हैं और साथ ही हम गौरक्षा की प्रतिज्ञा करते हैं,हमारे पूर्वजों ने ये निर्धारित कर रखा है कि हमें किसी भी हालत में गौ हत्या नही करना है।वेदों में गाय को अवध्या कहा गया है,पुराणों में अनेकानेक आख्यान है जिसमें बताया गया कि गाय को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति भी दे डाला था।पर आज डालर कमाने के लिए हम अपनी गाय को काट कर बेच दिया है,हम को आज खडे होकर गाय को हर कीमत पर बचाना ही होगा।देश की आजादी के समय से हमसब नेताओं को वोट व अपना समर्थन देकर गौहत्या के पाप के भागीदार बन रहे हैं। शंकराचार्य जी महाराज ने कहा कि आपके माथे गौहत्या का पाप चढा है इसलिए आप दुखी हो,गुरु होने के नाते हमारा ये कर्तव्य है कि हम अपनी सनातनी प्रजा के माथे पर से गौहत्या के कलंक उतार दें।आप अपने असली ताकत को पहचानिए और गौहत्या कराने वाले दलों व नेताओं को वोट देना बन्द करिए।जो गौ प्रत्याशी शपथपूर्वक गौसेवा की उद्घोषणा करे उसी को अपना वोट दीजिए।जो नेतागण हमारा वोट लेकर हमारी माता गाय को कटवाते हो वो हमें कदापि स्वीकार नही है।राजनिति से हमारा कोई सम्बन्ध नही,लेकिन यदि हम आपको सतर्क ना करें तो गाय नही बचेगी।और अगर गाय न बची तो ये संसार भी नही बचेगा।, गौमतदाता सभा के पश्चात श्री जय अग्रवाल जी ने सपरिवार अपने आवास पर शंकराचार्य जी महाराज के चरण पादुका का पूजन कर शंकराचार्य जी महाराज की आरती उतारी।

**शंकराचार्य जी ने किया रोटी बैंक का उद्घाटन**

फारबिसगंज युवा मारवाड़ी मंच द्वारा आज से संचालित हो रहे रोटी बैंक का शंकराचार्य जी महाराज ने उद्घाटन किया।रोटी बैंक की गाड़ी रोज तीन घण्टे निर्धारित समय से हिंदुओं के घर के आमने गाड़ी खड़ी रोटी एकत्र करेगी।जिस रोटी को गौमाता को समर्पित किया जाएगा।इस अक्षयपुण्य कार्य मे हिंदुओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु सहमति व्यक्त किया।गौमाता हेतु अपनी अंगुली का बलिदान करने वाले छत्तीसगढ़ के गौभक्त वीर आदेश सोनी ने लिया शंकराचार्य जी का आशीर्वाद गौमतदाता सभा को प्रमुख रूप से गौमतदाता सभा के सयोजक स्वामी प्रत्यक्चैतन्यमुकुंदानंद गिरी जी महाराज,आदर्श गोयल,यात्रा सहसंयोजक देवेंद्र पाण्डेय,श्रीनिधिरव्यानंद,

**सक्षम सिंह योगी ने भी सम्बोधित किया।**

मतदाता सभा मे प्रमुख रूप से सर्वश्री-अखिलेश ब्रम्ह्चारी,भावानंद ब्रम्ह्चारी,प्रधान पुरुषेश्वरानंद ब्रम्ह्चारी सहित हजारों की संख्या में गौभक्त व धर्मप्राण बिहारवासी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारीद्वय संजय पाण्डेय व शैलेन्द्र योगी ने दी है।

# उच्च शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति में मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण-राज्यपाल

**● दीक्षान्त समारोह में उमा यादव को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक।**

**●28 हजार से अधिक शिक्षार्थियों को मिली उपाधि।**

**स्वतंत्र प्रभात**

**ब्यूरो चीफ़ प्रयागराज।** उ0प्र0 राजर्षि टण्डमुक्तविश्वविद्यालय, प्रयागराज का 20वां दीक्षान्त समारोह सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की।राज्यपाल आनंदी पटेल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति में मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण है। समाज के कम से कम 50 प्रतिशत युवाओं की पहुंच उच्च शिक्षा तक होनी चाहिए। इसमें मुक्त विश्वविद्यालय को अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय यह कार्य अपने क्षेत्रीय केंद्रों के माध्यम से पूरा कर सकता है। दूरस्थ शिक्षा की गुणवत्ता के लिए ऑनलाइन सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने बिगड़ते पर्यावरण पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरुई के बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर दी गई प्रस्तुति की सराहना की। महिलाओं बढ़ते सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीनेशन की मुहिम के लिए जन सहभागिता की अपील की। राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि उन्होंने प्रदेश की महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए जो मुहिम चलाई है उसमें प्रशासनिक अधिकारी अपना सहयोग प्रदान करें। मुख्य अतिथि प्रोफेसर उमा कांजीलाल, कुलपति, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने आभासी रूप में दीक्षान्त भाषण देते हुए कहा कि इस समय युवा ही विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं। इसके लिए युवाओं को अपनी समस्त ऊर्जा का उपयोग देश के विकास के लिए करना चाहिए। प्रोफेसर कांजीलाल ने कहा कि इस दौर में भारत अंतरिक्ष विज्ञान, कृषि, सुरक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है। हमें भी इसमें अपना योगदान देना है। वर्तमान में ओडीडी एल, कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग एवं ऑनलाइन टीचिंग लर्निंग आदि शिक्षा के विस्तार और पहुंच को सुनिश्चित करने वाले प्रभावी और महत्वपूर्ण माध्यम उपलब्ध हैं। इन माध्यमों का प्रयोग करके हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों की प्राप्ति में महती भूमिका अदा कर सकते हैं। यह नीति भारतीय मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक ज्ञान के समावेश के साथ-साथ आधुनिकता और नवाचार को भी प्रोत्साहित करती है। 20वें दीक्षान्त समारोह में विभिन्न विद्याशाखाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिक्षार्थियों को 27 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये, जिनमें 15 स्वर्ण पदक छात्राओं तथा 12 स्वर्ण पदक छात्रों ने प्राप्त किए। दीक्षान्त समारोह में सत्र दिसम्बर-2024 तथा जून-2025 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण 28421 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी, जिसमें 17268 पुरूष, 1 ट्रांस्जेंडर तथा 11152 महिला शिक्षार्थी हैं। इस अवसर पर उपाधियों एवं अंकपत्रों को डिजीलॉकर में अपलोड कर प्रसारित किया गया। 20वें दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक मा0 राज्यपाल महोदया ने क्षेत्रीय केंद्र अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक विज्ञान की छात्रा सुश्री उमा यादव को दिया। सुश्री उमा ने बी.एस.सी. की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की तथा वे समस्त विद्याशाखाओं की स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं में उत्तीर्ण समस्त स्नातक एवं परास्नातक शिक्षार्थियों में सर्वश्रेष्ठ रहीं। इसके साथ ही राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक इस बार स्नातकोत्तर वर्ग में विद्याशाखाओं के 07 टापर्स को दिए। जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध एम.ए. (संस्कृत) की छात्रा सविता प्रजापति, समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रयागराज क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध एम.ए. (राजनीति विज्ञान) के छात्र आदित्य तिवारी , प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज से सम्बद्ध एम.बी.ए. की छात्रा सृष्टि यादव, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र से सम्बद्ध एम.सी.ए. के छात्र सुश्रुत कुमार पाण्डेय, शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध एम.ए. (शिक्षाशास्त्र) के छात्र गिरजा शंकर, विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, आगरा से सम्बद्ध एम.एस.सी. (जैव रसायन) के छात्र सोमेश भारद्वाज, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ से सम्बद्ध एम0एस0सी0 (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) की छात्रा नेहा कनौजिया प्रमुख रहीं। राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने स्नातक वर्ग में भी विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक विद्याशाखाओं के 07 टापर्स को दिये, जिसमें मानविकी विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ से सम्बद्ध स्नातक








(बी0ए0) के छात्र राजकमल नन्दा, समाज विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक (बी0ए0) के छात्र उत्कर्ष पाण्डेय, प्रबन्धन अध्ययन विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, आजमगढ़ से सम्बद्ध स्नातक (बी0कॉम0) के छात्र प्रदुम्न चौहान, कम्प्यूटर एवं सूचना विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक (बी0सी0ए0) के छात्र सूरज कुमार, शिक्षा विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक (बी0एड0) की छात्रा श्वेता सिंह, विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक (बी0एस0सी0) की छात्रा उमा यादव, स्वास्थ्य विज्ञान विद्याशाखा से विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, झांसी से सम्बद्ध स्नातक (बी.एस.सी. ह्यूमन न्यूट्रीशन) की छात्रा हुमैरा हलीम प्रमुख रहीं। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने 12 मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया, जिनमें बाबू ओमप्रकाश गुप्त स्मृति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध बी0एड0 की छात्रा श्वेता सिंह, जोहरा अहमद मिर्जा स्मृति स्वर्ण पदक प्रयागराज क्षेत्रीय केन्द्र से सम्बद्ध एम.सी.ए. की छात्रा अंकिता कुमारी, श्री कैलाशपत नेवेटिया स्मृति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध एम.बी.ए. की छात्रा सृष्टि यादव, स्व0 अनिल मीना चक्रवर्ती स्मृति स्वर्ण पदक स्नातक वर्ग में क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक कला के छात्र उत्कर्ष पाण्डेय, स्व0 अनिल मीना चक्रवर्ती स्मृति स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर वर्ग में क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज से सम्बद्ध एम.ए. (राजनीति विज्ञान) के छात्र आदित्य तिवारी, प्रो. एम. पी. दुबे पर्यावरण/गांधी चिन्तन एवं शान्ति अध्ययन उत्कृष्टता स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध स्नातक कला के छात्र उत्कर्ष पाण्डेय, प्रो. एम. पी. दुबे दिव्यांग मेधा स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध बी0एड0 की दामिनी सिंह, महान राष्ट्रकवि श्रद्धेय पं0 सोहन लाल द्विवेदी स्मृति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध एम0ए0 (हिन्दी) के छात्र रत्नेश द्विवेदी, स्वर्गीय प्रो. सुशील प्रकाश गुप्ता स्मृति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केंद्र, अयोध्या से सम्बद्ध बी. एड. की छात्रा श्वेता सिंह, श्री संतोष कुमार दीक्षित स्मृति स्वर्ण पदक महिला वर्ग में क्षेत्रीय केंद्र, प्रयागराज से सम्बद्ध एम0बी0ए0 की छात्रा सृष्टि यादव, स्व0 श्रीमती चारूल पाण्डेय स्मृति स्वर्ण पदक क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ से सम्बद्ध स्नातकोत्तर (फूड एण्ड न्यूट्रीशन) की छात्रा नेहा कनौजिया तथा स्व0 डॉ0 मुरली धर तिवारी स्मृति स्वर्णपदक क्षेत्रीय केन्द्र, अयोध्या से सम्बद्ध बी0एस0सी0 (स्नातक विज्ञान) की छात्रा उमा यादव प्रमुख रहीं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, महापौर श्र उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, बाबूलाल तिवारी, कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह, पूर्व कुलपति प्रोफेसर पृथ्वीश नाग, महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरि टीना मां, इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद, उपेंद्र सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### उर्दू प्राथमिक विद्यालय में 81 विद्यार्थियों को खिलाई गई कृमि मुक्ति की गोली



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड–** बीते मंगलवार को प्रखण्ड मुख्यालय स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय, पाकुड़िया में 'कृमि मुक्ति दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति के सदस्य एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। विद्यालय में नामांकित कुल 123 छात्र-छात्राओं में से 81 विद्यार्थियों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई गई। शेष 42 अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी 21 सितंबर को गोली खिलाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पाकुड़िया प्रखण्ड के सभी सरकारी विद्यालयों में 1 से 19 वर्ष तक के विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति की दवा खिलाई जा रही है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर विजयपुर में सेंट्रल टीम ने किया एनक्यूएएस एसेसमेंट



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड–** महुलपहाड़ी पंचायत के विजयपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 15 सितंबर को सेंट्रल टीम द्वारा एनक्यूएएस (National Quality Assurance Standards) एसेसमेंट किया गया। इस दौरान टीम ने केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का आकलन किया और उन्हें और बेहतर व सुव्यवस्थित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, एनक्यूएएस मानकों पर खरा उतरने पर संस्थान को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, साथ ही विशेष सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा। सेंट्रल टीम में यशवंत और डॉ. सुप्रिया शील शामिल थे। एसेसमेंट कार्यक्रम की सफल कार्यान्वयन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पाकुड़िया के चिकित्सा प्रभारी डॉ. भरत भूषण, मंजर आलम, नित्य कुमार पाल, प्रभात दास, अंजय यादव तथा केंद्र के अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "सशक्त नारी, सशक्त परिवार" अभियान पर हुई विस्तृत चर्चा



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड–** बीते मंगलवार को प्रखंड कार्यालय, पाकुड़िया स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले ÷सशक्त नारी, सशक्त परिवार÷ अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सविस्तार और गहन चर्चा की गई। इस विशेष अभियान के तहत मुख्य रूप से नारी स्वास्थ्य पर विशेष बल दिया गया है। आयोजित बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भरत भूषण भगत, मंजर आलम, नित्य कुमार पाल, मृत्युंजय कुमार, प्रभात दास, शैलेश सोरेन तथा कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जगापुर मिश्रान में कुएं में कूदे युवक के लिए देवदूत बनी पुलिस

**भदोही।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के जगापुर मिश्रान में रविवार की देर एक युवक पारिवारिक विवाद को लेकर घर पास स्थित एक कुएं में कूद गया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों और गांव वालों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पाते ही डायल 112 की टीम पहुंची और तुरंत फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस को दी। पुलिस के जवानों और स्थानीय लोगों के सहयोग से कुएं में कूदे युवक को सकुशल बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से सीएचसी कोइरौना भेजा गया। जहां पर व्यक्ति की स्थिति सामान्य है।

# डीएम ने ली हिट एंड रन मोटर दुर्घटना मामलों की बैठक, दिए मुआवजा दिलाने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना दावा (मुआवजा) के सम्बन्ध में मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने अधिकारियों को हिट एंड रन मोटर वाहन दुर्घटना के आवेदनों की जांच कर जल्द से जल्द पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए निर्देशित किया। बैठक में डीएम ने सम्बन्धित तहसील स्तर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा उपलब्ध कराये गये हिट एण्ड रन मोटर वाहन दुर्घटना (मुआवजा) के लिए प्राप्त आवेदनों का सत्यापन तत्काल कराकर उपलब्ध कराये। बताया कि जिले स्तर पर दो अधिकारी अरुण कुमार शुक्ला (नाजिर) एवं राकेश कुमार पाठक (डिप्टी कलेक्टर) नामित किये गये, जो इस योजना के सम्बन्ध में जाँच एवं सत्यापन करायेंगे। बीमा कम्पनी के नामित अधिकारी सौरभ बनर्जी (सहायक प्रबन्धक) ओरिएण्टल इश्योरेन्स को अधिकारियों की आईडी बनवाने के निर्देश दिए, जिससे हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना पीडितों को मुआवजे की धनराशि जल्द से जल्द आवंटित की जा सकें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी कर्वी, मानिकपुर, राजापुर व मऊ के प्रतिनिधि, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश सिंह, पीटीओ दीप्ति त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पोषण माह में जिला आकांक्षा समिति ने सैम बच्चों को बांटी किट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** विकासखण्ड सभागार रामनगर में मंगलवार रेडक्रास सोसायटी के तत्वाधान में संभव अभियान 5.0 एवं राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर 2025 के तहत रामनगर एवं मऊ विकास खण्ड के विभिन्न ग्रामों के 85 सैम बच्चों को आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ तनुषा टीआर द्वारा पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि गाँवो में कैंप लगाकर बच्चों का वजन, लम्बाई की जांच के बाद सैम कैटेगरी में चिन्हित किए गए बच्चों को सैम से मैम एवं उसके उपरान्त सामान्य श्रेणी में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सैम बच्चों को पोषण किट, स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा व आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिसिन उपलब्ध कराई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने संभव अभियान 5.0 एवं आठवीं राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर में होने वाली गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी सचिव व आंकाक्षा समिति की अध्यक्ष तनुषा टीआर ने बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं के पोषण, एनीमिया व बीमारियों से बचाव, खान-पान, स्वच्छता आदि विषयों पर संवाद किया एवं आवश्यक जानकारी दी। साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि कन्या सुमंगला योजना में बालिका के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25,000 रुपये आधार से जुडे खाते में अन्तरित की जाती है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना के अन्तर्गत पहली बालिका या बालक के जन्म पर 5,000 रु एवं दूसरी बालिका के जन्म पर 6,000 रु की धनराशि लाभार्थी के खाते में अन्तरित की जाती है।

पोषण पुनर्वास केन्द्र में सैम बच्चे के भर्ती व डिस्चार्ज होने पर 700 रु लाभार्थी के खाते में दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही ऑगनबाड़ी कार्यकत्री को सैम बच्चे को भर्ती कराने पर 200 रु प्रोत्साहन राशि व फालोअप के लिए बच्चे को पुनः लाने पर नगद धनराशि दिये जाने का प्रावधान है। सैम बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराकर दुबलेपन से स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज होने के बाद प्रत्येक 15 दिन पर चार बार फालोअप के लिए जागरूक किया गया। कहा कि गर्भवती महिलाएं अपना पंजीकरण एएनएम, ऑगनबाड़ी केन्द्र में प्रथम तिमाही में ही अनिवार्य रूप से करा लें तथा आयरन, कैल्शियम आदि का सेवन डाक्टर की परामर्श के अनुसार ही करें। बताया कि बच्चे के जन्म के बाद एक घंटे के अन्दर खीस युक्त मां का दूध, छह माह तक केवल माँ का दूध, उसके बाद बच्चों को माँ के दूध के साथ घर का बना हुआ खाद्य पदार्थ देना चाहिए। विशेषकर हरे पत्तेदार सब्जियों, प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ एवं सहजन के विभिन्न प्रकार से उपयोग एवं उनसे होने वाले फायदे के बारे में भी लाभार्थियों से विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने आयरन की गोलियां न खाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताया तथा ग्रामीण महिलाओं को झाड़फूंक के चक्कर में पड़ कर स्वास्थ्य व धन बर्बाद करने से बचने की सलाह दी। बताया कि कम वजन के बच्चे जल्दी जल्दी बीमार पड़ते हैं। मां जब-तक दूध पिलाए, तब तक कैल्शियम की गोलियां खाना चाहिए। इस दौरान विभिन्न गांवों के 85 सैम बच्चों को पोषण किट एवं उपहार दिए गए। साथ ही बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट आदि का भी वितरण किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर व मऊ, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## टेट अनिवार्यता के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट ब्यूरो:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को टीईटी अनिवार्यता के आदेश को वापस लेने के लिए प्रदर्शन किया। साथ ही इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को संघ के शिक्षक कलेक्टरेट पहुंच कर टेट अनिवार्यता का विरोध करते हुए इस आदेश को वापस लेने की मांग की। कहा कि इस निर्णय को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बताया कि यह निर्णय बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत केंद्रीय सरकार की सेवा में 25 अगस्त 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर प्रभावी नहीं है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू किया गया है। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अर्हता हासिल करना अनिवार्य नहीं है। बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक सितंबर को टीईटी की अनिवार्यता को लेकर दिए गए निर्णय से शिक्षकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। ऐसी स्थिति में भारत सरकार को केन्द्र में 25 अगस्त 2010 के पूर्व तथा उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी अनिवार्यता के सम्बन्ध में फैली भ्रम की स्थिति को दूर करें। कहा कि यदि भारत सरकार जल्दी कोई निर्णय नहीं लेती तो दिल्ली में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। किसी भी सूरत में शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षकों ने इस सम्बन्ध में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, जिला मंत्री नारायण सिंह, जिला कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री आराधना सिंह, शिवभूषण त्रिपाठी, अमित पांडेय, अभिषेक पांडेय, शहनाज बानो, देव यादव, वंदना यादव, अतुल द्विवेदी, मनोज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## जानकीकुण्ड में होगा तीन दिवसीय निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में तीन दिवसीय निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें चित्रकूट में आसपास के अँचलों में से आने वाले मरीजों का पंजीकरण किया जा रहा है। यह पंजीकरण 18 सितंबर तक होंगे, वही 19, 20 और 21 सितंबर तक मुंबई के सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ अजय हरियाणी द्वारा भर्ती हुए रोगियों की सर्जरी की जाएगी। जानकीकुंड चिकित्सालय कि वरिष्ठ जनरल सर्जन डॉ पूनम आडवाणी ने बताया कि इस निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर में विशेष रूप से उन रोगियों की जटिल सर्जरी की जाती है, जो रोगी आर्थिक तंगी के चलते बड़े अस्पतालों में सर्जरी कराने में असमर्थ होते है। ऐसे लोगो के लिए इसका आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस शिविर में बर्न कंट्रक्चर, कटे-फ्टे होंठ (क्लिफ्ट लिप), पैर-अंगुलियों का जुड़ना टेढ़ा होना, पेशाब के रास्ते की समस्या, हांथ की चोट, पुरुषों में बढ़े स्तन का ईलाज, महिलाओं में बढ़े हुए स्तन का ईलाज, मोटापे का ऑपरेशन द्वारा ईलाज जैसी जटिल सर्जरी कर रोगियों को लाभ पहुँचाया जाएगा। उन्होंने लोगो से अपील की है कि जो लोग ऐसी बीमारी से ग्रसित है या उनके रिश्तेदार ऐसी बीमारियों का शिकार है, तो उन्हें इस आयोजित होने वाले कैंप के बारे में बताएं और जानकीकुंड चिकित्सालय में आकर 18 सितंबर तक अपना पंजीकरण कराकर ज्यादा से ज्यादा लोग इस कैंप का लाभ उठाएं।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पोषण माह के साथ 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में 17 सितंबर बुधवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस अभियान में 20 से 30 सितम्बर तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच व उपचार, एनसीडी स्क्रीनिंग, आभा आईडी निर्माण, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, नेत्र चिकित्सा सेवाएं, दंत चिकित्सा सेवाएं आदि का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद एक अक्टूबर को टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया जाएगा तथा दो अक्टूबर को स्वच्छ कार्यकर्ता पीआरआई के द्वारा स्वास्थ्य गतिविधियों की जागरूकता एवं परामर्श बीएसएनएससी की बैठक आदि का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अभियान के सफल आयोजन के लिए निर्देशानुसार गतिविधियों को कराएं तथा ससमय पोर्टल पर रिपोर्टिंग करवाएं।

### चांदना ग्रामीण पथ ध्वस्त, आवागमन में ग्रामीणों को हो रही है भारी परेशानी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड–** चांदना ग्राम की ग्रेड वन-टू सड़कें पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं। आंगनवाड़ी केंद्र से लेकर चांदना ग्राम स्थित पूर्व पीसीसी रोड तक पथ के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों को विशेषकर वर्षा ऋतु में चलना-फिरना मुश्किल हो गया है। 15 सितंबर को बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाओं ने इस समस्या को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क वर्षों पहले बनी थी लेकिन अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और धारदार स्टोन मेटल पड़े रहने से नंगे पांव चलना जोखिम भरा हो गया है। इसी दौरान ग्रामीणों ने तालवा-चांदना आरईओ मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति पर भी रोष प्रकट किया। उनका कहना है कि तालवा स्थित सिदो-कान्हू मोड़ से लेकर पाकुड़िया प्रखंड सीमा तक की सड़क बीते 20 वर्षों से क्षतिग्रस्त है, लेकिन आज तक इसे दोबारा नहीं बनाया गया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि सड़क ठीक होने पर लोग आसानी से ऑटो-टोटो से सफर कर सकते हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति में आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। उन्होंने विधायक स्टेफन मरांडी से मांग की है कि इस जर्जर पथ का नये सिरे से निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने किया जेएसएलपीएस वार्षिक आम सभा का उद्घाटन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड–** चौपारण प्रखंड के पंचायत भवन बसरिया क्लस्टर में झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी (JSLPS) का वार्षिक आम सभा व महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके आगमन पर JSLPS सदस्यों ने झारखंडी प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं क्लस्टर अध्यक्ष कंचन देवी ने हस्तकला टोपी पहनाकर विशेष रूप से स्वागत किया। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव ने कहा कि महिलाएं आज समाज परिवर्तन की सबसे बड़ी शक्ति हैं। नशा मुक्त समाज ही खुशहाल परिवार और समृद्ध गांव की नींव है। छुस्स्क्र की बहनें आत्मनिर्भरता के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आप सबके सामूहिक प्रयास से ही हमारा गांव, हमारा प्रखंड और हमारा राज्य तरक्की करेगा। साथ ही जेएसएलपीएस महिलाओं ने इस अवसर पर नशा मुक्ति को लेकर प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए।

गीतों के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि नशा परिवार और समाज को बर्बाद करता है नशा मत करो, नहीं तो बीबी-बच्चे गुम हो जाएंगे बाजार में। इस महोत्सव ने न केवल आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को नई दिशा देने का संदेश दिया, बल्कि महिलाओं की भागीदारी और उनके सामाजिक चेतना से ओतप्रोत गीतों ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सदस्य रेखा सोनी ने किया। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनील सिंह, उप मुखिया प्रतिनिधि संजू यादव, वार्ड सदस्य मुना केशरी, भाजपा पंचायत अध्यक्ष रामधनी दांगी, भाजपा युवा नेता पिंटू सोनी, समाजसेवी सुरेश शर्मा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और महिला आजीविका संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

## तालझारी प्रखंड में स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**साहेबगंज, झारखंड–** जिला के तालझारी प्रखंड स्थित पीएम सीनियर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, तालझारी में आज स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान एवं मृदा स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक "आत्मा" साहिबगंज, मंटू कुमार ने छात्रों को मिट्टी में पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों जैसे ऑक्सीजन, कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैग्नीशियम, गंधक तथा सूक्ष्म पोषक तत्व–लौह, तांबा, जस्ता, मैंगनीज, बोरोन, मॉलिब्डेनम एवं क्लोरीन–की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं, स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर कंचन कुमार सुमन ने स्कूलों के ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, बैच निर्माण, शिक्षक को ग्रुप लीडर बनाने की विधि तथा स्कूल सॉइल हेल्थ ऐप के माध्यम से मिट्टी संग्रहण की प्रक्रिया को समझाया। इसके अतिरिक्त फील्ड पर जाकर ऐप के माध्यम से मिट्टी के नमूने का संग्रहण भी प्रदर्शित किया गया।

सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रियांशी प्रज्ञा ने प्रशिक्षण के दौरान यह बताया कि मिट्टी का उठाव कब और किस प्रकार किया जाना चाहिए, नमूना कितनी जगह से लिया जाए तथा उसकी लंबाई, चौड़ाई और गहराई कितनी होनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रभारी बीज गुणन प्रक्षेत्र, तालझारी, ओम प्रकाश पंडित ने भी छात्राओं को खेती-बाड़ी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सलोनी मरांडी, नोडल करुणा कुमारी, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बालिकाएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यालय की छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दी गई अल्बेंडाज़ोल की गोली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**साहेबगंज, झारखंड–** बीते मंगलवार को साहेबगंज जिले के NRP Center विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं को LBENDAZOLE TABLET IP 400 का सेवन कराया गया। उपायुक्त श्री सती ने स्वयं बच्चों को दवा खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया और इस अवसर पर मौजूद सभी बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से नियमित रूप से कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को दवा सेवन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के स्वास्थ्य और उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण, खून की कमी, थकान व पढ़ाई में मन न लगने जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। ऐसे में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह बच्चों के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उपायुक्त ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, शिक्षकों एवं उपस्थित अभिभावकों को बच्चों में स्वच्छता, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हर अभिभावक का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को समय पर यह दवा अवश्य दिलवाएँ, ताकि वे स्वस्थ रहकर पढ़ाई और जीवन में आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, स्वास्थ्य विभाग की टीम, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी के जन्म दिवस पर लगेगी प्रदर्शनी

● **जिला सूचना अधिकारी ने दी जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि 17 सितम्बर बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन में प्रातः 07:00 बजे से होने वाले कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) हिस्सा लेंगे। बताया कि इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व, न्यू इंडिया 2047 तथा प्रदेश सरकार संचालित कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व उपलब्धियां विषयक सूचना विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का पुरानी कोतवाली में उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे तथा संयुक्त जिला चिकित्सालय चित्रकूट द्वारा आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में भी शामिल होंगे। इसी के साथ वह मातृ एवं शिशु चिकित्सालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्धजनों को सहायक उपकरण का वितरण करेंगे तथा मल्टीपर्पस हाल राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम सोनपुर में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवक महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री वितरण करेंगे।

## ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन एवं बीमा योजना का मिलना चाहिए लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट:** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की शिनाख्त कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार गोस्वामी, प्रांतीय पदाधिकारी पीसी त्रिपाठी और राजापुर तहसील अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय ने कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए ताकि वह और उनका परिवार मुफ्त कैशलेस इलाज करा सकें। साथ ही एसोसिएशन को राज्य मुख्यालय लखनऊ में भवन आवंटन किया जाए। जिससे सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रुकने और बैठक करने में असुविधा न हो। इसके अलावा ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए और आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। राज्य एवं जिला स्तर पर स्थायी समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं, जिनमें शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सम्बन्धित तहसील अध्यक्षों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसी प्रकार किसान बीमा योजना की तरह प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत ग्रामीण पत्रकारों के परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बालकृष्ण शर्मा, महेश कुमार पाण्डेय, प्रकाश गोस्वामी, भगवान दास सोनकर, सुशील द्विवेदी, रोहित त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, अनूप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## साइबर ठगी में व्यापारी को लगा लाखों का चूना, पुलिस को दी गई शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** साइबर ठगी की घटना में कारोबारी को लाखों का चूना लगने से बाजार में हड़कंप मच गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में शिवकुमार केसरवानी कोल्डड्रिंक का थोक विक्रेता है। सोमवार की सुबह वह दुकान पर मौजूद था। इसी बीच उसे फोन पर एक कॉल आयी। कॉल करने वाले ने अपने को लालगंज कोतवाली में तैनात बताते हुए कोल्डड्रिंक तथा पानी के बोतल के लिए नौ हजार रूपये का आर्डर नोट कराया। व्यापारी ने आर्डर नोट किया तभी उसके मोबाइल पर नब्बे हजार रूपये ट्रांसफर होने का संदेश आ गया। अब आरोपी द्वारा व्यापारी को फोन कर बरगलाया गया कि उसके खाते में गलती से नब्बे हजार रूपये पहुंच गया है। आरोपी ने व्यापारी से इक्यासी हजार रूपये वापस क्यूआर कोड पर भेजने को कहा। ठगी का शिकार व्यापारी इक्यासी हजार रूपये वापस कर बैठा। थोड़ी देर बाद आरोपी ने फिर फोन कर उसे गुमराह किया। इस तरह व्यापारी के खाते से आरोपी को एक लाख बारह हजार रूपये पहुंच गया। शाम को आरोपी ने मोबाइल पर देखा कि उसे टेक्स्ट मैसेज ही मिले थे। अब घबराये व्यापारी ने बैंक से सम्पर्क किया तब पता चला कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने घटना के बाबत लालगंज पुलिस को तहरीर दी है। रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज विवेक यादव का कहना है कि जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## महिला के साथ सामुहिक दुष्कर्म के अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल में एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध पीड़िता के साथ वर्ष 2023 में सामुहिक दुष्कर्म करने व धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-262/2025 धारा 452,376डी,342,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। ÷सोमेन बर्मा÷ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय थाना विन्ध्याचल को अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में सुरागरसी पतारसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक राघवेन्द्र कुमार राय मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त लालमोहन पुत्र लोलरख निवासी ग्राम सिन्धुरिया थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तारी कर कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## चोरी के अभियोग से सम्बन्धित आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद




**मीरजापुर।** थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर पर सोमवार को वादी बाबू सोनकर पुत्र पण्डा सोनकर निवासी रोडबेज कालोनी आवास विकास कालोनी थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा वादी की मोटर साइकिल चोरी के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना को0कटरा पुलिस द्वारा पर मु0अ0सं0-281/2025 धारा 303(2) बीएनएस अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी को0कटरा को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक संजय सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0कटरा क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त राहुल शर्मा पुत्र दीपक शर्मा निवासी लक्ष्मण प्रसाद की गली वासलीगंज थाना को0 शहर जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त के कब्जे से चोरी मोटर साइकिल पैशनप्रो बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# कोई भी गड़बड़ी मिली तो रद्द कर देंगे पूरी प्रक्रिया.. बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि बिहार में विशेष गहन संशोधन यानी एसआईआर अभियान में कोई गड़बड़ी या अवैधता साबित हुई तो कोर्ट पूरी प्रक्रिया को रद्द कर देगा। यह चेतावनी बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची के संशोधन को लेकर उठे विवाद के बीच आई है। कोर्ट ने साफ़ कहा कि मतदाता सूची को साफ़-सुथरा रखना ज़रूरी है, लेकिन इसका इस्तेमाल लोगों को वोट देने से रोकने के लिए नहीं किया जा सकता।

बिहार में चुनाव आयोग ने 24 जून को विशेष गहन संशोधन यानी स्ढ्ढक्र अभियान की घोषणा की थी। इसका मक़सद मतदाता सूची को अपडेट करना है, ताकि सभी योग्य मतदाताओं को शामिल किया जा सके और अयोग्य नामों को हटाया जा सके। आयोग का कहना है कि पिछले 20 सालों में बड़े पैमाने पर नाम जोड़े और हटाए जाने से डुप्लिकेट एंट्रीज की आशंका बढ़ गई है। इस अभियान के तहत 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 7.24 करोड़ ने हिस्सा लिया, जो 92% से ज्यादा है।

लेकिन विपक्षी दल और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी ष्ठक्र जैसे चुनाव सुधार में लगे एनजीओ ने आरोप लगाया कि यह अभियान मनमाना और भेदभावपूर्ण है। उनका कहना है कि इससे करोड़ों गरीब, प्रवासी और अल्पसंख्यक मतदाताओं को वोट का हक छीना जा सकता है।

इस मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई को 7 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने 1 अक्टूबर से पहले सुनवाई की मांग की थी, क्योंकि इस तारीख को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होनी है, लेकिन जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने यह मांग ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि 28 सितंबर से दशहरा अवकाश के कारण एक सप्ताह के लिए कोर्ट बंद रहेगा, इसलिए सुनवाई 7 अक्टूबर को होगी।

जस्टिस सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं को आश्वासन दिया कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से मामले के निर्णय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कहा, 'अंतिम सूची के प्रकाशन से हमें क्या फर्क पड़ता है? अगर हमें लगता है कि कोई गैर-कानूनी कार्य हुआ है तो हम हस्तक्षेप करेंगे, चाहे सूची अंतिम हो या न हो।' यह बयान एडवोकेट प्रशांत भूषण द्वारा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से दिए गए तर्कों के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग अपने ही नियमों और मैनुअल का पालन नहीं कर रहा है।प्रशांत भूषण ने दावा किया कि चुनाव आयोग को प्राप्त आपत्तियों को कानूनी रूप से अपलोड करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा।

वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अनुरोध किया कि चुनाव आयोग को दैनिक आधार पर आपत्तियों और दावों का बुलेटिन प्रकाशित करने का निर्देश दिया जाए। इसके जवाब में चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा कि चुनाव आयोग साप्ताहिक अपडेट दे रहा है, क्योंकि आपत्तियों की जाँच जैसे कठिन कार्य के दौरान दैनिक अपडेट देना संभव नहीं है। जस्टिस सूर्यकांत ने सुझाव दिया कि चुनाव आयोग को उपलब्ध जानकारी को सार्वजनिक डोमेन में रखना चाहिए, क्योंकि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, 'जितना संभव हो, आप जो कर रहे हैं, उसे सार्वजनिक डोमेन में लाएं... इससे पारदर्शिता आएगी।' जस्टिस बागची ने सुझाव दिया कि चुनाव आयोग कम से कम प्राप्त आपत्तियों की संख्या को सार्वजनिक कर सकता है। हालाँकि, पीठ ने इन टिप्पणियों को आदेश का हिस्सा नहीं बनाया।

राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. ए.एम. सिंघवी और एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कोर्ट से मामले की सुनवाई जल्द करने का आग्रह किया। ग्रोवर ने तर्क दिया कि बिहार में नई विधानसभा का गठन 22 नवंबर तक होना है, जिसका मतलब है कि अक्टूबर के मध्य तक चुनाव अधिसूचित हो जाएँगे। इसलिए, प्रभावी हस्तक्षेप के लिए समय बहुत कम है। हालाँकि, पीठ ने 7 अक्टूबर की तारीख़ पर अडिग रहते हुए कहा कि यह कोर्ट के पुन÷ खुलने के बाद का पहला उपलब्ध दिन है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के स्ढ्ढक्रको लेकर चल रहे विवाद में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कई निर्देश जारी किए हैं। हालाँकि, याचिकाकर्ताओं की जल्द सुनवाई की मांग को ठुकराते हुए कोर्ट ने 7 अक्टूबर की तारीख़ तय की है।


इस मामले में अगली सुनवाई में कोर्ट द्वारा दिए जाने वाले निर्णय पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों को प्रभावित कर सकता है। कोर्ट की चेतावनी से चुनाव आयोग पर दबाव बढ़ गया है। अब देखना यह है कि आयोग पारदर्शिता सुनिश्चित करता है या नहीं। यह मामला न सिर्फ बिहार, बल्कि पूरे देश के चुनावी प्रक्रिया पर असर डालेगा।

## विषैले जंतु के काटने से किशोर की हुई मौत परिजनों में कोहराम

ड्रमंडगंज। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मड़वा धनावल गांव में सोमवार की देर रात सोते समय किशोर को किसी विषैले जंतु ने काट लिया।हालत बिगड़ने पर परिजन मंगलवार सुबह दवा पिलाने के लिए ले गए जहां किशोर की मौत हो गई। मड़वा धनावल गांव के सुंदरवन बस्ती निवासी दिलीप सरोज का सोलह वर्षीय पुत्र सनी सरोज सोमवार की रात खाना खाने के बाद सो गया देर रात किसी जहरीले जंतु ने पैर में काट लिया। किशोर ने जहरीले जंतु के काटने की जानकारी परिजनों को दी। किशोर को अचेतावस्था में परिजन मंगलवार भोर में दवा पिलाने के लिए करनपुर गांव ले गए लेकिन हालत में कोई सुधार नही होने पर किशोर को मंडलीय अस्पताल ले गए जहां देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने सर्पदंश की आशंका जताई है।मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। किशोर की मौत से मां पारो और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मौत की खबर पाकर किशोर के घर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य राकेश पुंज व ग्राम प्रधान रमेश सिंह ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# किशोरी का हुआ अन्तिम संस्कार, प्रशिक्षु सिपाही गया जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को लेकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने प्रशिक्षु सिपाही को हिरासत में लेकर मंगलवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के चिचिहरा गांव में एक पन्द्रह वर्षीया किशोरी ने सोमवार की सुबह फांसी का फंदा लगाकर झूल गयी। किशोरी की मौत को लेकर उसके भाई ने गांव के ही आरोपी शिवांशु शुक्ला के खिलाफ तहरीर देते हुए उस पर मृतका को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। तहरीर में आरोपी युवक द्वारा बाद में शादी से इंकार करने से आहत किशोरी के आत्महत्या किये जाने की बात भी कही गयी। सांगीपुर पुलिस ने आरोपी गांव के ही शिवांशु शुक्ला पुत्र संतोष के खिलाफ दुष्कर्म व आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण एवं पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। किशोरी की मौत को लेकर परिजनों के आक्रोश को देखकर सांगीपुर पुलिस सोमवार की रात ही सक्रिय हो गयी। पुलिस ने आरोपी शिवांशु शुक्ला को मऊ थाना के सराय लखननसी थाने से हिरासत में ले लिया। आरोपी युवक वहां सिपाही के पद पर प्रशिक्षणाधीन था। मंगलवार को परिजनों ने मृतका का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। इधर पुलिस ने आरोपी प्रशिक्षु सिपाही शिवांशु को दोपहर बाद जेल भेज दिया। एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि आरोपी को जेल भेजा गया है। मुकदमें की जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यपाल के हाथों मेधावियों को दीक्षान्त समारोह में मिला पदक, खुशी का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लालगंज, प्रतापगढ़।** विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के मेधावियों को राज्यपाल के हाथों पदक मिलने से मंगलवार को खुशी का माहौल देखा गया। महाविद्यालय ने सर्वाधिक बत्तीस पदक हासिल कर लालगंज क्षेत्र की मेधा की सफलता का डंका बजाया है। प्रो0 राजेन्द्र सिंह रज्जू भइया विश्वविद्यालय का सोमवार को अष्टम दीक्षांत समारोह हुआ। इसमें एसबीएम महाविद्यालय को प्रयागराज तथा कौशाम्बी व फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों के महाविद्यालयों में सर्वाधिक बत्तीस पदक राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल के हाथों मिलने का कीर्तिमान हासिल हुआ है। महाविद्यालय के मेधावियों की गौरवपूर्ण सफलता पर खुशी जताते हुए प्रबन्धक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने उच्चशिक्षा के क्षेत्र में इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

वहीं महाविद्यालय के उप प्रबन्धक इं. पूर्णांशु ओझा व प्राचार्य डॉ0 अमित कुमार सिंह ने भी सफलता को महाविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश के लिए प्रतिष्ठापूर्ण कहा है। मंगलवार को यहां आचार्य राम अवधेश मिश्र, निदेशक डॉ0 संदीप कुमार मिश्र, कुलानुशासक डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी, डॉ0 धर्मेन्द्र बहादुर सिंह, डॉ0 ओपी द्विवेदी, डॉ0 आशुतोष शुक्ल, डॉ0 राहुल सिंह, डॉ0 कपिलदेव, डॉ0 भूपेन्द्रमणि, डॉ0 रजनी सिंह, डॉ0 शैलेन्द्र सिंह ने भी मेडल हासिल करने वाले मेधावियों की लगन व मेहनत को सराहा है।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपा ज्ञापन, सात सूत्रीय मांगों पर उठाई आवाज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। यह ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह के निर्देश पर दिया गया, जिसमें ग्रामीण पत्रकारों के हितों और समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए तत्काल समाधान की मांग की गई।

**मांगों का विवरण**

1. कार्यालय भवन आवंटन - ज्ञापन में कहा गया कि अन्य संगठनों की तरह ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन को भी राजधानी लखनऊ में दारुलशफा या ओसीआर में भवन आवंटित किया जाए, ताकि सुदूर जिलों से आने वाले पत्रकारों को रुकने व बैठकें आयोजित करने की सुविधा मिल सके।

2. आयुष्मान भारत योजना का लाभ - मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ग्रामीण पत्रकारों और उनके परिवारों को भी मुफ्त कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाए। इसमें केवल अखबारों में कार्यरत संवाददाताओं को शामिल करने की बात कही गई, जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।


3. बीमा व पेंशन योजना - ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर पर बीमा योजना में शामिल किया जाए तथा लंबे समय से आंचलिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन का लाभ दिया जाए।

4. एफआईआर पर जांच अनिवार्य - किसी भी ग्रामीण पत्रकार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने से पहले जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी से जांच कराना अनिवार्य हो, ताकि अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके।

5. नियमित बैठकें - राज्य और जिला स्तर की तरह तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं।

6. दुर्घटना या आपदा में सहयोग - प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में जान गंवाने वाले ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह 5 लाख रुपये की तत्काल सहायता तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए।

7. फर्जी पत्रकारों पर कार्रवाई - ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की पहचान कर उन पर कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर स्थायी समिति की बैठक बुलाकर असली व फर्जी पत्रकारों की शिनाख्त सुनिश्चित करने की मांग की गई।




**मौके पर मौजूद पदाधिकारी**

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल दूबे, जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, जिला प्रभारी ए. आर. उस्मानी, वरिष्ठ महामंत्री विष्णु दत्त सिंह विशेन, अशोक पाठक, महिला जिलाध्यक्ष खुशबू कनौजिया, आर. पी. सिंह, दीपक कौशल, विपिन तिवारी, अर्जुन प्रसाद मिश्र, मुन्ना लाल पांडेय, अमरनाथ शास्त्री, रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, आशीष श्रीवास्तव, संजय कुमार यादव, ओमकार पांडेय, पंकज पांडेय, राजकुमार तिवारी, मुकेश शुक्ल, गुरूबचन शर्मा, शिवकुमार पाण्डेय, दिनेश चंद्र तिवारी, संजय साहू, वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रवीण श्रीवास्तव, अनुराग मिश्रा, कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, कुलदीप तिवारी, मनोज कुमार श्रीवास्तव, जयदीप शुक्ल, रणविजय सिंह, अमरेश श्रीवास्तव, इक़बाल शाह, संतोष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

# रोजगार सेवकों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर खण्ड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड विक्रमजोत में कार्यरत रोजगार सेवकों ने खंड विकास अधिकारी अवध प्रताप सिंह को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने आरोप लगाया है कि ग्राम रोजगार सेवकों का एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे में ड्यूटी लगाया गया है। इस सर्वे की ड्यूटी का संगठन पूर्णत÷ विरोध करता है यदि आप के द्वारा जोर जबरदस्ती या अपने पदीय दायित्व का गलत निर्वहन करके हमसे ड्यूटी कराई जा रही है तो हमारा कुछ जायज मांग है उसको पूरा कर दीजिए हम लोग सर्वे की ड्यूटी करने को तैयार है जो निम्न प्रकार से है 1- गुणवत्ता युक्त एंड्रॉयड फोन के साथ सर्वे खत्म होने तक डाटा पैक की व्यवस्था कराई जाएं। 2-पूर्व में किए गए एग्री स्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का भुगतान कराया जाएं। 3-हम लोगों का कोई आकस्मिक दुर्घटना व सुरक्षा बीमा नहीं है किसी भी विषैले जीव जन्तु के आघात से कोई अप्रिय घटना घटित होने पर सरकार द्वारा कोई सहायता राशि नहीं दी जाती है कोई अप्रिय घटना होने पर हम लोगों का परिवार भूख मरी के कगार पर आ जायेगा आप लिखित आदेश करें की कोई अप्रिय घटना घटित होने पर हमारे पूरे परिवार का आजीवन भरण पोषण की जिम्मेदारी आप की होगी 4- हम लोगों का माह मार्च 2024 तक का ही EPF हमारे UAN में जमा है माह अगस्त 2025 तक का मानदेय भुगतान करने के साथ EPF का पैसा हमारे UAN खाते में जमा किया कराया जाए । 5-वर्ष 2021-22 में मिशन अंत्योदय एवं इज ऑफ लिविंग का बकाया परिश्रमिक भुगतान करने की कृपा करें। 6-FST, BST, SST विधानसभा व लोकसभा के पूर्व में किए गए ड्यूटी का भुगतान कराया जाएं

7- पंचायत बी0 एलश ओ0 का बकाया पारिश्रमिक भुगतान कराया जाये। 8- गाटे की दूरी एक्यूरेसी 20 मीटर से बढ़कर पूर्व की भांति 150 मी किया जाएं। ज्ञापन देते समय प्रदेश प्रभारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य रमेश चन्द्र चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित किशोर यादव, जिला अध्यक्ष श्याम करन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चौधरी, अवनीश कुमार शुक्ला सुभाष वर्मा, मनोज निगम हरिप्रसाद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार दुबे, सुमन देवी एवं विक्रमजोत ब्लॉक के सभी सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

# बस्ती कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक

### ● ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई कर्मी नदारत स्वच्छता मिशन का पलीता लगा रहे एडियो पंचायत कप्तानगंज गांव में गंदगी का अंबार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती कलेक्टेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक ''स्वच्छता ही सेवा'' (स्वच्छोत्सव) अभियान को सफल बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों के समय से खोले जाने तथा केयर टेकर के मानदेय के नियमित भुगतान पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ''स्वच्छता ही सेवा'' (स्वच्छोत्सव) अभियान के ध्येय वाक्य स्वभाव, संस्कार, जिम्मेदारी एवं भागीदारी को आत्मसात करते हुए दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक निम्न गतिविधियां संचालित की जानी हैं-

स्वच्छता की भागीदारी- नागरिकों, समुदायों एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से सम्बन्धित प्रतियोगिताएँ, वाकथॉन, मैराथन, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की जायेंगी। अभियान के दौरान स्वच्छता स्ट्रीट फूड चौलेंज, कचरे से कला, पुनः चक्रित उत्पादो की बिक्री एवं सांस्कृतिक उत्सव भी सम्मिलित होंगे। अभियान के संदेश को आगे बढ़ाने के लिये प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्राण्ड एम्बेस्डर घोषित कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करायी जानी है। स्वच्छता की भागीदारी कार्यक्रम में निम्नवत् कार्यवाही कराई जायेगी।

स्वभाव, संस्कार, जिम्मेदारी एवं भागीदारी के संदेश के साथ यह कार्य हर घर को अभियान से जोड़कर, प्रतियोगिताएं आयोजित कर, युवा राजदूत के रूप में युवाओं को जोड़कर समूह में चर्चाएं आयोजित कर, रैलियां निकालकर, सोशल मीडिया पर प्रसार करके उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जा सकता है।सम्पूर्ण स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें स्वच्छता हेतु लक्षित इकाइयां अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जायेगी। नागरिकों को श्रमदान साथ मेगा स्वच्छता अभियान जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों के सामान्य सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया जायेगा। सामुदायिक परिसम्पत्तियों जैसे जल निकायों, मार्गों, वाहन स्टेण्डों/ स्टेशनों, कचरा डम्पिंग स्थलों एवं आर0आर0सी0 केन्द्रों इत्यादि को सम्मिलित किया जायेगा। प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों का स्वच्छता की गतिविधियों के माध्यम से सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण, कचरे से कला आदि के माध्यम से सार्थक बदलाव किया जायेगा।ब्लैक स्पॉट की पहचान - ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में सबसे गंदे ब्लैक स्पॉट की पहचान करना। प्रत्येक वार्ड/गाम पंचायत में कम से कम एक ब्लैक स्पॉट चुनना। बड़े गॉवों/स्थानीय निकायों के लिए यथासंभव अधिक कठिन स्थानों का चुनाव किया जा सकता है। इस प्रकार चिन्हित ब्लैक स्पॉट को सी0टी0यू0 (स्वच्छता लक्षित इकाई) के रूप में चयनित करते हुए दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 तक निरन्तर अभियान का संचालन कर साफ किया जायेगा। एस0एच0एस0 2025 पोर्टल पर मैपिंग - एस0एच0एस0 2025 पोर्टल को विशेष रूप से सभी केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों, जिलों और स्थानीय निकायों के लिए सी0टी0यू0 साइटों की पहचान ओर मैपिंग करने के लिए वन-स्टॉप इण्टर फेस के रूप में कार्य करने के ए भारत सरकार द्वारा तैयार किया गया है। एक बार ब्लैक स्पॉट की पहचान हो जाने के बाद उसे साफ करने के लिए लक्षित माना जायेगा और आई0टी0 पोर्टल पर स्वच्छता लक्ष्य इकाईयों (सी0टी0यू0) या (स्वच्छता लक्षित इकाई) के रूप में मैप किया जायेगा। सभी सी0टी0यू0 साइटों को साफ करके, उसकी घोषणा दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 से पहले की जायेगी।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर- कार्यक्रम के समापन के पूर्व सामुदायिक शौचालय पर कार्यरत सफाई कर्मियों एवं आरआरसी पर सफाई कार्य में लगाये गये श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच हेतु विकास खण्ड स्तर पर स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सफाई मित्रों के लिये स्वास्थ्य देखभाल उपचार केन्द्र, कैम्प आयोजित कराया जायेगा।

सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालयों को नियमित रूप से खुलवाने, उसकी साफ-सफाई एवं रख-रखाव की व्यवस्था, केयरटेकर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करायी जाय तथा ग्राम पंचायत द्वारा उनके स्वयं सहायता समूह को ससमय भुगतान किया जाय तथा समूह द्वारा भुगतान प्राप्त होने के 01 सप्ताह के अन्दर नियमानुसार सम्बन्धित केयरटेकर के खाते में उनका मानदेय हस्तांतरित कर दिया जाय। अन्यथा की दशा में उस समूह को दोषी मानते हुए उसके विरूद्ध कार्यवाही किया जाय। इसी प्रकार ग्राम पंचायत द्वारा ससमय समूह को धनराशि हस्तांतरित न करने पर ग्राम स्तर पर सचिव, ग्राम पंचायत जिम्मेदार होगा एवं जनपद स्तर पर यह जिम्मेदारी जिला पंचायत राज अधिकारी की होगी। समूह से केयरटेकर को भुगतान न होने की दशा में इसका पूर्ण उत्तरदायित्व. उपायुक्त, (एन.आर.एल.एम.) का होगा एवं उन दोनों परिस्थितियों में विलम्ब होने पर जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, डीएफओ डा. शिरीन, उप जिलाधिकारी शत्रुध्न पाठक, मनोज प्रकाश, पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, डीपीआरओ धनश्याम सागर, ईओ नगरपालिका अंगद गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश शुक्ला, डीसी मनरेगा संजय शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### चोर समझकर किसी के साथ मारपीट न करें, संदेश पर पुलिस को सूचना दें - डीसीपी पूर्वी



**कानपुर।** आज दिनांक 16.09.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता द्वारा थाना क्षेत्र महाराजपुर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। ग्रामीणों को विशेष रूप से हिदायत दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति को संदेहवश चोर समझकर उसके साथ मारपीट न करें। संदेह होने पर तत्काल सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएँ, ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और शांति एवं भाईचारा बनाए रखें।पुलिस सदैव नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु तत्पर है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे किसी भी स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और किसी भी समस्या अथवा सूचना के लिए नज़दीकी पुलिस थाने अथवा चौकी से तत्काल संपर्क करें। रात्रि के समय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने हेतु पुलिस गश्त को गाँव के चौकसी दल/पहरेदारों के सहयोग से संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे गश्त और प्रभावशाली होगी तथा किसी भी आपराधिक अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्परता एवं कठोरता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। ?भ्रमण के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी मौजूद रहे।

### चोरों की अफवाहों को लेकर जनता को जागरूक किया



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी महोदय द्वारा पुलिस बल के साथ थाना गोविन्दनगर, किदवईनगर क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा पैदल गश्त किया गया। इस दौरान आमजन को असामाजिक तत्वों द्वारा फैलायी जा रही चोरी आदि से सम्बन्धित विभिन्न अफवाहों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस बल को ड्यूटी पर सतर्क रहकर गस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। जनता से अपील है कि किसी भी प्रकार की सूचना या संदेह होने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

### बजरंग सेना की प्रदेश अध्यक्ष ने किया, मंदिर से सुंदरीकरण कार्य का निरीक्षण



**कानपुर।** कल्याणपुर आवास विकास स्थित भोले बाबा के मंदिर प्रांगण में आज बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीतू सिंह सेंगर का आगमन हुआ। उन्होंने मंदिर परिसर का निरीक्षण करते हुए चल रहे सुंदरीकरण कार्य को बारीकी से देखा और इसकी प्रगति पर संतोष जताया। इस दौरान उन्होंने मोहल्ले की माताओं-बहनों से मुलाकात कर यह भरोसा दिलाया कि किसी भी स्थिति में मंदिर के सुंदरीकरण कार्य को रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्य स्थानीय आस्था और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। मौके पर प्रदेश महामंत्री नीरज श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रीना मिश्रा, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री कंचन शुक्ला, जिला मंत्री रेनू रानी सहित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष नीतू सिंह सेंगर को माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। स्थानीय लोगों ने भी नीरज श्रीवास्तव के नेतृत्व और बजरंग सेना के सहयोग की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला, वहीं मोहल्लेवासियों ने बजरंग सेना के प्रति आभार व्यक्त किया।

## डीएम का आरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण, सात कर्मचारी नदारद, एक दिन का वेतन काटने का निर्देश

### ● डीएम को देखते ही दलाल भागे थोड़ी ही देर में पसरा सन्नाटा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सर्वोदय नगर स्थित आरटीओ कार्यालय में मंगलवार सुबह अचानक जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के पहुँचते ही हड़कंप मच गया। डीएम जैसे ही गेट से अंदर पहुँचे, कई लोग इधर-उधर भागते नज़र आए और कुछ ही देर में कार्यालय परिसर में अवकाश सरीखा सन्नाटा छा गया। जिलाधिकारी ने इस पर नाराज़गी जताई और तुरंत अभिलेखों की जाँच शुरू कर दी। निरीक्षण के दौरान सात कार्मिक अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

**आवेदक से मोबाइल पर बातचीत, प्राइवेट व्यक्ति को दो हज़ार रुपये देने की शिकायत की**

निरीक्षण के दौरान एक आवेदक अरविंद गौड़ से जिलाधिकारी ने मोबाइल पर बातचीत की। गौड़ ने बताया कि ई-रिक्शा की डुप्लीकेट आरसी की प्रति दिलाने के लिए, उसने एक प्राइवेट व्यक्ति को 2000 रुपये दिए, जबकि निर्धारित शुल्क 500 रुपये है। जिलाधिकारी ने आवेदक से संबंधित व्यक्ति का मोबाइल नंबर लिया और उससे सीधे बात की। शुरुआत में उस व्यक्ति ने इनकार किया, लेकिन जिलाधिकारी की सख्ती पर अंततः उसने राशि लेने की बात स्वीकार की। इस पर जिलाधिकारी ने डीटीसी को पूरे मामले की विस्तृत जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**सात कर्मचारी अनुपस्थित**

निरीक्षण के दौरान सुबह 10:35 बजे तक उपस्थिति पंजिका की जाँच की गई। इसमें सात कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, जिनमें मधुबन मिश्रा, कमरूल इस्लाम, प्रीति तोमर, ऋषभ कुमार, शुभम सिंह, रतना यादव और चपरासी दिनेश कुशवाहा शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी का एक दिन का वेतन रोकने तथा भविष्य में दोहराव होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण में पता चला कि सोमवार को लगभग 300 लोग स्थायी लाइसेंस और नवीनीकरण सहित विभिन्न कार्यों के लिए कार्यालय पहुँचे थे। जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया, जहाँ कुछ प्रकरण लंबित पाए गए। इस पर उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने अपर नगर मजिस्ट्रेट-6 आलोक गुप्ता को आरटीओ कार्यालय की कार्यप्रणाली की निगरानी करने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का जिम्मा सौंपा। साथ ही एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार को परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## जयपुरिया क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में, दीपावली से पहले खुलेगा आवागमन

### ●डीएम ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** जयपुरिया स्कूल के पास स्थित क्रॉसिंग नंबर-43 पर बन रहा रेल उपरिगामी सेतु अब अंतिम चरण में है। मंगलवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुँचकर कार्यों का औचक निरीक्षण किया। राजकीय सेतु निगम के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि 30 सितंबर तक एप्रोच मार्ग भी पूरा हो जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि दीपावली से पहले माननीय जनप्रतिनिधियों से पुल का लोकार्पण कराकर इसे जनता की सुविधा के लिए खोला जाए। करीब 992 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज से सर्किट हाउस से पनचक्की चौराहे तक की कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आएगा। अभी तक रेलवे फाटक बंद होने पर यहाँ रोज़ जाम लगता था और स्कूली बसों, दफ्तर जाने वालों व एंबुलेंस तक को लंबा इंतज़ार करना पड़ता है। पुल शुरू होने के बाद प्रतिदिन करीब डेढ़ लाख लोगों को सीधी राहत मिलेगी और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ी सुधार आएगा। यह परियोजना कानपुर की ज़रूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी। जयपुरिया क्रॉसिंग पर सुबह-शाम की स्थिति सबसे अधिक गंभीर रहती थी। फाटक बंद होने पर जाजमऊ और फूलबाग से आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। बच्चों का समय बर्बाद होता और नागरिकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती। अब ओवरब्रिज बनने से यह पूरा इलाका जाम की समस्या से मुक्त होगा। पुल का मुख्य ढांचा रेलवे विभाग ने तैयार किया है और एप्रोच मार्ग का काम सेतु निगम कर रहा है। अधिकारियों के मुताबिक 98 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है और शेष तेजी से निपटाया जा रहा है। पुल शुरू होने के बाद माल रोड और आसपास की कॉलोनियों तक आवागमन पहले से कहीं अधिक सुगम हो जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी खुशी जताई। उनका कहना था कि बरसों की मांग अब पूरी होने जा रही है। अब आने-जाने में अनावश्यक देर नहीं होगी और हर रोज़ के जाम से निजात मिलेगी।

### ड्रोन कैमरों और चोरी की अफवाहों से गांवो में दहशत

**कानपुर नगर/**घाटमपुर में कुछ स्थानों से लोगों द्वारा आसमान में उड़ती चमकीली वस्तुओं के वीडियो सामने आए हैं,इस मामले में घाटमपुर पुलिस ने साइबर एक्सपर्ट से जांच कराई, जांच में ड्रोन उड़ने की सूचनाएं अफवाह साबित हुई, गांव में इस समय ड्रोन और चोरों की अफवाहों से लोग परेशान हैं,कई गांवों में लोग रात भर जागकर पहरेदारी कर रहे हैं, जाजपुर चौकी प्रभारी रजनीश कुमार ने चौकी क्षेत्र के सभी गांवों के प्रमुख लोगों के साथ बैठक की, बैठक में पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है साथ ही निर्देश दिए कि किसी भी अजनबी व्यक्ति को चोर समझकर मारपीट न करें, इसके बजाय संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे,चौकी प्रभारी जाजपुर रजनीश कुमार ने कहा कि लोग जमीनी तथ्यों के आधार पर ही कोई कार्रवाई करें।

### हिन्दी पखवाड़े में सरस काव्य गोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश द्वारा हिन्दी पखवाड़े में हिन्दी भाषा साहित्य के विकास - संवर्धन हेतु सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन सृजनाकुटीर अजीतनगर में किया गया, जिसमें कवियों ने विविध रचनाएं सुनाकर गोष्ठी को ऊंचाई प्रदान की। नवोदित कवि राजेश कुमार यादव ने काव्यपाठ करते हुए हिन्दी का आह्वान किया कि "हिन्दी का हित साधिए रखिए इसका मान।" कवि कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री ने हिन्दी को हर जुबान पर लाने की प्रेरणा दी।हर जुबान पर एक ही चर्चा हिन्दी - हिन्दुस्तान की।"कवयित्री आशालता यादव, कल्पना तिवारी व कनक तिवारी ने सस्वर काव्यपाठ से सबका मन मोह लिया। श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, डॉ. शाहिदा ने



सुंदर रचना पाठ किया। संचालन राधेश्याम दीवाना ने किया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि व पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य 'रत्न 'ने की। मुख्य अतिथि वरिष्ठतम कवि डॉ. संगमलाल त्रिपाठी भंवर रहे। समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, सुनील कुमार सिंह ने हिन्दी को जनभाषा बनाने पर जोर दिया। सर्वसम्मति से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव पास किया गया।

## डिजिटल पहुंच से दूर रहने से पचास करोड़ लोगों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ - सपा

### ●डिजिटल पहुंच से लाखों व्यक्ति वंचित बायोमेट्रिक योजनाओं से फायदा न मिलने के कारण व्यापक क्षति से परेशान होने के कारण आर्थिक स्थिति भयावाह की ओर - हाजी फजल महमूद



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर पीडीए मिशन थिंक टैंक की नीति निर्धारण समिति की बैठक बायोमेट्रिक योजनाओं से काफी संख्या में पीडीए वंचित होने के कारण मंथन बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि देश की 140 करोड़ की आबादी में सक्रिय इंटरनेट उपयोग करने वालों की संख्या सन 2024 में 87 करोड़ थी जो सन 2025 दिसंबर तक 90 करोड़ के पास पहुंच जाएगी लेकिन 50 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्हें बायोमेट्रिक योजनाओं की पहचान से जुड़ी प्रक्रियाओं से वंचित रहना पड़ता है और जिसका वे फायदा नहीं उठा पा रहे हैं जिनके चेहरे पर चोट के निशान आंखों से कमजोर तथा बाधित व्यक्ति अपना पंजीकरण कराने में असमर्थ है इसकी डिजिटल पहचान अंकित नहीं होती या जांच में नाकाम रहते हैं उनको डिजिटल का लाभ नहीं मिल पाता और फर्जीवाड़ा के शिकार हो जाते हैं उनके लिए अभी तक कोई मजबूत व्यवस्था को अमली जामा पहनाया नहीं गया है।

महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि डिजिटल पहुंच स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का एक हिस्सा है लेकिन आम लोगों तक पहुंचने में बाधा आ रही है भाजपा सरकार इस ओर आंख मूंदे हुए है यदि इस ओर ध्यान ना दिया गया तो पीडीए मिशन इसके लिए चिंतन पीडीए पंचायत लगाकर जन जागरण करेगी। बैठक मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, महासचिव संजय सिंह बंटी, नंदलाल जयसवाल, आनंद शुक्ला, परमवीर गंभीर, शादाब आलम, सोमेंद्र त्रिपाठी, साकिब अब्बासी, सद्दाम राइनी, आनंद साहू,अमित प्रजापति, राजेंद्र सोनकर, इशरत इराकी, प्रवीण मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## छल व धोखाधड़ी करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** छल व धोखाधड़ी के माध्यम से आरोपी गण द्वारा वादी को गेहूँ सस्ते दामों में देने कहकर पैसे लेकर भाग जाने के प्रकरण में वादी की प्राप्त तहरीर के आधार पर मंगलवार को थाना रानीगंज में 02 अज्ञात व्यक्तियों का अभियोग पंजीकृत किया गया था।थाना रानीगंज प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 महेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा थाना रानीगंज में दर्ज मुकदमा 317/25 धारा 319 (2)/318 (4) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त संदीप कुमार यादव पुत्र श्रीराममोहन यादव उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम ओझला थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को 2000 रूपये नगद व एक पैनकार्ड, एक आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल फर्जी नम्बर प्लेट लगी के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत बाबूपट्टी नहर पुलिया वहद ग्राम बाबूपट्टी से गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त में उक्त बरामदगी के आधार पर धारा 317 (2) की बढ़ोत्तरी की गई व बरामद मोटर साइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया।

## कमिश्नर ने स्वयं दौरा कर कहा मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त रोकने में पुलिस का सहयोग करें





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** थाना किदवई नगर क्षेत्रान्तर्गत कंजड़नपुरवा इलाके में मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचनाओं को गम्भीरता से लेते हुए दिनांक 16.09.2025 को पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा डीसीपी दक्षिण, एडीसीपी दक्षिण, एसीपी बाबूपुरवा व थाना प्रभारी किदवई नगर के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान स्थानीय परिवारों से संवाद स्थापित कर मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा लोगों से अपील की गई कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री को रोकने में पुलिस का सहयोग करें। पुलिस आयुक्त महोदय ने कहा कि ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना तत्काल पुलिस को दें और सामाजिक स्तर पर भी समझा-बुझाकर इस कार्य को न करने हेतु प्रेरित करें।

इस अवसर पर ऑपरेशन हौसला के बारे में भी अवगत कराया गया और लोगों से आह्वान किया गया कि अपराध का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का लाभ उठाएं। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा छोटे बच्चों से भी संवाद किया गया उनकी स्कूली पढ़ाई व दिनचर्या के बारे में जानकारी कर टॉफी वितरित की गयी। बच्चे पुलिस आयुक्त महोदय को अपने बीच पाकर बहुत खुश हुए और बोले हम भी बड़े होकर आप की तरह पुलिस अधिकारी बनना चाहते हैं। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा पुलिस उपायुक्त दक्षिण को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर सख्त व त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

## पुलिस निकली जनता को समझाने, अंजान व्यक्ति को चोर समझकर पिटाई न करें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में इस समय एक अफवाह जोरों से चल रही है कि गली गली चोर घूम रहे हैं और इस अफवाह के चलते वे अंजान व्यक्ति के साथ मारपीट तक कर दे रहे हैं। जब कि पुलिस लगातार समझा रही है कि यह केवल अफवाह है और यदि आपको संदेह है तो पुलिस को सूचना दें। यह समझाने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी अब जनता से मिल रहे हैं। क्योंकि कुछ ऐसे मामले हुए हैं जहां जनता ने चोर समझकर किसी अंजान की पिटाई कर दी है। दिनांक 16.09.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्री सत्यजीत गुप्ता द्वारा थाना क्षेत्र महाराजपुर अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।



भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। ग्रामीणों को विशेष रूप से हिदायत दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति को संदेहवश चोर समझकर उसके साथ मारपीट न करें।

संदेह होने पर तत्काल सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएँ, ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और शांति एवं भाईचारा बनाए रखें।पुलिस सदैव नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु तत्पर है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे किसी भी स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और किसी भी समस्या अथवा सूचना के लिए, नज़दीकी पुलिस थाने अथवा चौकी से तत्काल संपर्क करें। रात्रि के समय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाए रखने हेतु पुलिस गश्त को गाँव के चौकसी दल/पहरेदारों के सहयोग से संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे गश्त और प्रभावशाली होगी तथा किसी भी आपराधिक अथवा संदिग्ध गतिविधि पर तत्परता एवं कठोरता से कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भ्रमण के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी मौजूद रहे।

## पत्रकार अखिल नारायण सिंह के जन्म दिन पर हुआ फलों का वितरण, शिक्षार्थियों को मिली लेखनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी,मोहनगंज में न्यूज़ स्टैण्डर्ड दैनिक एवं पत्रकार सुमन हिन्दी समाचार पत्र/पत्रिका के प्रकाशक एवं संपादक वरिष्ठ पत्रकार सोमवंशी अखिल नारायण सिंह अकेला के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह में कहा कि आज दिव्यांगजन हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, चाहे वह खेल कूद का मैदान हो, शिक्षा हो या कला हो या रोजगार हो वे हर क्षेत्र में किसी से कम नहीं हैं। पत्रकार संजय द्विवेदी,गीतकार गजेंद्र सिंह 'विकट' और अखिल नारायण सिंह "अकेला" ने बच्चों को कॉपी,पेंसिल किट,और फल देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया।प्रधानाचार्य बृजेश चौधरी, नारायण यादव, अध्यापिका अमिता कुशवाहा,



अनिरुद्ध नारायण तिवारी, हर्ष सिंह को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।इसी तरह देवकली में स्थित डॉ. निर्मला पब्लिक स्कूल में अखिल नारायण सिंह के जन्म दिन पर एक कवि गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसका संयोजन शायर नियाज़ प्रतापगढ़ी ने किया और संचालन विद्यालय प्रबंधक अनिल प्रताप त्रिपाठी "प्रवात" ने किया।अध्यक्षता वरिष्ठ एवं गीतकार पं.संगम लाल भँवर ने किया।

इस अवसर पर श्याम शंकर द्विवेदी, गजेन्द्र सिंह विकट ,ई.चंद्रकांत त्रिपाठी "शाश्वत",कल्पना तिवारी, उनकी बिटिया कनक तिवारी की सहभागिता रही?।प्रेस क्लब अध्यक्ष पवन कुमार सिंह की मौजूदगी में जिले के पत्रकारों ने वरिष्ठ संपादक अखिल नारायण सिंह का जन्म दिवस एक विचार गोष्ठी के माध्यम से मनाया।अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने वरिष्ठ संपादक के पत्रकारिता के प्रति किये गये कार्यों को याद करते हुए कहा कि बीते 30 सालों से अखिल नारायण सिंह पत्रकारिता जगत को समृद्ध कर रहे हैं। गोष्ठी में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों ने स्मृति चिह्न देकर अखिल नारायण सिंह को सम्मानित किया।इस मौके पर प्रतापगढ़ प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष प्रताप विक्रम सिंह, धर्मेंद्र दुबे, रवि शुक्ला, अजय कुमार मौर्य,अजितेश त्रिपाठी शहीद भगत सिंह की प्रबंधिका डॉ पूनम पांडे राजमणि पांडे आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## टीईटी की अनिवार्यता पर शिक्षकों ने जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर आक्रोशित हजारों शिक्षकों ने मंगलवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले बीएसए कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल कर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। शिक्षकों की मांग है कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में केंद्र व प्रदेश सरकार को स्पष्ट निर्देश जारी करना चाहिए। शिक्षक अपराह्न तीन बजे बीएसए कार्यालय पर एकत्रित हुए। उसके बाद शिक्षकों का हुजूम पैदल मार्च करते हुए






मेडिकल कालेज, पुलिस लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान शिक्षक टीईटी का निर्णय वापस लेने का नारा लगा रहे थे। कलेक्ट्रेट में शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि एक सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले में सभी सेवारत शिक्षकों के लिए दो वर्ष में टीईटी को अनिवार्य कर दिया गया है। जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम तथा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में यह स्पष्ट उल्लेख है कि टीईटी की परीक्षा उन शिक्षकों को नहीं देनी है जिनकी नियुक्ति अधिनियम लागू होने से पहले की है। ऐसे में शिक्षक चिंतित व आक्रोशित हैं। मंत्री योगेंद्र पांडेय ने कहा कि इस निर्णय से देश, प्रदेश के लाखों शिक्षक दुःख, निराशा तथा भारी तनाव में हैं। यह निर्णय स्वीकार नहीं है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राम बेलास यादव व मंत्री हृदय नारायण मिश्रा ने कहा कि सरकार को स्पष्ट निर्देश जारी कर शिक्षकों के भ्रम को दूर करते हुए उनका भविष्य सुरक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति व समस्त विकास खंडों के पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाओं की मौजूदगी रही।

## सिद्धार्थनगर में बढ़ने लगा नदियों का जल स्तर, दहशत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर** नेपाल की पहाड़ियों पर बारिश से जिले की नदियों में उफान आ गया है। कूड़ा नदी और बाणगंगा का जलस्तर बढ़ने से बार्डर से सटे कई गांवों के सिवान में पानी भर गया है। बूढ़ी राप्ती, घोंघी व तेलार के जलस्तर में बढ़त जारी है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक सभी नदियां लाल निशान के नीचे बह रही हैं। जिले में बहने वाली सभी नदियों का उद्गम स्थल नेपाल होने से वहां की पहाड़ियों पर बरसात होने से जिले में बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं। बताया जा रहा है कि नेपाल की पहाड़ियों पर सोमवार रात को जोरदार बारिश हुई इससे जिले की नदियां उफान पर आ गई हैं। ककरहवा तथा लोटन क्षेत्र में बहने वाली कूड़ा और घोंघी नदी मंगलवार को उफान पर आ गई। नदी के उफान पर आने से बॉर्डर गांव लीलाडिहवा, भुजौली, खरहरा, बूढ़ा, मजिगांवा, बभनी, खैरटी, बरदहवा सेमरी आदि गांवों के सिवानों में पानी भरना शुरू हो गया है। अगर ऐसा ही हाल रहा तो जल्द ही इन गांवों के मेन सड़कों पर बाढ़ का पानी भरने की संभावना बनी हुई है। उधर राप्ती,बूढ़ी राप्ती, घोंघी व तेलार के जलस्तर में भी बढ़त जारी है। हालांकि यह नदियां लाल निशान से नीचे हैं लेकिन नेपाल की पहाड़ियों पर और बारिश हुई तो यह भी खतरनाक हो सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी की बिजली से रोशन हो रहा था ढाबा

**-प्रवर्तन दल की टीम मारा छापा, 7 किलोवाट की चोर पकडी**

**मथुरा।** चोरी की बिजली की से ढाबा रोशन हो रहा था। विद्युत प्रवर्तन दल की टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए चोरी पकडी। टीम ने आवश्यक कार्यवाही की है। मान सिंह पुत्र बदन सिंह निवासी ग्राम पानीगांव खादर, वृंदावन रोड पर थाना जमुनापार पर प्रवर्तन दल की टीम ने छामापार कार्यवाही की। यहां 7060 वाट की बिजली चोरी पकडी। स्थापित मीटर की इनकमिंग केबिल में कट लगाकर कट में अतिरिक्त दो काले व लाल रंग के अवैध तार सीधे कामर्शियल परिसर श्री खाटू श्याम फैमिली ढाबा में जोडकर बिजली चोरी की जा रही थी। कार्यवाही करने वाली टीम में जेई किशन कुमार सोनकर, हिमांशु चौधरी, अमरदीप, मोहित शर्मा, आरक्षी नितिश कुमार, अर्चना सिंह, आदि थे।

### शिकायतों के चलते नहीं हो सका कब्बाली मेला

**-चादर पोशी से मनाया सांवल शाह बाबा का उर्स**

**-कव्वालियों न होने से मुरीदों में छायी मायूसी**

**मथुरा।** हजरत पीर बाबा मदनीशाह की याद में राया के मोहल्ला नई दिल्ली में दो दिवसीय उर्स मेला का आयोजन बाबा की मजार पर किया गया। साय को चादर जुलूस मोहल्ला पठान पाड़ा से प्रारंभ हुआ । नगर भृमण के दौरान बाबा की मजार पर पहुचा रात भर मजार पर चादर पोशी करने के लिये बाबा के मुरीदों की भीड़ लगी रही। लेकिन हर बर्ष की तरह उर्स मेला में गद्दी नसीन बाबा जिलानी शाह द्वारा उर्स मेला का आयोजन किया जाता था जिसमे दूर दराज से कब्बाल राया आते थे। देर रात्रि तक मेला में कब्बालियों का दौर चलता था। लेकिन इस स्थानीय लोगो के विरोध और प्रसाशन द्वारा अनुमति न देने के कारण कव्वालियों का आयोजन नही हो पाने से कब्बाली प्रेमियों में निराशा रही वही शांति सुरक्षा बनाये रखने के लिए नायब तहसीलदार मांट जितेंदर कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल, उपनिरीक्षक हरपाल शर्मा, उपनिरीक्षक राहुल गौतम,उपनिरीक्षक निशांत पायल सहित भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### राया में अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ कल

**मथुरा।** राया में श्री अग्रवाल सभा द्वारा संचालित अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। शनिवार को पदाधिकारियों ने कार्ड का विमोचन किया। सभा के कोषाध्यक्ष प्रतुल गंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 सितंबर से आठ दिवसीय अग्रसेन महोत्सव हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रमो का शुभारंभ होगा जिसमें अग्र महिला सम्मेलन , प्रभात फेरी प्रतियोगिताएं बूगी बूगी डांस , मेहंदी प्रतियोगिताएं सांस्कतिक कार्यक्रम अग्रसेन जयंती अग्रसेन मेला आकर्षण का केंद्र रहेंगे। 22 सितंबर को सायं चार बजे सादाबाद मार्ग से महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ धूमधाम से नगर भ्रमण करेगी। जिसमे 18 राजकुमार और दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी। 24 सितंबर को सायं सात बजे कस्वे के गणेशबाग मैदान में अग्रसेन मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमे खान पान के अलावा विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान पूर्व पंचायत अध्यक्ष कृष्णकान्त अग्रवाल,मोहन नारायण अग्रवाल अग्रवाल सभा अध्यक्ष राकेश बंसल,पवन अग्रवाल, कमल अग्रवाल हरिमोहन अग्रवाल राजेश गोयल मुकेश अग्रवाल पंकज गुप्ता अमित अग्रवाल हेमेंद्र अग्रवाल आदि पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय हनुमान दल कार्यकर्ता सम्मेलन में लिया भाग

**मथुरा।** मुरसान में आयोजित राष्ट्रीय हनुमान दल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें सादाबाद, मुरसान, अलीगढ़, हाथरस के अलावा मथुरा जनपद के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मथुरा मार्ग आयोजित कार्यक्रम में हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह ने कहा कि हिदुओं को जातियों में बंटने से बचना होगा। उनका संगठन जात पात की करो विदायी सारे हिन्दू भाई भाई के नारे पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के बाद मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर को लेकर आगे बढ़ेंगे । उन्होंने ब्रज क्षेत्र में मांस और अंडे की दुकानों पर प्रतिवंध की मांग की। इससे पूर्व प्रदेश महामंत्री डॉ नरेंद्र सिंह रावत जिलाध्यक्ष मथुरा रनधीर प्रधान का आयोजकों द्वार स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान कृष्णनन्द जी महाराज ओमहरि महाराज प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप अग्रवाल अतर सिंह राजकुमार टीकाराम शर्मा देवेंद्र चौधरी भूपेंद्र सिंह हरिमोहन सोलंकी आदि मौजूद रहे। संचालन मुकेश अग्रवाल ने किया।

# संदिग्ध ऑटो, ई रिक्शा चालकों पर पुलिस की टेढी नजर

**●-मथुरा में पुलिस कर रही सभी ऑटो, ई रिक्शा चालकों का वेरिफिकेशन**

**-लगातार कई आपराधिक घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस हुई सख्त**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन में ई रिक्शा की लगातार बढ रही संख्या और शिकायतों के चलते पुलिस ने महानगर में चल रहे समस्त ई रिक्शा चालकों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। हालांकि यह प्रक्रिया बहुत पहले से जनपद में लागू की गई थी लेकिन इसे लेकर अब पुलिस प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। मथुरा और वृंदावन में बाहर से घुसने वाले ऑटो और ई रिक्शा का भी सत्यापन किया जा रहा है। इसमें सभी ई रिक्शा और ऑटो के चालक का आधार कार्ड, फोटो, निवास प्रमाण पत्र आदि देखे जा रहे हैं। इसके बाद इन्हें एक स्टीकर दिया जाए रहा है जिसे ऑटो और ई रिक्शा के आगे वाले सीसा पर चस्पा करना होगा। इसमें चालक का फोन नम्बर भी होगा। यह भी तय किया जा रहा है कि ऑटो अथवा ई रिक्शा को वही चालक चलाएगा जिसका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। दूसरा चालक चलाते हुए पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऑटो और ई रिक्शा के मालिकों को भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। हाल ही में ऑटो और ई रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों के साथ की गई कुछ अपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस इस मामले में सख्त हुई है। यमुना एक्सप्रेस वे पर लखउन की एक छात्रा के साथ ऑटो चालक द्वारा की गई बलात्कार की घटना के बाद इस मामले ने तूल पकडा है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रात के समय ऑटो चलाने वालों पर पुलिस की नजर टेढी है। इस घटना से पुलिस की भी किरकिरी हुई है। यातायात पुलिस के द्वारा भूतेश्वर चौराहे पर आम आदमी की सुविधा के लिए ई रिक्शा एवं ऑटो चालकों का वेरिफिकेशन किया गया। इस तरह की कार्यवाही जगह जगह महानरग में तिराहे चौराहों पर की जा रही है।

**बडी संख्या में नशे के आदी हैं ऑटो, ई रिक्शा चालक**

ड्रिंक और ड्राइव भी बडी संख्या है। नशे की हालत में सडकों और ऑटो दौडाते हुए ड्राइवर मिल जांएगे। खास कर शाम के और रात के समय इनकी संख्या अधिक रहती है। ऐसे में सवारियों और बाहर से आये श्रद्धालुओं के लिए समस्या पैदा हो सकती है। कई बार ऐसे चालक सडक हादसों की वजह भी बनते हैं।

**फिटनेश में खेल, विभागों में तालमेल का अभाव**

ऑटो और ई रिक्शा की फिटनेस में भी एआरटीओ विभाग का दूसरे विभागों के साथ तालमेल नहीं बैठ पता है। सीएनजी और बैट्री चालित वाहनों में आगजनी की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। वाहनों की फिटनेस में अग्निशमन जैसे विभागों की भी सहभागिता रहती है लेकिन एआरटीओ की ओर से इन विभागों को इस कार्य में शामिल नहीं किया जाता है। शायद ही किसी ऑटो और ई रिक्शा में आगजनी की घटना से निपटने के लिए अनिवार्य और आवश्यक उपकरण मौजूद मिले।

## शिक्षा की नई सुबह, स्ट्रीट स्कूल का नया केन्द्र शुरू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मथुरा।** मथुरा में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल का मां वैष्णो देवी धाम कालोनी में नया केंद्र शुरू किया है। झुग्गियों से निकलकर शिक्षा की मुख्यधारा की ओर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र का यह प्रयास है। गरीबी और मजबूरी की जंजीरों में जकड़े जिन बच्चों ने कभी किताबें हाथ में लेने का सपना भी नहीं देखा था, उनके जीवन में अब शिक्षा की नई किरण जगमगाने लगी है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वीमेन सोसायटी (पंजीकृत) ने मां वैष्णो देवी धाम कॉलोनी, मथुरा में एक और स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र की शुरुआत कर इन बच्चों को अज्ञानता के अंधकार से निकालने का प्रयास किया है। संस्था के संस्थापक और समाजसेवी सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि संस्था की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी और तब से यह अभियान लगातार चल रहा है। ÷हमारा सपना है कि कोई भी बच्चा झुग्गी झोपड़ी में रहने के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा ही उनके जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। वर्तमान में संस्था द्वारा मथुरा में चार निःशुल्क स्ट्रीट स्कूल केंद्र कृ लाजपत नगर, पन्ना पोखर, गोपाल नगर एवं मां वैष्णो देवी धाम कॉलोनी कृ संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 350 से अधिक बच्चे शिक्षा, संस्कार और समाज की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं। नए केंद्र की कॉर्डिनेटर श्रीमती गौरा वर्मा को नियुक्त किया गया है, जबकि उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन कुमारी तनु चौहान ने किया। स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में सभी ने एक स्वर में कहा कि ऐसे प्रयास ही समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। सतीश चंद्र शर्मा ने भावुक होते हुए कहा हर किताब एक दीपक है और हर पढ़ने वाला बच्चा समाज की अंधेरी गलियों को रोशन करने वाला सितारा। हमारा संकल्प है कि मथुरा की गलियों में कोई भी बच्चा निरक्षर न रह जाए।

## गेट डे के साथ जेसी वीक का रंगारंग समापन

**●-ऑपरेशन सिंदूर और उसका भारत पर प्रभाव विषय पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** जेसीआई मथुरा सिटी द्वारा आयोजित जेसीआई वीक 2025 के अंतिम दिन स्थानीय होटल में ग्रेट डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में जोन स्तर से चल रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सिंदूर के तहत ऑपरेशन सिंदूर और उसका भारत पर प्रभाव विषय पर महिला सदस्यों और बालिकाओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हैया लाल अग्रवाल जिला अध्यक्ष विश्व हिन्दू संगठन और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. रितेन गोयल, नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ रहे। साथ ही कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राजेश गोयल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात अध्याय की महिला सदस्यों द्वारा गणेश वंदना पर एक मनमोहक पारंपरिक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

इस शानदार कार्यक्रम का संचालन जेसी नवनीन अग्रवाल ने बहुत ही आकर्षक अंदाज़ में किया। अध्याय अध्यक्ष जेसी गुलशन खंडेलवाल ने जेसीआई वीक के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी सदस्यों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त पूरे सप्ताह भर सक्रियता से जुड़े सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जेसीआई वीक 2025 की एक संक्षिप्त समीक्षा भी अध्याय अध्यक्ष द्वारा सभा के समक्ष प्रस्तुत की गई। साथ ही सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान पटका पहनाकर किया गया। एक विशेष सम्मान कमल पत्र से जेसी नवीन अग्रवाल को सम्मानित किया गया, जो कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा। अंत में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। अध्यक्ष द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर संस्था की स्मृतियों को संजोए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम में आए मीडिया प्रतिनिधियों को भी पटका पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अध्याय सचिव जेसी अखिलेश गौतम द्वारा किया गया। इस अवसर पर हिमांशु गोयल, विकास अग्रवाल, राधारमण अग्रवाल, हेमंत अग्रवाल, सुशील अग्रवाल सहित कई गणमान्य सदस्य एवं अतिथि उपस्थित रहे।

## उर्स मेला देखने के दौरान दो पक्षो में जमकर चले ईंट पत्थर

**●-राया में रात के समय हुए झगडे में आधा दर्जन घायल**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** राया कस्बे के मोहल्ला व्यापारी में सोमवार की रात्रि उर्स मेला देखने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों तरफ से पथराव होने से अफरा तफरी मच गयी। इस स्थानीय लोगों ने बताया घटना के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हुए है। जिन्हे सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए हॉस्पिटल भेज मामले को शांत किया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि झगड़ा बच्चों बच्चों में शुरू हुआ था। जिससे मामला तूल पकड़ गया। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

प्रार्थना पत्र मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला रानी ने आरोप लगाया कि इमाम मेंबर अपने साथ लड़कों को लेकर आया और सोहेल, बिहारी, मोना व इमरान के साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी बताया कि दबंगों ने उनके मकान और आसपास के लोगों पर ईंटें फेंकी, जिससे कई लोग घायल हुए। झगड़े की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि झगड़ा बच्चों बच्चों में शुरू हुआ था, जिससे मामला तूल पकड़ गया। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रार्थना पत्र मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।, इस घटना के चलते उर्स मेले में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अब मामले की जाँच में जुटी है।

## ऊंचा गांव में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**मथुरा।** ब्रजवासियों और ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित संस्था श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम के सौजन्य से ललिता सखी के गांव ऊंचागांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाएं प्रदान की गई। बरसाना के समीप ऊंचागांव के दाऊजी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम संस्था के द्वारा किया गया। शिविर में बारह वर्ष की उम्र तक के 170 बालक बालिकाओं की निशुल्क जांच की गई। जांच के बाद बच्चों को जरूरत के अनुसार दवाएं और फूड सप्लीमेंट्स दिए गए। संस्था के संचालक ब्रजसेवी हरीश चंद्र कोहली ने बताया कि उनकी संस्था बरसाना और अष्टसखियों के गांवों में इस तरह के शिविरों का आयोजन करते हैं। यह सातवां शिविर था। संस्था निःशुल्क रसोई संचालित करती है जिससे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर ब्रजाचार्य पीठाधीश उपेन्द्र नारायण भट्ट, प्रवक्ता घनश्यामराज भट्ट, दिलीप भट्ट, ललित भट्ट, तुरण्य शर्मा, बनवारी लाल गर्ग, दीपक गर्ग, विशाखा, सन्दीप, अंकुर कोहली, नेहा माता , सुधीर बवेजा, दीपा चड्ढा, ज्योति अग्रवाल, विवेक, राज, रोहित, मितुल, राजेश, रूपा, कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

## परम पूज्य सतगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज जी का पावन जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रदीप यादव**



**दिल्ली** पटेल नगर परम पूज्य सतगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज जी का पावन जन्मोत्सव मध्य दिल्ली की सभी शाखाओं के संयुक्त सहयोग से एक सद्भावना सत्संग समारोह के रूप में अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।इस आयोजन का उद्देश्य था सतगुरुदेव महाराज जी के पावन जन्मोत्सव को प्रेम, सहयोग और सद्भावना के वातावरण में मनाना। कार्यक्रम, प्रेमियों एवं कार्यकर्ताओं की एकजुटता और परिश्रम से समयानुसार और सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

**कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियाँ-** प्रभात फेरी श्री विजय वर्मा व सेवा दल के स्वयं सेवकों के नेतृत्व में सम्पन्न हुई आयोजन में नाश्ता एवं प्रसाद व्यवस्था श्री परमानन्द जी के सहयोग से सुचारु रूप से हुई। स्टेज संचालन श्री मोहन लाल व श्री दीन दयाल गोयल जी द्वारा किया गया।सद्भावना सत्संग महात्माओं ने प्रेरणादायी विचार साझा किए। सत्संग प्रेमियों ने महात्माओं का प्रेरणादायक विचार सुनकर हर्षित हुए! पूज्य बाई जी व महात्माओं का स्वागत शाखाओं के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया।माननीय अतिथियों का स्वागत जिला प्रधान श्री रामभज गुप्ता व केंद्रीय समिति के पर्यवेक्षक श्री दीन दयाल गोयल जी द्वारा किया गया।माननीय मेहमान श्री राज कुमार आनंद जी का संबोधन के पश्चात आरती हुई। आरती के बाद प्रसाद वितरण बहुत ही आदर के साथ किया गया।

इस पावन अवसर पर राजकुमार आनन्द पूर्व कैबिनेट मंत्री दिल्ली सरकार, जिला सचिव हितेंद्र कुमार, दिनेश पोरवाल, सर्वेश मिश्रा, शेष राम पांडेय, सुधीर पांडे, पीयूष मदनपाल राकेश पाण्डेय अंकित पांडेय विनीत पाठक, व शाखा पटेल नगर मध्य दिल्ली की अन्य सभी शाखाओं के कार्यकर्ता और सत्संग प्रेमियों ने तन-मन-धन से सहयोग किया। आयोजकों ने सभी सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इसी एकता व सेवा-भाव से कार्यक्रम सफल एवं यादगार बना।

## सिलापथार मॉडल हॉस्पिटल में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन







**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना के अंतर्गत सीसीबरगाँव विधानसभा क्षेत्र के सिलापथार मॉडल अस्पताल परिसर में खुले गए। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र को लखीमपुर लोकसभा चुनावी क्षेत्रों के सांसद प्रधान बरुवा ने उद्घाटन किया। उद्घाटन कर सांसद ने एक जनसभा को संबोधित करते कहा- प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र वह स्थान है जहाँ आम जनता कम दामों पर जेनेरिक दवाइयाँ खरीद सकती है। गरीब, मध्यम वर्ग और आम लोग जन औषधि केंद्रों से जीवनदायी दवाइयाँ खरीदकर लाभान्वित हो सकते हैं ओर लोगों से इस दवाई केंद्र से आकर दवाइयाँ खरीदने की आह्वान किया। उद्घाटन कार्यक्रम में संयुक्त स्वास्थ्य सेवा अधिकारी डॉ. जगत मोहन प्रसाद, सिलापथार मॉडल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. फ़रीद कमान, धेमाजी जिला परिषद अध्यक्ष भूपेन चुटिया, सिलापथार नगर पालिका की महापौर लावण्या पाईठ दले, प्रमुख समाजसेवी गंगा पेगु, गिरिन चुटिया, प्रमुख चिकित्सक डॉ. धर्मकांत देउरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित थे।

## सौंख रोड व्यवसाय समिति के पदाधिकारियों को किया सम्मान



**मथुरा।** सौंख रोड व्यवसाय समिति के द्वारा रोड व्यवसाय समिति के सभी पदाधिकारियों को समिति के अध्यक्ष संतोष चौधरी के प्रतिष्ठान पर स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। यह सम्मान उनके द्वारा व्यापारियों की नेम प्लेट वितरण करने पर किया गया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करते हुए दिनेश खंडेलवाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष घोषित किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष संतोष चौधरी,महामंत्री मुनेश कुमार गर्ग, महामंत्री अजीत गौतम, कोषाध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत लाल वशिष्ठ व दिनेश खंडेलवाल, उपाध्यक्ष एमपी सिंह, सहमंत्री कन्हैयालाल गर्ग,संगठन मंत्री ठाकुर देवेंद्र सिंह व सुरेश सेठ उसपार वाले, प्रचार मंत्री वसीम भाई फर्नीचर वाले, मीडिया प्रभारी देवेंद्र प्रदीप अन्य पदाधिरी थे।

## रसखान समाधि स्थल पर फिर बिखरेंगे सांझी के अदभुत रंग

**●- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बैनर तले 17 सितंबर से होगा सांझी महोत्सव का आयोजन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बैनरतले अब कृष्ण भक्त रसखान के समाधि स्थल पर सांझी के अदभुत रंग देखने को मिलेंगे। 17 से 21 सितंबर तक समाधि स्थल पर सांस्कृतिक एंव सांझी कला का अदभुत प्रदर्शन सांझी महोत्सव के रूप में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय के सहयोग से पांच दिवसीय सांझी महोत्सव का आयोजन रमणरेती महावन स्थित रसखान समाधि स्थल पर होने जा रहा है। इस परम्परागत आयोजन में जहां विभिन्न क्षेत्र से आ रहे कलाकार अपनी सांझी कला का प्रदर्शन करेंगे तो दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि 17 से 21 सितंबर तक पूर्वाहन 11 बजे से शाम पांच बजे तक सांझी कला देखने को मिलेगी। इसमें खुशबू उपाध्याय, श्रुति यादव द्वारा कैनवास पर बनाई सांझी का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। विश्वजीत, ब्रज गोपाल गुप्ता, रुमा, कनक सूखे व गीले रंग की सांझी बनाएंगे। कमलेश्वर ग्रुप द्वारा पोर्ट्रेट व रंगोली सांझी तथा सुनीता द्वारा गोबर सांझी बनाई जाएगी। खजानी वेल्फेयर सोसायटी रंगोली और दक्ष एजुकेशन इंस्ट्यूट द्वारा घरेलू उपयोग सामग्री से बनी सांझी का प्रदर्शन किया जाएगा। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि सांझी प्रदर्शन के पश्चात शाम पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें पहले दिन 17 सितंबर को डा केसी धाकड़ ग्रुप द्वारा भजन और सुश्री चेतना शर्मा का कथक, 18 सितंबर को ब्रज भाषा कवि सम्मेलन होगा। इसमें राधा गोविंद पाठक, डा सत्य प्रकाश, अटल चतुर्वेदी, केसी गोड, अशोक यज्ञ, अर्चना चतुर्वेदी काव्य पाठ करेंगे। 19 सितंबर को राधाचरण का गायन, ब्रज की सांझीकला पर गोष्ठी होगी। 20 सितंबर को सांझी नौटंकी मंचन गीता शोध संस्थान वृंदावन द्वारा होगा। 21 सितंबर को लोक गीत, जिकड़ी भजन का आयोजन श्यामवीर संगीत ग्रुप, नम्रता व मोहिनी द्वारा किया जाएगा।

## वृंदावन शोध संस्थान ने सांझी महोत्सव में संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

**●-हिताचार्य पीठ में पुष्प, रंग व जल साँझी प्रस्तुतिकरण पर हुई संगोष्ठी**

**-सांझी से होती है मनोवांछित फल की प्राप्तिरू चन्द्रप्रकाश शर्मा**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मथुरा।** वृंदावन शोध संस्थान एवं श्री राधावल्लभ सेवा ट्रस्ट द्वारा वंशी अवतार श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की जन्मस्थली हिताचार्य पीठ श्रीजी मंदिर बाद ग्राम में साँझी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रसोपासना में साँझी का स्वरूपश् विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजित की गई, जिसमें ब्रज की पारंपरिक कला साँझी के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया गया। समारोह में कई कार्यक्रम हुए, जिसमें पुष्प, रंग और जल साँझी का प्रदर्शन, समाज गायन और वृक्षारोपण आदि कार्यक्रम शामिल थे। संगोष्ठी में विधायक श्रीकांत शर्मा ने वृंदावन शोध संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ब्रज की इस पारंपरिक कला को बचाने के लिए नई पीढ़ी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि साँझी ब्रज की पहचान है और इसे जीवित रखना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा ने बताया कि सांझी कला, संगीत और साहित्य का अद्भुत संगम है। उन्होंने कहा कि इसकी उपासना से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है और श्रीराधावल्लभ सेवा ट्रस्ट का सहयोग संस्कृति के संरक्षण में सराहनीय है। आचार्य सुकृतलाल गोस्वामी ने साँझी को एक पर्यावरण अनुकूल उत्सव बताया, जिसमें वन वृंदावन में आसानी से मिलने वाली प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल होता है। उन्होंने कला के साथ साथ इसमें निहित भावनाओं के महत्व पर भी प्रकाश डाला। साँझी महोत्सव में बड़ा रासमण्डल के श्रीमहंत लाड़िलीशरण महाराज ने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज गायन से हुई, जिसके उपरांत गिरीश पाठक द्वारा अष्ट सखी तारा मंडल में राजभोग सेवा, मानिनी राधा और श्रीहित हरिवंश महाप्रभु की पुष्प, रंग और जल साँझी का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर सिंहपौर मंदिर के महंत सुन्दरदास महाराज, महामंडलेश्वर रामस्वरूप ब्रह्मचारी महाराज, हिताचार्य पीठ के महंत दम्पति शरण महाराज, विधायक श्रीकांत शर्मा, सुनील सिंह, ब्रजेश पुजारी, गोपाल पुजारी, दिव्या शर्मा, साक्षी वत्स, मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह तरकर सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।